SHERKOTTI PAINTS
It's Time To Experience Something New!!
CHOICE OF MILLIONS SHERKOTTI®
A QUALITY PRODUCT FROM THE CHARMINAR GROUP
www.sherkottipaints.com
For Trade Enquiries Contact:9989442820

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-31 अंक : 11 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) वैशाख कृ.10 2083 रविवार, 12 अप्रैल-2026

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद ✻ पृष्ठ : 16+32 मूल्य : 8 रुपये

सीजेआई बोले-इकॉनोमी में कानून की भूमिका अहम

नई दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि भारत को 10 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनोमी बनाने के लिए सिर्फ पूंजी और पॉलिसी काफी नहीं होंगी। इसके लिए मजबूत और भरोसेमंद कानूनी व्यवस्था भी उतनी ही जरूरी होगी। निवेशकों का भरोसा इसी पर टिका होता है। जस्टिस सूर्यकांत शनिवार को बार एसोसिएशन ऑफ इंडिया के 'रूल ऑफ लॉ कन्वेंशन 2026' में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक लक्ष्य नहीं, बल्कि देश के भविष्य से जुड़ा बड़ा सवाल है और इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। उन्होंने भरोसा जताया कि देश इस चुनौती को पूरा करेगा, लेकिन इसके लिए कानून की गुणवत्ता, स्थिरता और पारदर्शिता जरूरी होगी।

पुणे में बड़ा विमान हादसा टला

बाल-बाल बचे मंत्री छगन भुजबल पार्किंग में उतारना पड़ा हेलीकॉप्टर

पुणे, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के कद्दावर नेता और कैबिनेट मंत्री छगन भुजबल एक हादसे में बाल-बाल बचे हैं। इस घटना ने सुरक्षा एजेंसियों के हाथ-पांव फुला दिए। दरअससल, पुणे जिले के पुरंदर तहसील में भुजबल को लेकर जा रहे हेलीकॉप्टर की लैंडिंग में एक बड़ी चूक की खबर सामने आई है। पायलट ने हेलीकॉप्टर को निर्धारित हेलीपैड पर उतारने के बजाय पास ही स्थित गाड़ियों की पार्किंग में उतार दिया। इस घटना के बाद वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों और लोगों में हड़कंप मच गया। मंत्री छगन भुजबल नासिक से खानवडी पुरंदर जा रहे थे। वहां वे महात्मा ज्योतिराव फुले की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने वाले थे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे समेत कई दिग्गज नेताओं का पहुंचना तय था। वीवीआईपी आगमन को देखते हुए प्रशासन ने वहां एक विशेष हेलीपैड तैयार किया था।

'लेफ्ट की कार्बन कॉपी है टीएमसी'

> मुर्शिदाबाद में बरसे पीएम मोदी, कहा-घुसपैठियों की सरकार का अंत तय

जो भ्रष्टाचारी हैं, जिन्होंने जनता को लूटा है, भाजपा सरकार आने के बाद उनकी जगह जेल में होगी। टीएमसी मूल निवासियों को अल्पसंख्यक बनाने पर तुली है, हम पश्चिम बंगाल में बंगालियों को अल्पसंख्यक नहीं बनने देंगे।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

कोलकाता, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के जंगीपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर हमला बोला है। पीएम मोदी ने साफ लफ्जों में कहा कि बंगाल की जनता अब 'भय' से ऊब चुकी है और 'भरोसे' की ओर बढ़ रही है। घुसपैठियों की सरकार का अंत तय है। उन्होंने दावा किया कि बंगाल में भाजपा चुनाव जीत रही है।

'लेफ्ट की कार्बन कॉपी है टीएमसी'

पीएम मोदी ने कहा कि जो गुंडे और सिंडिकेट पहले वामपंथी दल सीपीआईएम के लिए काम करते थे, वे अब टीएमसी का हिस्सा बन चुके हैं। पीएम ने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार, 'कट मनी' और कमीशनखोरी का जो खेल लेफ्ट ने शुरू किया था, टीएमसी ने उसे और खतरनाक बना दिया है। हथियारों की तस्करी, ड्रग्स और मवेशी तस्करी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है।

बंगाल में बंगालियों को अल्पसंख्यक नहीं बनने देंगे-पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बंगाल में टीएमसी मां, माटी, मानुष का नारा लगाकर सत्ता में आई थी। लेकिन अब बंगाल में घुसपैठियों द्वारा, घुसपैठियों के वोट से, घुसपैठियों की सरकार बनाना चाहती है। बंगाल अब तुष्टीकरण और वोटबैंक के खेल को और बर्दाश्त नहीं करेगा। हम पश्चिम बंगाल में बंगालियों को अल्पसंख्यक नहीं बनने देंगे।

सिल्क किसानों की बदहाली पर पीएम ने क्या कहा?

मुर्शिदाबाद के प्रसिद्ध सिल्क उद्योग पर बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी की अनदेखी के कारण यहां के किसानों का भविष्य बर्बाद हो गया है। टीएमसी बंगाल के मूल निवासियों को अल्पसंख्यक बनाने पर तुली है, जिसे भाजपा कभी सफल नहीं होने देगी। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा जारी किया गया भाजपा का चुनावी घोषणापत्र, पश्चिम बंगाल में टीएमसी के 'महाजंगलराज' को खत्म करने का एक रोडमैप है।

शरणार्थियों को नागरिकता की गारंटी-पीएम मोदी

पीएम मोदी ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने और तुष्टीकरण की राजनीति को खत्म करने का वादा किया है। उन्होंने विशेष रूप से मतुआ और नामशूद्र समुदायों को संबोधित करते हुए कहा कि आप किसी टीएमसी नेता की दया पर यहां नहीं हैं, आपको भारत का संविधान सुरक्षा देता है। यह मोदी की गारंटी है कि भाजपा सरकार बनते ही सीएए के तहत नागरिकता देने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी।

तेल कंपनियों को झटका!

> मिडिल ईस्ट संकट के बीच सरकार ने डीजल पर बढ़ाई एक्सपोर्ट ड्यूटी

नई दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। सरकार ने पेट्रोल-डीजल और जेट फ्यूल को लेकर एक बड़ा फैसला लिया है. शनिवार को डीजल पर एक्सपोर्ट ड्यूटी को दोगुने से अधिक बढ़ाते हुए इसे 21.5 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 55.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया है. वहीं जेट फ्यूल (एटीएफ) पर एक्सपोर्ट चार्ज को 29.5 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 42 रुपये प्रति लीटर कर दिया है. पेट्रोल पर इस चार्ज को पहले की तरह ही शून्य रखा गया है।

इस बदलाव को लेकर माना जा रहा है कि सरकार घरेलू कीमतों पर महंगाई का भार नहीं देना चाहती है, जिस कारण एक्सपोर्ट ड्यूटी में इजाफा किया है. ताकि घरेलू स्तर पर पेट्रोल-डीजल और जेट फ्यूल की उपलब्धता बनी रहे. खासकर तब जब ग्लोबल स्तर पर एनर्जी कीमतों में अस्थिरता बनी हुई है. ब्रेंट कच्चे तेल का दाम लगातार 100 डॉलर प्रति बैरल के करीब बना हुआ है। सरकार का यह कदम व्यापक विंडफॉल टैक्स ढांचे का हिस्सा है, जिसके तहत सरकार समय-समय पर ईंधन निर्यात पर लगने वाले शुल्क बदलती है, ताकि रिफाइनर का प्रॉफिट और स्थानीय बाजार की जरूरतों के बीच संतुलन बना रहे। हालांकि, इससे तेल कंपनियों के कारोबार पर असर हो सकता है और उनका बिजनेस ज्यादा प्रभावित होगा, जो दूसरे देशों में रिफाइन डीजल और जेट फ्यूल की सप्लाई करते थे. वहीं पेट्रोल में किसी भी तरह का बदलाव नहीं होने से पेट्रोल का कारोबार प्रभावित नहीं होगा. सरकार ने पेट्रोल पर एक्सपोर्ट ड्यूटी में कोई बदलाव नहीं किया है, जिसका मतलब है कि रिफाइन कंपनियों के पास या घरेलू स्तर पर पेट्रोल का भरपूर स्टॉक मौजूद है, जो अपने देश के लिए पर्याप्त है. साथ ही बाकी देशों को निर्यात भी कर सकता है. डीजल और जेट फ्यूल पर एक्सपोर्ट ड्यूटी बढ़ाना सरकार के घरेलू एनर्जी सुरक्षित करने का रणनीतिक हिस्सा है. बता दें ईरान और अमेरिका के बीच सीजफायर लागू होने से ब्रेंड क्रूड के दाम 100 डॉलर प्रति बैरल के नीचे बने हुए हैं।

चुनाव आयोग ने तमिलनाडु के गृह सचिव का तबादला किया

चेन्नई, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। निर्वाचन आयोग ने तमिलनाडु के गृह सचिव धीरज कुमार का तबादला करने का आदेश दिया है। उनकी जगह 1993 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी के मनिवसन को नियुक्त किया गया है। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि धीरज कुमार को चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक किसी भी चुनाव संबंधी पद पर तैनात नहीं किया जाएगा। मनिवसन को तत्काल कार्यभार संभालने का निर्देश दिया गया है।

चुनाव आयोग को बदलाव क्यों करना पड़ा?

गृह सचिव बदलने का यह फैसला राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया गया है। बता दें कि आयोग धीरज कुमार को हटाने से पहले भी कई महत्वपूर्ण तबादले कर चुका है। तबादलों में राज्य के शीर्ष प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के नाम भी शामिल हैं। आयोग की तरफ से जारी बयान के मुताबिक विधानसभा चुनाव के लिए मतदान कराए जाने से पहले प्रशासनिक ढांचे में पारदर्शिता लाने का प्रयास किया जा रहा है।

मुख्य सचिव और पुलिस आयुक्त का तबादला

धीरज कुमार से पहले, निर्वाचन आयोग ने तमिलनाडु के मुख्य सचिव एन मुरुगानंदम का भी तबादला किया था। उनकी जगह वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एम साई कुमार को नियुक्त किया गया था। इसी तरह, ग्रेटर चेन्नई पुलिस आयुक्त ए अरुण का भी तबादला किया गया था।

वोट देना या चुनाव लड़ना मौलिक अधिकार नहीं

सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस बीवी नागरत्ना और आर महादेवन के बेंच की टिप्पणी

नई दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में यह बात फिर से दोहराई है कि वोट देने का अधिकार या चुनाव लड़ने का अधिकार कोई मौलिक अधिकार नहीं है। ये दोनों ही अधिकार वैधानिक अधिकार जरूर हैं, और इन दोनों अधिकारों में भी एक-दूसरे से अंतर है। लाइव लॉ की एक रिपोर्ट के मुताबिक राजस्थान में डिस्ट्रिक्ट मिल्क यूनियन से जुड़े एक विवाद के मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने इस तरह की टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्टने पहले के निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि जहां मतदान से चुनाव प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित होती है, चुनाव लड़ने का अधिकार उससे अलग है। चुनाव लड़ना ज्यादा कड़े नियमों के अधीन आता है, जिसमें योग्यता, अयोग्यता और संस्थागत जरूरतें शामिल होते हैं। यह मामला राजस्थान के जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के चुनावी नियमों से जुड़ा है। ये संघ तीन-स्तरीय व्यवस्था से संचालित होते हैं, जो राजस्थान सहकारी संघ कानून,2001 के तहत कार्य करते हैं। संघ के उम्मीदवारों की योग्यता तय करने के लिए बाय-लॉज बनाए गए हैं। इसमें निम्नतम दिन और दूध सप्लाई की गुणवत्ता, संघ के कामकाज की स्थिति और ऑडिट शामिल हैं।

भारत के लिए शांति जरूरी : शशि थरूर

ईरान-अमेरिका शांति वार्ता में पाकिस्तान की भूमिका अलग



इस युद्ध की वजह से हमारे देश पर भी काफी असर पड़ा है और हमारी घरेलू अर्थव्यवस्था पर इसका प्रभाव पड़ा है, तो हमारा हित शांति और समाधान में है।

शशि थरूर, कांग्रेस सांसद

नई दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। ईरान-अमेरिका के बीच पाकिस्तान की मध्यस्थता से भारत सरकार पर उठते सवालों के बीच कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि किसी तरह की कोई प्रतिस्पर्धा नहीं हैं, क्योंकि इसमें (मध्यस्थता) में भारत और पाकिस्तान के लिए परिस्थितियां अलग-अलग हैं।

कांग्रेस सांसद ने कहा, 'पाकिस्तान ईरान का पड़ोसी देश है। उसकी सीमा 900 किलोमीटर लंबी है और लगभग चार करोड़ शिया पाकिस्तानी हैं। इसलिए उसका इस मध्यस्थता में शामिल होना, एक अलग विषय है। अगर फिर से ईरान में हमले हुए तो शरणार्थी भी पाकिस्तान ही जाएंगे।' पाकिस्तान में अमेरिका-ईरान बातचीत पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि यह पाकिस्तान ही कर सकता है, क्योंकि वह अमेरिका के इशारे पर ऐसा कर रहा है।

पाकिस्तान ही निभा सकता है ऐसी भूमिका : शशि थरूर

थरूर ने कहा, 'पाकिस्तान के वॉशिंगटन के साथ जिस तरह के रिश्ते हैं, वे ऐसे हैं कि वॉशिंगटन ने उनसे ऐसा (मध्यस्थता) करने को कहा है। कुछ आरोप ऐसे भी हैं कि वॉशिंगटन ने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री को उनका मैसेज (एक्स पोस्ट) भी लिखकर दिया, क्योंकि उसकी हेडिंग थी 'ड्राफ्ट: एक्स पर पाकिस्तान के पीएम का मैसेज'। पोस्ट के लिए जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल हुआ, वह भी वॉशिंगटन वाली भाषा थी।' उन्होंने कहा, 'कुछ शब्द ऐसे थे, जिन्हें डोनाल्ड ट्रंप ने भी इस्तेमाल किया था। इसलिए इस मामले में पाकिस्तान ने अमेरिका के साथ जिस तरह की भूमिका निभाई है, वह सिर्फ पाकिस्तान ही कर सकता है।'

भारत चाहता है, युद्ध खत्म हो जाए : कांग्रेस सांसद

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने यह भी कहा कि ईरान-अमेरिका के बीच शांति की उम्मीद हर कोई कर रहा है। इस युद्ध की वजह से हमारे देश पर भी काफी असर पड़ा है और हमारी घरेलू अर्थव्यवस्था पर इसका प्रभाव पड़ा है, तो हमारा हित शांति और समाधान में है। हम यही चाहते हैं कि युद्ध खत्म हो जाए। थरूर ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते कतर और बहरीन जैसे देशों से हमारी प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम गैस का एक बहुत बड़ा हिस्सा पहले वहां से आता था।

ट्रांसजेंडर के लिए खुशखबरी

सुप्रीम कोर्ट ने ट्रांसवुमन को दिल्ली सरकार की टीचर भर्ती के लिए अप्लाई करने की अनुमति दी

नई दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने एक ट्रांसवुमन को दिल्ली सरकार के स्कूलों में टीचर के तौर पर भर्ती के लिए ट्रांसजेंडर कैटेगरी के तहत अप्लाई करने की इजाजत दे दी। साथ ही, अदालत ने उसकी उस अपील पर भी विचार करने पर सहमति जताई, जिसमें दिल्ली सरकार के तहत सरकारी नौकरियों में ट्रांसजेंडर लोगों के लिए अलग से खाली पद और एक पूरी भर्ती नीति बनाने की मांग की गई थी।

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली और केंद्र सरकार को जारी किया नोटिस

रिपोर्ट के मुताबिक यह आदेश 31 साल की जेन कौशिक की तरफ से दायर एक याचिका पर आया। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने दिल्ली सरकार, शिक्षा निदेशालय, समाज कल्याण विभाग, दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड और केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। अंतरिम राहत देते हुए शीर्ष अदालत ने कौशिक को डीएसएसएसबी के ऑनलाइन एप्लीकेशन रजिस्ट्रेशन सिस्टम (ओएआरएस) पोर्टल के जरिए ट्रांसजेंडर उम्मीदवार के तौर पर अपना आवेदन जमा करने की इजाजत दे दी। उनके वकील ने बताया था कि यह प्लेटफॉर्म अभी भी एप्लीकेंट्स को सिर्फ 'पुरुष' और 'महिला' के दो ही जेंडर ऑप्शन देता है। बेंच ने कहा, 'हम भी वही राहत देते हैं,' और दिल्ली हाई कोर्ट के एक सिंगल जज के पहले के एक आदेश का जिक्र किया, जिसमें कौशिक को ट्रांसजेंडर कैटेगरी के तहत अप्लाई करने की इजाजत दी गई थी। कोर्ट को बताया गया कि कौशिक ने ओएआरएस पोर्टल पर पहले ही रजिस्ट्रेशन करवा लिया था, लेकिन वह अपना एप्लीकेशन आगे नहीं बढ़ा पाईं, क्योंकि पोर्टल पर सिर्फ 'पुरुष' और 'महिला' कैटेगरी ही दी गई थीं। हाई कोर्ट में मामला पेंडिंग रहते हुए दी गई राहत को ध्यान में रखते हुए, बेंच ने भी वैसी ही सुरक्षा दी और यह सुनिश्चि किया कि जेंडर के आधार पर उनका एप्लीकेशन रिजेक्ट नहीं किया जाएगा।

मिडिल ईस्ट संकट के बीच 312 और भारतीय ईरान से निकले सुरक्षित

> विदेश मंत्री ने आर्मेनिया सरकार को कहा शुक्रिया

नई दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। ईरान और अमेरिका के बीच भले ही अभी दो हफ्ते का युद्धविराम है, बावजूद इसके मिडिल ईस्ट में संकट टला नहीं है। तनावपूर्ण हालात बने हुए हैं। ऐसे में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अहम अपडेट दिया है। उन्होंने शनिवार को बताया कि 312 और भारतीय मछुआरों को ईरान से सुरक्षित निकाला गया है। इन भारतीय मछुआरों को आर्मेनिया के रास्ते सकुशल भारत लाया गया। उन्होंने इसे मुमकिन बनाने के लिए आर्मेनिया सरकार को धन्यवाद भी दिया।

ईरान से लौटे भारतीय, जयशंकर ने दिया अपडेट

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट किया। इसमें उन्होंने लिखा, '312 और भारतीय मछुआरों को आर्मेनिया के रास्ते ईरान से सुरक्षित भारत लाया गया। इसे मुमकिन बनाने के लिए आर्मेनिया सरकार और मेरे दोस्त अरारत मिर्जोयान का शुक्रिया।' इससे पहले 5 अप्रैल को पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच ईरान में फंसे कुल 345 भारतीय मछुआरों को आर्मेनिया के रास्ते सुरक्षित चेन्नई लाया गया था।

विदेश मंत्रालय के मुताबिक, संघर्ष वाले इलाके में अपने नागरिकों की सुरक्षा पक्का करने की भारत की लगातार कोशिशों के तहत मछुआरों को वापस लाया गया। विदेश मंत्री जयशंकर ने उस समय भी एक सोशल मीडिया पोस्ट में आर्मेनिया की सरकार का शुक्रिया अदा किया था और लड़ाई के बीच ईरान से भारत में भारतीय नागरिकों के सुरक्षित ट्रांजिट को मुमकिन बनाने के लिए अपने काउंटरपार्ट अरारत मिर्जोयान को धन्यवाद दिया था। आर्मेनिया ईरान में भारतीय नागरिकों को निकालने में मदद कर रहा है। विदेश मंत्रालय ने कहा था कि ईरान से 1,200 से ज्यादा भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकाला गया है, जिनमें से 996 आर्मेनिया चले गए। इस बीच, खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव को सुलझाने के मकसद से बातचीत के लिए अमेरिका और ईरान के प्रतिनिधिमंडल इस्लामाबाद पहुंच गए। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, अमेरिका-ईरान की जरूरी बातचीत के लिए अमेरिकी डेलिगेशन का नेतृत्व कर रहे।

अमेरिका-ईरान वार्ता में पाक की मध्यस्थता पर कांग्रेस का सवाल

नई दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। पश्चिम एशिया में शांति बहाली की उम्मीदों के बीच कांग्रेस ने भारत सरकार की कूटनीतिक विफलताओं पर सवाल उठाए हैं। पार्टी ने विशेष रूप से इस बात पर चिंता व्यक्त की है कि कैसे पाकिस्तान, जिसे अप्रैल 2025 के पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा अलग-थलग करने के प्रयास किए गए थे, अब अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है। जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अप्रत्यक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि यह स्थिति 'स्वयं-घोषित विश्वगुरु की हग्लमसी' पर गंभीर सवाल खड़े करती है। उन्होंने कहा कि यह समझा जाना चाहिए कि पाकिस्तान ने पहलगाम जैसे कायराना आतंकी हमले में अपनी भूमिका के बावजूद और भारत द्वारा उसे अलग-थलग करने के लिए की गईं।

जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने देखा 'स्वार्म ड्रोन' और आईएसआर तकनीक का दम

> कहा-दुश्मन की हर हरकत पर होगी पैनी नजर

नई दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय सेना के आधुनिकीकरण और स्वदेशी तकनीकों के उपयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए थल सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी ने न्यूस्पेस रिसर्च एंड टेक्नोलॉजीज का दौरा किया।

इस दौरान उन्हें संगठन द्वारा विकसित की जा रही मानवरहित और ऊँची-ऊँचाई पर काम करने वाली अत्याधुनिक प्रणालियों की जानकारी दी गई। दौरे के दौरान अधिकारियों ने जनरल उपेंद्र द्विवेदी को स्वदेशी रूप से विकसित ड्रोन और अन्य तकनीकी समाधानों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। विशेष रूप से स्वार्म ड्रोन टेक्नोलॉजी और आईएसआर (इंटेलिजेंस, सर्विलांस और रिकॉनिसेंस) क्षमताओं में हुई प्रगति पर चर्चा की गई। इन तकनीकों की मदद से सेना को दुर्गम और चुनौतीपूर्ण इलाकों में भी लगातार निगरानी रखने और मजबूत संचार बनाए रखने में सहायता मिलती है। न्यूस्पेस रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी द्वारा विकसित स्वार्म ड्रोन तकनीक एक साथ कई ड्रोन के समन्वित संचालन की क्षमता प्रदान करती है, जिससे दुश्मन की गतिविधियों पर तेजी से नजर रखी जा सकती है। वहीं इंटेलिजेंस, सर्विलांस और रिकॉनिसेंस क्षमताएं सेना को वास्तविक समय में महत्वपूर्ण सूचनाएं उपलब्ध कराती हैं, जो रणनीतिक निर्णय लेने में बेहद उपयोगी साबित होती हैं। इस अवसर पर जनरल द्विवेदी ने स्वदेशी नवाचारों की सराहना करते हुए कहा कि आधुनिक युद्ध के बदलते स्वरूप को देखते हुए भारतीय सेना को अत्याधुनिक और आत्मनिर्भर तकनीकों को अपनाना आवश्यक है।

ईरान एक असफल राष्ट्र : ट्रंप

जल्द करूंगा तेहरान पर बड़ा ऐलान

वॉशिंगटन, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में ईरान और अमेरिकी सीजफायर पर समझौते पर बातचीत से ठीक पहले डोनाल्ड ट्रंप का बयान आया है।

डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर कहा है कि ईरान एक पूरी तरह से नाकाम देश है और उसके पास दबाव बनाने के लिए होर्मुज स्ट्रेट को बंद करने के अलावा और कुछ नहीं है।

शनिवार को एक टीवी चैनल से बातचीत में ट्रंप ने यह कहा है। उनका बयान ऐसे समय आया है, जब ईरान और अमेरिकी डेलीगेशन इस्लामाबाद में बैठक की तैयारी कर रहा है।

डोनाल्ड ट्रंप से पूछा गया है कि क्या आपको लगता है कि ईरान का रुख सुलह-समझौते की ओर है।

'ईसी की मदद से उम्मीदवारी रद्द कराने की साजिश'

> सीएम ममता का भाजपा पर हमला > 90 लाख वोटर नाम कटने का आरोप

कोलकाता, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि भाजपा ने चुनाव आयोग की मदद से उनकी उम्मीदवारी को रद्द कराने का प्रयास किया। उन्होंने यह भी दावा किया कि विशेष गहन संशोधन के दौरान भाजपा ने जबरन 90 लाख मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए।

भवानीपुर सीट से उम्मीदवारी रद्द कराने की कोशिश

पश्चिम मेदिनीपुर जिले के केशियरी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा 'भाजपा ने चुनाव आयोग की मदद से मेरे खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज कराने की कोशिश की ताकि भवानीपुर सीट से मेरी उम्मीदवारी रद्द हो सके, लेकिन तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं और जनता ने उनकी इस साजिश को नाकाम कर दिया।' हालांकि, उन्होंने इस संबंध में और अधिक जानकारी नहीं दी। मुख्यमंत्री ने भाजपा पर 'धोखाधड़ी के माध्यम से जबरन वोट कब्जाने की साजिश रचने' का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव लड़ने और जीतने का साहस नहीं है। उन्होंने कहा कि इसीलिए वे मतदाताओं के नाम हटा रहे हैं। वे अपने पक्ष में परिणाम बदलने के लिए ईवीएम से छेड़छाड़ करने की भी योजना बना रहे हैं। ममता बनर्जी ने विश्वास जताया कि विधानसभा चुनावों में भाजपा की हार और दिल्ली से उनकी सत्ता जाने के बाद न्याय होगा। उन्होंने कहा कि एसआईआर अभ्यास के कारण 250 से अधिक लोगों की मौत हुई है। काटे गए 90 लाख मतदाताओं में से 60 लाख हिंदू और 30 लाख मुस्लिम हैं। उन्होंने सवाल उठाया, 'जब हम बंगाली बोलते हैं, तो क्या हम भारतीय नहीं हैं? क्या हमें लगातार अपनी नागरिकता साबित करने की आवश्यकता है?' भाजपा द्वारा सत्ता में आने पर पश्चिम बंगाल में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) लागू करने के वादे पर प्रतिक्रिया देते हुए।

पीएम का जनता से सीधा संवाद

हेलीपैड पर उमड़ी भारी भीड़, पीएम बोले–यह अद्भुत दृश्य

बंगाल विधानसभा चुनाव 2026
रैली से पहले पीएम मोदी का वीडियो संदेश

कोलकाता, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में चुनावी माहौल के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर वहां के लोगों के उत्साह की झलक दिखाई। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी के बावजूद बंगाल में लोगों का जोश चरम पर है। प्रधानमंत्री ने अपने इंस्टा पोस्ट में लिखा, दोपहर होने वाली है, तेज धूप है, लेकिन पश्चिम बंगाल का उत्साह सबसे ऊपर है। उन्होंने कमल के प्रतीक का जिक्र करते हुए पूरे राज्य में समर्थन का संकेत भी दिया। प्रधानमंत्री ने वीडियो संदेश में कहा, मेरे प्यारे देशवासियों, आप मेरे पीछे देख सकते हैं कि बंगाल का मिजाज क्या है। अभी करीब 11 से 11:30 बजे का समय है और यह आज के दिन की मेरी पहली सभा है।

उन्होंने आगे बताया कि सभा स्थल पर पहुंचने से पहले ही हेलीपैड पर बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए थे। यहां जवान, नौजवान, माताएं और बहनें बड़ी संख्या में मौजूद हैं। यह दृश्य बेहद अद्भुत है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें अब आगे सार्वजनिक सभा में जाना है, जहां लोग उनका इंतजार कर रहे हैं। प्रधानमंत्री का यह संदेश ऐसे समय में आया है, जब पश्चिम बंगाल में चुनावी गतिविधियां तेज हो गई हैं और सभी राजनीतिक दल मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए पूरी ताकत लगा रहे हैं। बता दें कि इस बार राज्य में मतदान दो चरणों में कराया जाएगा, जो पिछली बार के मुकाबले काफी कम है।

चुनाव आयोग द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार, पहले चरण का मतदान 23 अप्रैल को होगा, जिसमें 152 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। वहीं दूसरे चरण का मतदान 29 अप्रैल को होगा, जिसमें बाकी 142 सीटों पर मतदान कराया जाएगा। मतगणना 4 मई को होगी, जिसके बाद नई सरकार की तस्वीर साफ हो जाएगी। राज्य की कुल 294 विधानसभा सीटों पर इस बार चुनाव हो रहे हैं।

खास बात यह है कि इस बार चुनाव सिर्फ दो चरणों में संपन्न होंगे, जबकि 2021 के विधानसभा चुनाव 8 चरणों में कराए गए थे। इससे चुनाव प्रक्रिया को अधिक तेज और व्यवस्थित बनाने की कोशिश मानी जा रही है।

ज्योतिराव फुले की 200वीं जयंती पर

राष्ट्रपति समेत कई नेताओं ने किया नमन
पीएम बोले-उनके विचार आज भी मार्गदर्शक

नई दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। महान समाज सुधारक ज्योतिराव फुले की 200वीं जयंती के अवसर पर संसद भवन परिसर स्थित प्रेरणा स्थल पर देश के शीर्ष नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी प्रेरणा स्थल पहुंचकर महात्मा फुले को पुष्प अर्पित किए और उन्हें नमन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी महात्मा फुले को पुष्पांजलि अर्पित की और उनके समाज सुधार के योगदान को याद किया।

फुले आज भी प्रेरणा स्रोत

पीएम मोदी ने अपने संदेश में कहा कि महात्मा फुले केवल इतिहास का हिस्सा नहीं, बल्कि आज भी भारत के भविष्य के मार्गदर्शक हैं। उन्होंने कहा कि फुले ने अपना जीवन समानता, न्याय और शिक्षा के लिए समर्पित किया और महिलाओं व वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष की मजबूत नींव रखी। प्रधानमंत्री ने यह भी जोर दिया कि उनके विचार आज के भारत में 'सबका साथ, सबका विकास' जैसे संकल्पों में स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं।

मोदी और राहुल ने बातचीत की

संसद परिसर स्थित प्रेरणा स्थल पर महात्मा ज्योतिराव फुले की 200वीं जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बीच संक्षिप्त बातचीत भी हुई। दोनों नेताओं ने इस मौके पर आपसी शिष्टाचार के साथ अभिवादन किया। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल सहित कई नेता मौजूद रहे।

'तमिलनाडु बनाम दिल्ली की लड़ाई'

सीएम स्टालिन बोले–विपक्ष एकजुट होकर भी नहीं जीत पाएगा

तमिलनाडु में 23 अप्रैल को विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इसी बीच मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने विधानसभा चुनावों में सत्तारूढ़ गठबंधन की व्यापक जीत विश्वास जताया है। जिसका कारण उन्होंने चुनाव प्रचार कार्यक्रमों के दौरान मिली जबरदस्त जन प्रतिक्रिया को बताया। डीएमके के नेतृत्व वाले गठबंधन ने पहले 200 से अधिक सीटों पर जीत का अनुमान लगाया था। हालांकि, कोलाथुर निर्वाचन क्षेत्र से डीएमके उम्मीदवार स्टालिन ने कहा कि जनता के मौजूदा समर्थन और भारी भीड़ को देखते हुए अब सभी 234 सीटों पर जीत संभव लग रही है।

पार्टी को प्रतिद्वंद्वियों की चिंता नहीं

उन्होंने जोर देकर कहा कि कोई भी विपक्षी ताकत उन्हें हराने में सक्षम नहीं होगी। इसके साथ ही कहा कि गठबंधन अपने प्रतिद्वंद्वियों के बारे में चिंतित नहीं है। स्टालिन ने कहा, 'जनता का मौजूदा समर्थन और भारी जनभागीदारी सभी 234 निर्वाचन क्षेत्रों में संभावित जीत का संकेत दे रही है। हमारा धर्मनिरपेक्ष प्रगतिशील गठबंधन तमिलनाडु में विजयी होगा। चाहे कितनी भी पार्टियां हमारे खिलाफ एकजुट हो जाएं, कोई भी सफल नहीं हो सकता।'

तमिलनाडु बनाम दिल्ली की लड़ाई

अपने बार-बार दोहराए गए 'तमिलनाडु बनाम दिल्ली' वाले बयान पर पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए, स्टालिन ने आरोप लगाया कि ऑल इंडिया अन्ना द्रविड मुन्नेत्र कजगम 'दिल्ली के हाथों गिरवी रखा हुआ है' और उसका गुलाम बन गया है। इसलिए लड़ाई तमिलनाडु और दिल्ली के बीच है। यह चिंता और निराशा का विषय है कि एक द्रविड़ पार्टी इस स्थिति में पहुंच गई है,' विजय समेत फिल्म अभिनेताओं का पीछा करते हुए कथित तौर पर लापरवाही भरे व्यवहार में लिप्त युवाओं से जुड़ी घटनाओं पर स्टालिन ने कहा कि राज्य भर में लोग ऐसी दुर्घटनाएं देख रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, 'लोग इसे देख रहे हैं और वे इसका मुंहतोड़ जवाब देंगे।'

तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए मतदान एक ही चरण में 23 अप्रैल को होगा और मतगणना 4 मई को निर्धारित है। मुख्य मुकाबला डीएमके के नेतृत्व वाले धर्मनिरपेक्ष प्रगतिशील गठबंधन (एसपीए) और एआईएडीएमके के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के बीच होने की संभावना है। एसपीए में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, डीएमडीके और वीसीके शामिल हैं, जबकि एनडीए में भाजपा और पीएमके सहयोगी हैं। अभिनेता से राजनेता बने विजय भी टीवीके के साथ चुनावी मैदान में उतरने जा रहे हैं, जिससे मुकाबला त्रिकोणीय हो सकता है।

उज्ज्वल निकम-विपक्ष की वोट बैंक वाली सोच गलत

मुंबई, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। देश के जाने-माने वकील और भाजपा के राज्यसभा सदस्य उज्ज्वल निकम ने महिला आरक्षण विधेयक पर अपनी राय रखी। उन्होंने दावा किया इस विधेयक से बड़ा बदलाव आएगा। इसके साथ ही विपक्ष पर राजनीति करने का आरोप लगाया।

सांसद उज्ज्वल निकम ने आईएएनएस में बातचीत में कहा, भारत विश्व में सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश है। इसकी जनसंख्या लगभग 1.45 अरब है। हमारी जनसंख्या चीन से भी अधिक है। क्या हमारे देश में पुरुषों और महिलाओं को समान अधिकार प्राप्त हैं? दुर्भाग्य से नहीं। इसीलिए हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि जहां महिलाओं की पूजा की जाती है, जहां उनका सम्मान किया जाता है, वहीं ईश्वर का वास होता है। उन्होंने कहा, यही हमारी संस्कृति कहती है। इसीलिए जब देश की जनसंख्या का 50 फीसदी हिस्सा महिलाएं हैं, तो उनको वह अधिकार क्यों नहीं मिलना चाहिए, जो डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने उन्हें दिए हैं?

हिंगोली में 4.7 तीव्रता का भूकंप घरों में दरारें, कोई हताहत नहीं

नांदेड, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र के हिंगोली जिले में आज सुबह 4.7 तीव्रता का भूकंप आया। इसके झटके पड़ोसी नांदेड़ और परभणी जिलों में भी महसूस किए गए। हिंगोली के पांगरा शिंदे गांव में कुछ घरों और सामुदायिक भवनों में दरारें आ गई हैं, हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ है।

राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, भूकंप सुबह आठ बजकर पैंतालीस मिनट पर दर्ज किया गया। इसका केंद्र हिंगोली जिले की वसमत तालुका के शिरली गांव में जमीन से दस किलोमीटर नीचे था। हिंगोली के जिलाधिकारी राहुल गुप्ता ने बताया कि पांगरा शिंदे गांव में घरों और सामुदायिक भवनों में दरारें पड़ने की तस्वीरें मिली हैं।

उन्होंने कहा, हमारी टीमें स्थिति का आकलन करने जा रही हैं। भूकंप के झटके नांदेड़ शहर, ग्रामीण इलाकों, अर्धापुर, हदगांव, हिमायतनगर तालुकों और परभणी जिले के कुछ हिस्सों में भी महसूस किए गए। एक कॉलेज शिक्षक ने बताया, मुझे अचानक एक कंपन महसूस हुआ, फिर एहसास हुआ कि यह एक हल्का भूकंप था। अधिकारियों ने बताया कि मामूली संरचनात्मक क्षति की रिपोर्ट मिली है। स्थानीय अधिकारियों ने नागरिकों से शांत रहने और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने का आग्रह किया है। नांदेड़ और परभणी में आपातकालीन प्रतिक्रिया टीमों को तैयार रखा गया है।

सुरक्षा उपाय और प्रशासन की सलाह

प्रशासन ने टिन-शीट की छत वाले घरों से भारी पत्थर हटाने की सलाह दी है। इसके बजाय, सुरक्षा उपाय के तौर पर चादरों को बोल्ट से सुरक्षित करें। नांदेड़ जिला प्रशासन ने निवासियों को किसी भी आगे के झटके या असामान्य आवाज के मामले में तुरंत खुले स्थानों पर जाने की सलाह दी है। उन्हें आपातकालीन हेल्पलाइन पर कॉल करके प्रशासन को सूचित करने के लिए भी कहा गया है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने भूकंप की तीव्रता 4.7 मापी है।

गाली देने पर 500 रुपये जुर्माना या करनी होगी एक घंटे सफाई

बुरहानपुर, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के बुरहानपुर जिले के बोरसर गांव ने एक अनोखी और सराहनीय पहल शुरू की है। यहां ग्राम पंचायत ने मिलकर एक ऐसा नियम बनाया है जिससे गांव का माहौल बेहतर बन सके। अब अगर कोई व्यक्ति गाली देता हुआ पकड़ा जाता है तो उसे 500 रुपये का जुर्माना देना होगा या फिर एक घंटे तक गांव की सफाई करनी होगी।

इस फैसले को पंचायत ने सर्वसम्मति से पास किया है और इसकी जानकारी पूरे गांव में पोस्टर लगाकर दी गई है। इस पहल का मकसद सिर्फ गाली रोकना नहीं बल्कि लोगों के व्यवहार में सुधार लाना और झगड़ों को कम करना भी है। पूरे मध्य प्रदेश में इस पहल की सराहना हो रही है। गांव के सामाजिक कार्यकर्ता अश्विन पाटिल के अनुसार इस अभियान का नाम गाली मुक्त गांव रखा गया है और यह मध्य प्रदेश का पहला ऐसा गांव बन गया है जहां इस तरह का नियम लागू हुआ है। उन्होंने बताया कि इस विचार की शुरुआत तब हुई जब देखा गया कि 12 से 13 साल के बच्चे भी बिना सोचे समझे गाली देने लगे थे और उन्हें इसकी गंभीरता का अंदाजा नहीं था। गांव के उपसरपंच विनोद शिंदे ने बताया कि पहले गांव में लोग खासकर बच्चों के बीच मां बहन से जुड़ी गालियां आम हो गई थीं। इसे रोकने के लिए यह सख्त लेकिन जरूरी कदम उठाया गया। अब जो भी गाली देता है उसे सजा मिलती है और इसका असर भी साफ दिखने लगा है।

महिला आरक्षण को शशि थरूर ने सही बताया

कांग्रेस पूरी तरह प्रतिबद्ध, लेकिन सरकार का तरीका अपारदर्शी

नई दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने शनिवार को महिला आरक्षण के प्रति पार्टी की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि कांग्रेस राजनीतिक प्रतिनिधित्व में महिलाओं के अवसरों को बढ़ाने के प्रयासों के साथ मजबूती से खड़ी है। सांसद शशि थरूर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, मैं दोहराना चाहता हूं कि हम महिला आरक्षण के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

दरअसल आते-जाते समय, महिला कांग्रेस की कुछ सहकर्मियों के प्रतिनिधिमंडल ने मुझसे संपर्क किया और आशा व्यक्त की कि उनके अवसरों में जल्द ही सुधार होगा। मैंने उन्हें आश्वासन दिया कि हम हर कदम पर उनके साथ खड़े हैं। इससे पहले, कांग्रेस की कार्यकारी समिति (सीडब्ल्यूसी) ने शुक्रवार शाम को नई दिल्ली के इंदिरा भवन में महिला आरक्षण विधेयक में प्रस्तावित संशोधनों पर अपना रुख तय करने के लिए बैठक की। यह बैठक लंबे समय से लंबित आरक्षण कानून के कार्यान्वयन और संरचना को लेकर नए सिरे से शुरू हुई राजनीतिक बहस के बीच हुई है।

बैठक के बाद थरूर ने पार्टी का रुख स्पष्ट करते हुए एक और विस्तृत पोस्ट साझा किया। उन्होंने कहा कि सीडब्ल्यूसी ने महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण के प्रति कांग्रेस के लंबे समय से चले आ रहे समर्थन की पुष्टि की और याद दिलाया कि पार्टी ने 2013 में राज्यसभा में इसी तरह का विधेयक पेश किया था और उसे पारित भी कराया था। हालांकि उन्होंने सरकार के मौजूदा दृष्टिकोण पर चिंता भी जताई। थरूर ने कहा, सीडब्ल्यूसी ने विपक्षी दलों से परामर्श किए बिना सरकार द्वारा एकतरफा और अपारदर्शी तरीके से संशोधन लागू करने की निंदा की है। उन्होंने आगे कहा कि पार्टी ने प्रस्तावित परिवर्तनों के समय और तरीके पर चिंता जताई है। उन्होंने चेतावनी दी कि परिसीमन प्रक्रिया के साथ विधेयक को जोड़ने से राज्यों में लोकतांत्रिक संतुलन पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है, विशेषकर दक्षिण और पूर्वोत्तर में।

पश्चिम बंगाल एसआईआर : 44 विधानसभाओं में 2021 में हार–जीत के अंतर से ज्यादा वोटरों के नाम हटे

नई दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में दो चरणों में विधानसभा चुनाव होने हैं, हाल ही में इसके लिए चुनाव आयोग ने मतदाता सूची की अंतिम सूची जारी की। सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हुई न्यायिक प्रक्रिया के दौरान आयोग के आंकड़ों से पता चलता है कि 293 विधानसभा सीटों में से 15 फीसदी में 2021 के चुनावों में उन सीटों पर जीत के अंतर से अधिक वोटरों के नाम हटा दिए गए हैं।

पश्चिम बंगाल में कुल 294 विधानसभा हैं, इनमें से एक दिन्हटा में भाजपा ने ईवीएम वोटिंग में टीएमसी से पीछे रहने के बाद बैलेट पोस्टिंग के माध्यम से जीत दर्ज की थी। इस कारण इस विश्लेषण में उस सीट को शामिल नहीं किया गया है क्योंकि एसआईआर में ईवीएम के जरिए वोट डालने वाले मतदाताओं को शामिल किया गया है।

44 विधानसभा में सबसे अधिक नाम हटे

44 विधानसभा में सबसे अधिक मतदाताओं के नाम हटाए गए, यहां पिछली बार (2021 विधानसभा चुनाव) की जीत के अंतर से ज्यादा नाम हटे। ये सीटें सत्ताधारी पार्टी टीएमसी और भाजपा के बीच करीब-करीब बराबर हैं; इनमें से 24 सीटों पर टीएमसी जीती थी, जबकि 20 सीटें भाजपा के खाते में गई थीं।

इन जिलों में अधिक सीटें

इनमें से अधिकतर सीटें पुरबा बर्धमान, पश्चिम बर्धमान और नदिया जिलों में हैं, यहां हर जिले में 5-5 सीटें हैं; इसके बाद उत्तर 24 परगना और पश्चिम मेदिनीपुर में 4-3 सीटें हैं; कूच बिहार, दक्षिण दिनाजपुर और मुर्शिदाबाद जिलों में 3-3 सीटें हैं; पुरबा मेदिनीपुर और हावड़ा में 2-2 सीटें हैं। इन विधानसभा सीटों में मुर्शिदाबाद जिले का समसेरगंज भी शामिल है, जहां 74,775 वोटरों के नाम हटा दिए गए हैं, जबकि पिछली बार टीएमसी ने यहां 26,111 वोटों से जीत हासिल की थी। इसके विपरीत, पुरुलिया के बलराम में जहां 2021 में भाजपा की जीत का अंतर 273 वोट था, यहां 1037 वोटरों के नाम हटा दिए गए हैं। ऐसे ही कुछ अन्य सीटों उत्तर परगना की मतुआ बहुल सीटें गाइघाटा और बागदाह शामिल हैं। गाइघाटा में पिछली बार भाजपा के सुब्रत ठाकुर ने 9603 वोटों से जीत हासिल की थी, लेकिन इस बार यहां 19638 वोटरों के नाम हटा दिए गए हैं। वहीं बागदाह में भी भाजपा ने 2021 में 9907 वोटों से जीत हासिल की थी, वहीं इस बार यहां 10,017 वोटरों के नाम हटाए गए हैं। टीएमसी सूत्रों ने कहा कि पार्टी ने 250 विधानसभा सीटों को जीतने के लिए अंदरूनी टारगेट तय किया है, जिसमें उन सीटों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है जहां जीत-हार का अंतर कम रहता है। पिछले नवंबर से ही चुनाव के लिए तेजी से काम किया जा रहा है।

नंदीग्राम में कितने नाम हटे?

पिछले चुनाव में पूर्वी मेदिनीपुर जिले में बराबर की टक्कर देखने को मिली- जिसमें नंदीग्राम में मुख्यमंत्री और टीएमसी अध्यक्ष ममता बनर्जी और उनके पूर्व करीबी सहयोगी सुवेंदु अधिकारी के बीच हुआ रोचक मुकाबला भी शामिल है; इस मुकाबले में सुवेंदु अधिकारी ने 1736 वोटों से जीत दर्ज की थी। जाँच-पड़ताल के बाद, यहां 3,461 वोटरों के नाम हटाए गए।

खबरें जरा हटके

घर से दिन-रात आती थी कुत्तों के भौंकने की आवाज, जैसे अंदर पहुंची रेस्क्यू टीम

नजारा देख उड़े होश!

दुनियाभर में बेजुबान जानवरों के प्रति क्रूरता और लापरवाही की खबरें तो आती रहती हैं, लेकिन कभी-कभी इंसान की एक छोटी सी गलती बेकाबू होकर ऐसी डरावनी तस्वीर पेश करती है कि यकीन करना मुश्किल हो जाता है. ऐसी ही एक घटना ब्रिटेन से सामने आई है, जहां एक घर के अंदर से दिन-रात कुत्तों के भौंकने की आवाज आती थी. एक दिन जब रेस्क्यू टीम उस घर में पहुंची तो अंदर का नजारा देख उनके होश उड़ गए. वहां पर छोटे से घर में उन्हें 250 से ज्यादा कुत्ते बंद मिले. बचाव कर्मियों ने पूडल-क्रॉस प्रजाति के इन कुत्तों को बेहद खराब स्थिति में पाया. यह पूरा झुंड एक ही परिवार का था, जिसने कुत्तों की ब्रीडिंग पर से नियंत्रण खो दिया था. इस तरह उनकी जनसंख्या बढ़ती चली गई और देखते ही देखते घर एक तबेले में तब्दील हो गया. इनमें से 87 कुत्तों को आरएसपीसीए ने अपने संरक्षण में ले लिया है, जबकि बाकी को डॉग्स ट्रस्ट को सौंप दिया गया है.

आरएसपीसीए की सुप्रीटेंडेंट जो हर्स्ट ने बताया कि यह फोटो कोई एआई से नहीं बनी है, बल्कि यह एक कड़वी हकीकत है जिसे हमारे अधिकारी आए दिन देख रहे हैं. जब अच्छे इरादों वाले मालिक भी कुत्तों की बढ़ती संख्या के आगे बेबस हो जाते हैं, तो स्थितियां इसी तरह नियंत्रण से बाहर हो जाती हैं. बता दें कि इन 250 कुत्तों के बीच स्टीवी और सैंडी नाम के दो कुत्तों की कहानी ने हर किसी का दिल जीत लिया है. स्टीवी एक क्रीम रंग की कॉकर स्पैनियल है जो जन्म से अंधी और बहरी है. वह पूरी तरह से अपनी दोस्त सैंडी पर निर्भर है, जो उसकी गाइड बन गई है. घर में इतनी भीड़ और शोर के बावजूद सैंडी ने कभी स्टीवी का साथ नहीं छोड़ा. फिलहाल ये दोनों हर्टफोर्डशायर के साउथ्रिज एनिमल सेंटर में एक नए और प्यार करने वाले परिवार का इंतजार कर रहे हैं. इन दोनों ने कभी पट्टे पर चलना नहीं सीखा है, इसलिए इन्हें एक सुरक्षित और निजी गार्डन वाले घर की जरूरत है.

नकल रोकने का देसी जुगाड़, टीचर ने सड़क को बना दिया एग्जाम हॉल, फैसले ने जीता सभी का दिल!

आज के समय में जहां पढ़ाई के दौरान नकल की खबरें हमेशा सामने आती रहती हैं, वहीं बिहार से एक ऐसा अनोखा वीडियो सामने आया है, जिसने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया. यह घटना ना सिर्फ अलग है, बल्कि एक शिक्षक की ईमानदारी और जिम्मेदारी को भी बखूबी दिखाती है. दरअसल, सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक बेहद अनोखे तरीके से ली जा रही परीक्षा देखने को मिल रही है. खास बात यह है कि यह परीक्षा किसी स्कूल या कोचिंग सेंटर के कमरे में नहीं, बल्कि सड़क किनारे आयोजित की गई है. वीडियो में एक ट्यूशन टीचर अपने छात्रों को सड़क के किनारे काफी दूरी पर बैठाकर परीक्षा दिलाते नजर आ रहे हैं. पहली नजर में यह तरीका थोड़ा अजीब जरूर लगता है, लेकिन इसके पीछे की सोच बेहद खास और सराहनीय है, ताकि कोई भी छात्र नकल न कर सके और सभी अपनी मेहनत के दम पर परीक्षा दें।

वीडियो के कैप्शन के मुताबिक, शिक्षक का मकसद साफ था परीक्षा के दौरान किसी भी तरह की नकल को पूरी तरह रोकना. अक्सर देखा जाता है कि बच्चे पास-पास बैठते हैं तो एक-दूसरे से जवाब पूछने या देखने की कोशिश करते हैं. लेकिन यहां हर छात्र को इतनी दूरी पर बैठाया गया था कि कोई भी एक-दूसरे से मदद नहीं ले सके. इस व्यवस्था से हर छात्र को खुद की मेहनत के दम पर परीक्षा देनी पड़ी. इस पूरी प्रक्रिया में अनुशासन का खास ध्यान रखा गया. छात्र शांति से अपनी-अपनी जगह पर बैठे रहे और बिना किसी शोर-शराबे के परीक्षा देते नजर आए.

घर तो बहुत देखे मगर ये वाला सबसे हटके है, नजारा देख चौंधिया जाएंगी आंखें

अक्सर ऐसा होता है कि लोगों को रास्ते में कुछ ऐसा नजर आ जाता है जो आम नहीं होता. जैसे ही कुछ अलग दिखता है, लोग तुरंत उसका वीडियो बना लेते हैं और सोशल मीडिया पर शेयर कर देते हैं. अगर वह वीडियो लोगों का ध्यान खींच ले, तो देखते ही देखते वायरल हो जाता है. आप भी रोज अपनी फीड पर ऐसे कई वायरल वीडियो देखते होंगे. जो कभी खुद सामने आते हैं तो कभी कोई आपको भेज देता है. फिलहाल, एक ऐसा ही वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है. जिसे भी लोग जमकर शेयर कर रहे हैं. तो आइए ऐसे में जानते हैं आखिर क्या है उस वीडियो में खास. दरअसल, आपने अब तक कई तरह के घर देखे होंगे, जिनमें खूबसूरत और अलग-अलग डिजाइन की सीढ़ियां भी होती हैं. लेकिन जो नजारा इस वायरल वीडियो में दिखा, वैसा शायद ही कभी देखा होगा. वीडियो में एक ऐसा घर नजर आता है जो जमीन से थोड़ी ऊंचाई पर बना हुआ है. हैरानी की बात यह है कि उस घर तक पहुंचने के लिए कोई सामान्य सीढ़ी नहीं, बल्कि एक साधारण रॉड वाली सीढ़ी लगाई गई है. ठीक वैसी जैसी पानी की टंकी पर चढ़ने के लिए होती है. इसी अजीब और अनोखे इंतजाम ने इस घर को अलग बना दिया है और यही वजह है कि यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है. जिस वीडियो की बात की जा रही है उसे इंस्टाग्राम पर अकाउंट से शेयर किया गया है. खबर लिखे जाने तक इस वीडियो को बड़ी संख्या में लोग लाइक कर चुके हैं. साथ ही साथ काफी शेयर भी कर रहे हैं. वीडियो देखने के बाद कई यूजर्स ने हंसने वाले रिएक्शन दिए हैं. तो वहीं, एक यूजर ने मजाकिया अंदाज में कमेंट करते हुए लिखा है अरे भाई, लिफ्ट ही लगवा लो.

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH
स्वतंत्र वार्ता
मेरा हैदराबाद

सु
वि
चा
र

जो व्यक्ति अपनी सोच
नहीं बदल सकता,
वह वास्तव में कुछ
नहीं बदल सकता!

जीसीसी का वैश्विक केंद्र बनता हैदराबाद मंत्री ने गिनाईं निवेश की खूबियां

सड़क विकास के लिए बड़े पैमाने पर निवेश : कोमटिरेड्डी

हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। आईटी एवं उद्योग मंत्री दुद्दिल्ला श्रीधर बाबू ने कहा कि दुनिया की प्रमुख वित्तीय कंपनियां अपने ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) स्थापित करने के लिए हैदराबाद को प्रमुख गंतव्य के रूप में चुन रही हैं। उन्होंने बताया कि कुशल प्रतिभा, अंतरराष्ट्रीय स्तर की बुनियादी सुविधाएं, सुगम यातायात व्यवस्था और किफायती किराया जैसे कारक कंपनियों को आकर्षित कर रहे हैं।

शनिवार को न्यूयॉर्क स्थित पिको टेक्नोलॉजी के प्रतिनिधियों ने बी.आर. अंबेडकर सचिवालय में मंत्री श्रीधर बाबू से मुलाकात की। इस बैठक में सड़कों एवं भवन मंत्री कोमटिरेड्डी वेंकटरेड्डी भी उपस्थित रहे। वित्तीय बाजार सेवाएं प्रदान करने वाली पिको टेक्नोलॉजी अपनी सहयोगी कंपनी पिको टेक्नोलॉजी इंडिया के माध्यम से हैदराबाद में जीसीसी स्थापित करने की योजना बना रही है। इस अवसर पर मंत्री श्रीधर बाबू ने प्रतिनिधियों को राज्य में उपलब्ध अवसरों और बुनियादी ढांचे की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आगामी 5 से 10 वर्षों और आगे 20 वर्षों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने की योजनाएं लागू की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु और मुंबई की तुलना में हैदराबाद में ऑफिस स्पेस की ऑक्यूपेंसी 73 प्रतिशत है, जबकि मुंबई में यह केवल 52 प्रतिशत है। ट्रैफिक और वायु प्रदूषण जैसी समस्याओं के कारण आईटी कंपनियां और जीसीसी तेजी से हैदराबाद की ओर रुख कर रही हैं।

सड़क एवं भवन मंत्री कोमटिरेड्डी वेंकटरेड्डी ने बताया कि मौजूदा नेहरू रिंग रोड से 30 किलोमीटर बाहर क्षेत्रीय रिंग रोड का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही रैडियल सड़कों का भी विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रिंग रोड के साथ रेल मार्ग भी विकसित किया जाएगा, जिससे परिवहन सुविधाएं विश्वस्तरीय होंगी। उन्होंने आगे बताया कि हयातनगर और एलबी नगर के बीच डबल डेकर सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इसमें निचली सड़क स्थानीय यातायात के लिए होगी, जबकि ऊपर के दो स्तर शहर के अंदर और बाहर आने-जाने वाले वाहनों के लिए निर्धारित होंगे। उन्होंने कहा कि नागपुर के बाद इस प्रकार की डबल डेकर सड़क बनाने वाला हैदराबाद दूसरा शहर होगा। मंत्री ने जानकारी दी कि आगामी दो महीनों में टेंडर प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। बैठक में पिको टेक्नोलॉजी के संस्थापक एवं सीईओ जारोड यूस्टर, पिको इंडिया के सीईओ हरी कोदंडरामन, निदेशक सीताराम सहित अन्य प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

वेंकटरेड्डी ने बताया कि मौजूदा नेहरू रिंग रोड से 30 किलोमीटर बाहर क्षेत्रीय रिंग रोड का निर्माण किया जा रहा है

वैसाखी पर खालसा पंथ का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा

हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। खालसा पंथ का 327वां स्थापना दिवस, जिसे वैसाखी के रूप में जाना जाता है, तेलंगाना के सिख समुदाय द्वारा 13 से 15 अप्रैल तक धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जाएगा। गुरुद्वारा साहिब अमीरपेट प्रबंधक समिति के अनुसार, 14 अप्रैल को श्री गुरु गोबिंद सिंह जी खेल मैदान, अमीरपेट में सुबह 11 बजे से शाम 4:30 बजे तक विशाल दीवान का आयोजन होगा, जिसमें देश-विदेश से आए ज्ञानी और रागी शबद कीर्तन करेंगे। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं के लिए पारंपरिक गुरु का लंगर भी आयोजित किया जाएगा। शाम करीब 5:30 बजे गुरुद्वारा साहिब अमीरपेट से नगर कीर्तन निकाला जाएगा, जो ग्रीनलैंड्स, बेगमपेट और पंजागुट्टा होते हुए वापस गुरुद्वारे पहुंचेगा। इसके अलावा 13 अप्रैल को अमृतपान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा और 15 अप्रैल की रात को विशेष धार्मिक सभा भी होगी।

जर्मनी में प्रवासी भारतीयों के कार्यक्रम में तेलंगाना की उपलब्धियों पर प्रकाश

हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। श्रम, रोजगार एवं खनन मंत्री डॉ. जी. विवेक वेंकटस्वामी ने जर्मनी के एर्लांगेन शहर में आयोजित एक विशेष स्वागत एवं परिचय कार्यक्रम में भाग लिया। यह कार्यक्रम जर्मनी में बसे तेलंगाना समुदाय तथा टीआईजीईआर ई.वी. एर्लांगेन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था।

इस कार्यक्रम में बवेरिया के गृह, खेल एवं एकीकरण राज्य मंत्री योआखिम हेरमान, एर्लांगेन के मेयर योर्ग फोलेथ, तेलंगाना प्रवासी समुदाय के सदस्य, विभिन्न क्षेत्रों के पेशेवर तथा उनके परिवार उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ने तेलंगाना की तीव्र आर्थिक प्रगति पर प्रकाश डाला और कहा कि राज्य, भारत की लगभग तीन प्रतिशत जनसंख्या होने के बावजूद देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग आठ प्रतिशत का योगदान देता है। उन्होंने कहा कि राज्य का लक्ष्य वर्ष 2047 तक तीन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना है। उन्होंने कौशल विकास पर सरकार के फोकस का उल्लेख करते हुए बताया कि राज्य में 65 उन्नत प्रौद्योगिकी केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं तथा 53 और केंद्र स्थापित किए जाने की प्रक्रिया में हैं। ये केंद्र भारत और जर्मनी दोनों में रोजगार के अवसरों के लिए कुशल कार्यबल तैयार करने के उद्देश्य से बनाए जा रहे हैं। मंत्री ने टीओएमकॉम पहल का भी उल्लेख किया, जिसके तहत 12 मिलियन यूरो की सहायता से अंतरराष्ट्रीय रोजगार के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने जर्मन भाषा प्रशिक्षण और सांस्कृतिक तैयारी के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि तेलंगाना, जर्मनी के विभिन्न राज्यों के साथ कौशल विकास, रोजगार और एकीकरण के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का इच्छुक है। कार्यक्रम के दौरान बवेरिया के मंत्री योआखिम हेरमान ने भारत की प्रतिभा की सराहना की तथा तेलंगाना और बवेरिया के बीच संबंध मजबूत करने के लिए किरण कुमार वंगापल्ली के प्रयासों की प्रशंसा की। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण यह रहा कि मंत्री विवेक वेंकटस्वामी और एर्लांगेन के मेयर योर्ग फोलेथ ने संयुक्त रूप से शहर की अतिथि पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए, जो तेलंगाना और जर्मनी के बीच बढ़ते संबंधों का प्रतीक है।

सरकारी दफ्तरों में छापे, कई अनियमितताएं उजागर

हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। सतर्कता एवं प्रवर्तन विभाग ने शहर के करीब 20 सरकारी कार्यालयों में अचानक निरीक्षण कर कई अनियमितताएं पकड़ी हैं। जांच में कई विभागों में कर्मचारियों की उपस्थिति में गड़बड़ी पाई गई और कुछ जगहों पर निजी लोग बिचौलियों की तरह सरकारी काम करते मिले।

अधिकारियों ने पाया कि कई जगह कर वसूली में भी देरी हो रही है। उप्पल के आरटीओ कार्यालय में 16,137 वाहनों पर करीब 180.65 करोड़ रुपये का कर बकाया है। वहीं पटनचेरुवु के टीजीएसपीडीसीएल कार्यालय में 19,620 डिफाल्टरों पर 2.65 करोड़ रुपये बकाया है। बिजली चोरी से जुड़े मामलों में भी 3.88 करोड़ रुपये की वसूली बाकी पाई गई। यह कार्रवाई सतर्कता विभाग की टीमों द्वारा सुनियोजित तरीके से की गई, जिसमें परिवहन, राजस्व, नगरपालिका, पंजीकरण, वन, ऊर्जा और उद्योग विभाग शामिल रहे।

विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे सरकारी धन या संसाधनों के दुरुपयोग की जानकारी टोल-फ्री नंबर 14432 पर दें।

साइबर अपराधियों से सतर्क रहने की पुलिस आयुक्त की चेतावनी

जल बोर्ड के बिल के नाम पर एक नया धोखाधड़ी अभियान शुरू

हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद में साइबर अपराधियों ने जल बोर्ड के बिल के नाम पर एक नया धोखाधड़ी अभियान शुरू किया है। ये ठग स्वयं को जल बोर्ड अधिकारी बताकर नागरिकों को फोन कर रहे हैं और धमकी दे रहे हैं कि उनका पानी का बिल बकाया है तथा तुरंत भुगतान न करने पर पानी की आपूर्ति काट दी जाएगी। इसके बाद वे ''एचएमडब्ल्यूएसएसबी वाटर बिल अपडेट.एपीके'' नामक एक हानिकारक लिंक भेजते हैं और लोगों को उसे अपने मोबाइल में डाउनलोड करने के लिए प्रेरित करते हैं। जैसे ही यह एपीके फाइल मोबाइल में स्थापित होती है, ठगों को फोन पर पूर्ण नियंत्रण मिल जाता है। वे कॉल्स को मोड़ सकते हैं और बैंकिंग लेनदेन के लिए आने वाले ओटीपी को भी देख लेते हैं, जिससे कुछ ही क्षणों में बैंक खातों से धन निकाला जा सकता है। इस पर ध्यान देते हुए हैदराबाद के पुलिस आयुक्त वी. सी. सज्जनार ने नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में अनजान व्यक्ति द्वारा भेजी गई एपीके फाइल को स्थापित न करें। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि जल बिल का भुगतान केवल आधिकारिक वेबसाइट या आधिकारिक मोबाइल ऐप के माध्यम से ही करें। किसी भी संदिग्ध कॉल की तुरंत सूचना पुलिस को दें। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो जाए तो तुरंत हेल्पलाइन संख्या 1930 पर संपर्क करे या साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराए।

CLASSIFIEDS

SHOP FOR RENT

Shop @ Begum Bazar for Rent in Ground floor 265 sft and still floor 310 sft. opp. Kashmir house. Ph.9396829958.

CHANGE OF NAME

I, Shital Sopanrav Bhosale, W/o, No. 17006836M, NK, Bhosale Sopan Rao Ramesh,R/o, Dist : Latur, Maharashtra, changed my name from Shital Sopanrav Bhosale to Shital Sopanrao Bhosale vide Affidavit No.BU 311256 dt. 09.04.2026, before Spl Judicial Magistrate at LB Nagar.

I, JC 774717H, Sub, Kanta Rao Ponduru, R/o, Dist: Srikakulam, Andhra Pradesh, changed my Mother's name from Psrini Vasara to Ponduru Saraveni vide Affidavit No. 466314 dt. 09.04.2026 before Medchal-Malkajgiri Court, Telangana.

I, JC 774717H, Sub. Kanta Rao Ponduru, R/o, Dist: Srikakulam, Andhra Pradesh, changed my Father's name from Sreenivaso Rao to Ponduru Srinivasarao vide Affidavit No. 466315 dt. 09.04.2026, before Medchal-Malkajgiri Court, Telangana.

I, No.14671491Y, NK, Nikam Sachin Shivdas, R/o, Dist: Jalgaon, Maharashtra, changed my Son's name from Soham to Soham Sachin Nikam vide Affidavit No. 466318 dt. 09.04.2026 before Medchal-Malkajgiri Court, Telangana.

I ,Durga, W/o, No. 14650874X, Hav, Narote Subhash Ramdas, R/o, Dist: Buldhana, Maharashtra, changed my name from Durga to Durga Subhash Narote vide Affidavit No 466319 dt. 09.04.2026 before Medchal-Malkajgiri Court, Telangana.

I, JC 777877N, Sub, Aousare Prabhakar Vasudeo, R/o, Dist: Dharashiv, Maharashtra, changed my name from Aousare Prabhakar Vasudeo to Aousare Prabhakar Vasudev, vide Affidavit No. 466335 dt. 10.04.2026 before Medchal-Malkajgiri Court, Telangana.

सावधान

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

कोडाड बाईपास पर बस-ट्रक टक्कर, 16 यात्री घायल

हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। नालगोंडा में शनिवार तड़के राष्ट्रीय राजमार्ग 65 पर कोडाड बाईपास के पास एक निजी ट्रैवल बस ने पीछे से ट्रक को टक्कर मार दी। हादसे में 16 यात्री घायल हो गए। घायलों को तुरंत कोडाड के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बस हैदराबाद से आंध्र प्रदेश के एलुरु जा रही थी और उसमें करीब 36 यात्री सवार थे। बताया जा रहा है कि बस चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिससे यह दुर्घटना हुई। कुछ खबरों में यह भी कहा जा रहा है कि चालक को नींद आ गई थी, हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हुई है।

अमीनपुर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से बढ़ा तनाव

संगारेड्डी, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद आपदा प्रतिक्रिया और संपत्ति संरक्षण एजेंसी (हाईड्रा) ने सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण हटाने के लिए अमीनपुर नगरपालिका क्षेत्र के इलापुर थंडा में भारी संख्या में बल तैनात किया है। बताया जा रहा है कि कई परिवार वर्षों से इन जमीनों पर रह रहे हैं, जिसके चलते अधिकारियों को स्थानीय लोगों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, एजेंसी को राज्य सरकार की ओर से सरकारी जमीन खाली कराने के स्पष्ट निर्देश मिले हैं। इस कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में शनिवार को तनाव की स्थिति बनी हुई है। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया है। गौरतलब है कि पिछले सप्ताह एमआरपीएस नेता मंडा कृष्णा मदिगा समेत अन्य लोगों ने ग्रामीणों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई का विरोध करने की अपील की थी।

पारिवारिक विवाद में महिला ने की आत्महत्या

दो मासूम बेटियां बेसहारा

सिद्दिपेट, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। पारिवारिक विवाद के चलते सिद्दिपेट कस्बे में एक महिला ने आत्महत्या कर ली। 35 वर्षीय अनंतोजुला श्रीलता ने शनिवार को पुराने गंजी बाजार स्थित अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। बताया गया कि श्रीलता चार साल से कम उम्र की दो बेटियों की मां थी। घटना के बाद पुलिस ने उनके पति गोपाल को हिरासत में ले लिया है। इस घटना के बाद दोनों मासूम बच्चियों की देखभाल करने वाला कोई नहीं बचा है, जिससे परिवार में शोक का माहौल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

फुटपाथ अतिक्रमण पर कार्रवाई, 50 से अधिक कब्जे हटाए

हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद नगर निगम (सीएमसी) ने फुटपाथ पर अतिक्रमण के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए मणिकोंडा और आसपास के इलाकों में 50 से अधिक अतिक्रमण हटाए। यह कार्रवाई पुलिस की मौजूदगी में की गई। जीएचएमसी और मलकाजगिरि नगर निगम पहले से ही ऐसे अभियान चला रहे थे और अब सीएमसी ने भी इसमें तेजी लाई है। तीनों नगर निकायों में अतिक्रमण हटाने का अभियान जारी है। इसी के साथ सीएमसी ने नरसिंगी सर्कल में करीब 10 किलोमीटर क्षेत्र में सफाई अभियान भी चलाया। इस दौरान करीब 15 मीट्रिक टन कचरा, 150 मीट्रिक टन निर्माण मलबा, 1.7 मीट्रिक टन हरित कचरा और 7 मीट्रिक टन गाद हटाई गई। अभियान में 40 अधिकारियों और 300 से अधिक सफाई कर्मचारियों को लगाया गया। कचरा हटाने के लिए कई वाहनों का भी इस्तेमाल किया गया।

झूला खेलते समय लोहे का बॉक्स गिरने से छात्र की मौत

कुमराम भीम आसिफाबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। पनापतर गांव के आदिवासी कल्याण विद्यालय में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे में चौथी कक्षा के छात्र दुर्वा अन्वेश (10) की मौत हो गई। बताया गया कि वह छात्रावास में झूले पर खेल रहा था, तभी किताबों और बेंच से भरा लोहे का बॉक्स उस पर गिर गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई।

घायल छात्र को तुरंत जैनूर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के समय वह दो बेंचों से बने झूले पर खेल रहा था। मृतक के पिता दुर्वा जांगू ने स्कूल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि अगर बच्चों पर सही निगरानी होती, तो यह हादसा टल सकता था।

फुले के आदर्शों पर आगे बढ़ रही मोदी सरकार : जी. किशन रेड्डी

हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। महात्मा ज्योतिबा फुले के सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा विस्तार के आदर्शों को मार्गदर्शक मानकर केंद्र सरकार दृढ़ता से आगे बढ़ रही है। यह बातें केंद्रीय कोयला एवं खनन मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कहीं। फुले की 200वीं जयंती के अवसर पर अंबरपेट स्थित अली कैफे चौराहे पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महिलाओं को विधानसभाओं और संसद में 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करना तथा देशभर में व्यापक जातीय गणना जैसे ऐतिहासिक निर्णय फुले की प्रेरणा से ही लागू किए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार वंचित एवं कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है। हरियाणा के पूर्व राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि महिला शिक्षा के प्रसार में फुले का योगदान अमूल्य है और उनके विचार आज भी समाज के लिए पथप्रदर्शक बने हुए हैं। इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सी. कृष्ण यादव, पूर्व बीसी आयोग अध्यक्ष डॉ. वकुलाभरणम् कृष्ण मोहन राव, भाजपा के प्रधान महासचिव डॉ. गौतम राव, भाजपा ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष जी. आनंद गौड़ सहित विभिन्न संगठनों के नेता एवं पूर्व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे और फुले की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

केटीआर का कांग्रेस सरकार पर हमला

रेवंत रेड्डी पर लगाए गंभीर आरोप

हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के.टी. रामाराव ने मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी और कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला।

उन्होंने कहा कि रेवंत रेड्डी को तेलंगाना के इतिहास में ऐसे नेता के रूप में याद किया जाएगा, जिन्होंने सभी वर्गों को निराश किया। नगरपालिका चुनावों का जिक्र करते हुए उन्होंने दावा किया कि कथित अनियमितताओं के बावजूद बीआरएस ने इब्राहिमपटनम और क्यातानपल्ली में जीत हासिल की। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अध्यक्ष पदों पर कब्जा करने के लिए गलत तरीके अपनाए, लेकिन अंत में बीआरएस को सफलता मिली। इब्राहिमपटनम में कार्यकर्ताओं की बैठक में बोलते हुए रामाराव ने कांग्रेस सरकार पर भूमि घोटाले का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले किसानों को उनकी जमीन वापस देने का वादा किया गया था, लेकिन अब सरकार नई परियोजनाओं के नाम पर उन्हें गुमराह कर रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार एक ओर फार्मा सिटी को जारी रखने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर उसी जमीन पर नई योजनाएं लाने की कोशिश कर रही है। साथ ही यह भी कहा कि सरकार 16 हजार एकड़ अतिरिक्त जमीन अधिग्रहण की योजना बना रही है, जिससे किसानों को नुकसान होगा। रामाराव ने शहरी समस्याओं को लेकर भी सरकार की आलोचना की और कहा कि बड़े-बड़े वादों के बावजूद बुनियादी समस्याएं अब भी बनी हुई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भूमि से जुड़े फैसले अव्यवस्थित और लोगों के हित के खिलाफ हैं। अंत में उन्होंने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि कठिन समय अब खत्म हो रहा है और आने वाले दिनों में बेहतर स्थिति बनेगी।

तुंगभद्रा एक्सप्रेस के टर्मिनल बदलाव पर यात्रियों की नाराजगी

हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। ट्रेन ट्रैवलर्स एसोसिएशन ने दक्षिण मध्य रेलवे से तुंगभद्रा एक्सप्रेस के टर्मिनल प्वाइंट में किए गए बदलाव को वापस लेने की मांग की है। उनका कहना है कि सिकंदराबाद से काचेगुडा स्थानांतरण के कारण यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है। एसोसिएशन के अनुसार, इस बदलाव से मलकाजगिरि और आसपास के इलाकों के लोगों की यात्रा मुश्किल हो गई है। खासकर कुरनूल और रायलसीमा जाने वाले यात्री, जिनमें सरकारी और निजी कर्मचारी शामिल हैं, इस ट्रेन पर निर्भर रहते हैं।

काचिगुडा तक सीधी उपनगरीय रेल या एमएमटीएस सुविधा नहीं होने के कारण यात्रियों को कई साधनों से यात्रा करनी पड़ रही है, जिससे समय और खर्च दोनों बढ़ गए हैं। महबूबनगर, गडवाल और वनपर्थी जाने वाले लोग भी इससे प्रभावित हैं। एसोसिएशन ने सुझाव दिया है कि ट्रेन को मेडचल तक बढ़ाया जाए या चार्लापल्ली से चलाया जाए, ताकि यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सके। साथ ही, भीड़ को देखते हुए अनारक्षित डिब्बों की संख्या बढ़ाने की भी मांग की गई है।

वृंदावन हादसाः मरने वालों की संख्या11 हुई, 4 अब भी लापता

मथुरा, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। मथुरा के वृंदावन में नाव हादसे में 11 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। अब तक 22 लोगों को रेस्क्यू किया गया है। अभी 4 लोग लापता हैं। शनिवार को दूसरे दिन भी रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है। आर्मी समेत 250 लोगों की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन में लगी हुई है। 14 किमी के दायरे में लापता लोगों की तलाश की जा रही है। एक शव देवरहा बाबा घाट के पास से बरामद किया गया। बेटे की लाश देखकर बुजुर्ग पिता रो पड़े। परिवार वालों ने उन्हें ढांढस बंधाया। बाकी लापता अब तक क्यों नहीं मिल पाए? इस सवाल पर रेस्क्यू में जुटे अफसर ने बताया कि यमुना का बहाव तेज है, इसलिए लोग बहकर दूर जा सकते हैं। नदी में गाद (कीचड़) और रेत में शव दबे हो सकते हैं। 24 घंटे बाद शव फूलकर ऊपर आ सकते हैं। हादसा शुक्रवार दोपहर 3 बजे केसी घाट पर हुआ, जहां 37 श्रद्धालुओं से भरी नाव पलट गई थी।

बरेली में सात लाख मतदाताओं के नाम कटे

> राजनीतिक समीकरण बिगड़ने का डर > सियासी गणित लगाने में जुटे नेता

बरेली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। बरेली जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में मतदाता सूची से बड़े पैमाने पर नाम कटने के बाद राजनीतिक दलों के संभावित प्रत्याशियों की धड़कन बढ़ गई है। बरेली के सभी नौ विधानसभा क्षेत्रों में हुआ यह बदलाव चुनाव में जातिगत संतुलन और वोटों के ध्रुवीकरण के गणित को प्रभावित कर सकता है।

बरेली शहर, कैंट, भोजीपुरा, नवाबगंज, फरीदपुर, बिथरी चैनपुर, आंवला, मीरगंज और बहेड़ी विधानसभा क्षेत्रों में हजारों मतदाताओं के नाम सूची से हटे हैं। इनमें शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के मतदाता शामिल हैं। इसको लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर जारी है। किस वर्ग और जातीय समूह के मतदाता ज्यादा प्रभावित हुए हैं, यह चिंता हर राजनीतिक दल को है। अगर किसी एक वर्ग के नाम अपेक्षाकृत ज्यादा घटे तो इससे कई सीटों पर परंपरागत वोट बैंक कमजोर पड़ सकते हैं। यही स्थिति नए ध्रुवीकरण की वजह भी बन सकती है। लिहाजा, प्रत्येक सीट पर अब नए सिरे से मंथन जरूरी है। इसके अलावा कई सीटों पर उम्मीदवारों के चयन, प्रचार की दिशा और मुद्दों की प्राथमिकता तक बदल सकती है। हालांकि, सबकी नजर इस बात पर भी टिकी है कि कितने मतदाता छूटे हैं और सूची में शामिल होने से वे कारगर साबित होंगे या नहीं। बहरहाल, मुद्दा केंद्रीय चर्चा का विषय है।

सपा का आरोपः बड़ी संख्या में लोगों का वोट ही नहीं बन पाया

सपा के महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने बताया कि अंतिम मतदाता सूची से 4,56,833 लोगों के नाम हटे हैं। प्राप्त सूची से बुधवार समीक्षा शुरू कर दी है। सेक्टर प्रभारी, बीएलए से सूचना मिली है कि जरूरी कागजात होने के बावजूद कई लोगों के नाम सूची से हट गए हैं। ऐसी स्थिति में मतदाता सूची का गहनता से परीक्षण कर आपत्ति दर्ज कराएंगे।

बसपा जिलाध्यक्ष ने बीएलओ की लापरवाही बताई

बसपा जिलाध्यक्ष डॉ. जयपाल सिंह ने कहा कि मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद काफी संख्या में लोगों के वोट नहीं बन पाए हैं। इसमें सबसे बड़ी लापरवाही बीएलओ की है, जिनकी कमी से वोट नहीं बन पाए। सरकार का बीएलओ के ऊपर अधिक दबाव होना चाहिए था जो नहीं हो पाया। यह सरकार की कमी दर्शाती है। भाजपा जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा ने कहा कि एसआईआर के तहत वैध मतदाताओं की सूची तैयार करने के लिए निर्वाचन आयोग और अधीनस्थ कर्मचारियों ने अथक मेहनत की है। अगर किसी का नाम छूट गया है या संशोधित होना है तो उसका विकल्प भी है। सूची के अवलोकन के बाद छूटे हुए मतदाताओं का नाम भी सूची में शामिल कराया जाएगा।

आम आदमी पार्टी तैयार कर रही रणनीति

आम आदमी पार्टी के प्रांतीय अध्यक्ष मोहम्मद हैदर ने बताया कि प्रदेश में 80 से 90 लाख वोट बढ़े हैं। इसी तरह भाजपा ने दिल्ली के लोकसभा के चुनाव में किया था और इसे जीता था। हम लोग इसका अध्ययन कर रहे हैं कि इस बार वोट कहां से बढ़े हैं और कहां से कटे हैं। आम आदमी पार्टी इसके लिए पूरी रणनीति तैयार कर रही है। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने कहा कि कम समय में सर्वे की वजह से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

छोटी-छोटी कमियों के कारण लोगों के नाम काट दिए गए। अब उनसे तरह-तरह के कागजात मांगे जा रहे हैं। यही कारण है कि हर विधानसभा क्षेत्र में हजारों की संख्या में वोटर कम हो गए। इसके अध्ययन के बाद जरूरी हुआ तो आंदोलन करेंगे।

मुद्रा लोन घोटाले में यूनियन बैंक मैनेजर गिरफ्तार

करोड़ों की ठगी का खुलासा; इस तरह चलाते थे नेटवर्क

लखनऊ, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। एसटीएफ ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए मुद्रा लोन योजना में करोड़ों रुपये का घोटाला करने वाले यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक नितिन चौधरी को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। एसटीएफ एएसपी विशाल विक्रम के मुताबिक, आरोपी नितिन चौधरी मूलरूप से आजमगढ़ का निवासी है। वर्तमान में दिल्ली में बैंक में तैनात था। उसके पास से मोबाइल फोन, आधार कार्ड, क्रेडिट कार्ड, मेट्रो कार्ड और नकदी बरामद हुई है।

100 से ज्यादा लोगों के नाम पर फर्जी लोन

जांच में सामने आया कि यह एक संगठित गिरोह चलाता है, जिसमें बैंक कर्मियों के साथ फर्जी दस्तावेज बनाने वाले भी शामिल हैं। गिरोह ने करीब 100 लोगों के नाम पर फर्जी तरीके से मुद्रा लोन पास कराकर करोड़ों रुपये हड़प लिए।

ऐसे करते थे धोखाधड़ी

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि लोगों के आधार व पैन कार्ड पर लगी फोटो एडिट कर दूसरे व्यक्तियों की फोटो लगाई जाती थी और उनके नाम से फर्जी कंपनियां बनाकर लोन पास कराया जाता था। लोन की रकम गिरोह द्वारा बनाए गए फर्जी खातों में ट्रांसफर कर आपस में बांट ली जाती थी। इस मामले में एसटीएफ पहले ही चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। गिरोह के मास्टरमाइंड आमिर एहसान को फरवरी 2026 में पकड़ा गया था।

सच्चा शासन वही, जहां प्रजा सुखी रहे : सीएम योगी

> सैफई और परिवारवाद का जिक्र कर विपक्ष पर बरसे

लखीमपुर खीरी, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को भारत-नेपाल सीमा पर स्थित पलियाकलां के चंदनचौकी पहुंचे। यहां उन्होंने न केवल विकास की बयार बहाई, बल्कि दशकों से अपने हक का इंतजार कर रहे थारू जनजाति के परिवारों को जमीन का पूर्ण स्वामित्व (मालिकाना हक) सौंपा।

सीएम योगी ने पलिया तहसील के 34 गांवों के 4356 थारू परिवारों को 538 हेक्टेयर जमीन के स्वामित्व संबंधी अधिकार पत्र दिए। 1976 से ये परिवार सिर्फ जमीन का उपयोग कर रहे थे, अब वे इसके मालिक बन गए हैं। इसके अलावा विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसमें सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाएं शामिल हैं।

संस्कृत का श्लोक सुनाया

जनता को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने श्लोक सुनाया। कहा कि प्रजा सुखे सुखं राज्ञः प्रजानां च हिते हितम्... यानि सच्चा शासन वही है, जहां प्रजा सुखी रहे। राज्य की जनता का कल्याण हो। शासन की खुशी का आधार उसकी जनता की खुशी है। यह कार्य तभी होता है जब शासन सत्ता में संवेदना होती है। बिना भेदभाव के काम हो। आज जो काम हो रहा है ये उसी संवेदना का काम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों में संवेदनाओं का अभाव था। अपने परिवारवाद से ऊपर उठ पाते तो इन थारू परिवारों के बारे में सोच पाते, लेकिन जिनको समाज को बांटने से फुरसत न हो, सदैव बांटने का काम किया हो। जिन्होंने आपके संसाधन और हकों पर डकैती डालने का काम किया होगा। उनसे यह उम्मीद करना है कि वे आपको आपका अधिकार दिलाएंगे, कभी नहीं दिलाते।

पहले सबकुछ सैफई में होता था-सीएम योगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी पहचान को खत्म करने पर उतारू थे। याद करिए आपको अधिकार तो नहीं मिल पाया, आपके नौजवानों के सामने पहचान का संकट जरूर खड़ा कर दिया था। कहीं माफिया का संकट तो कहीं गुंडों का संकट, कहीं कर्फ्यू का संकट, लेकिन जिस जमीन पर आपने सपने बोए थे। आज उस सपने को डबल इंजन की सरकार ने आकार दिया है।

आपको जमीन का भौमिक अधिकार दिया है। आज वर्षों का इंतजार खत्म हुआ है। उन्होंने कहा कि पहले विकास और सभी योजनाएं सैफई में होती थीं। प्रदेश के गरीबों के हकों पर डकैती डालकर एक परिवार सबकुछ हजम कर जाता था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज का कार्यक्रम केवल अधिकार प्राप्त करने का आयोजन नहीं है, अधिकार से आत्मसम्मान मिलना और आत्मनिर्भरता की गारंटी है।

मॉर्निंग वॉक पर वकील की हत्या

मिर्जापुर, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। मिर्जापुर में शनिवार सुबह 7.15 बजे मॉर्निंग वॉक पर निकले सीनियर वकील की गोली मारकर हत्या कर दी गई। दो हमलावर बाइक से आए। उन्हें रास्ते में रोका और सीने में तमंचा सटाकर गोली मार दी। खून से लथपथ वकील जमीन पर गिर पड़े। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पूरी वारदात सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गई।

वकील का नाम राजीव सिंह (45) है। उनकी पत्नी ग्राम प्रधान हैं। खुद भी 2 बार प्रधान रह चुके थे। वारदात के बाद भागते वक्त हमलावरों की बाइक बंद हो गई। लोग उन्हें पकड़ने दौड़े तो उन्होंने तमंचा तान दिया। डरकर लोग पीछे हट गए। घटना जिला मुख्यालय से 2 किलोमीटर दूर कटरा कोतवाली क्षेत्र के कतवारु का पुरा मोहल्ले की है।

वृंदावन नाव हादसे पर डिंपल यादव का फूटा गुस्सा

सुरक्षा के इंतजाम न होना बेहद चिंताजनक

मथुरा, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। वृंदावन में सांसद डिंपल यादव ने श्री बांकेबिहारी मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। इस दौरान मंदिर के सेवायत गोपी गोस्वामी ने पूजन कराया। दर्शन के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए डिंपल यादव ने वृन्दावन में हुए हालिया दुखद हादसे पर संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि श्रद्धालु बड़ी श्रद्धा के साथ वृन्दावन आते हैं, लेकिन उनके साथ यह हादसा होना अत्यंत पीड़ादायक है, मेरी संवेदनाएं सभी पीड़ित परिवारों के साथ हैं। सरकार को चाहिए की सुरक्षा के उचित प्रबंध किए जाएं। नाव में ओवरलोडिंग ना हो। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पर्याप्त इंतजाम न होना बेहद चिंताजनक है और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। इस अवसर पर सपा नेता अशोक कुमार और अंकित वार्ष्णेय सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने डिंपल यादव का गर्मजोशी से स्वागत किया।

बिजली के खंबों से लाखों रुपये के कॉपर के तार चोरी, लेकिन नहीं मिला सबूत; 19 साल बाद आरोपी हुए बरी

आगरा, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। आगरा में बिजली के खंबों से लाखों रुपये के कॉपर के तार व अन्य सामान चोरी करने में मामले में अभियोजन पक्ष अदालत में स्वतंत्र गवाह और चोरों से बरामद माल पेश नहीं कर सका। विशेष न्यायाधीश आर्थिक अपराध ज्ञानेंद्र राव ने साक्ष्य के अभाव में 19 साल बाद आरोपी रवी अग्रवाल और धर्मवीर उर्फ धर्मेंद्र को बरी करने के आदेश दिए। थाना खेरागढ़ में प्राथमिकी के अनुसार तत्कालीन अवर अभियंता बीएस त्यागी ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि 27 सितंबर 2006 की रात चोर गांव धंसपुरा से गढ़ी करना के बीच 11 केवी फीडर की लाइन के कॉपर के तार व अन्य सामान चोरी करके ले गए। पुलिस ने विवेचना के दौरान चोरी के आरोप में हरीपर्वत थाना क्षेत्र के विजय नगर निवासी रवी अग्रवाल और थाना खेरागढ़ के गांव गढ़ी करना निवासी धर्मवीर उर्फ धर्मेंद्र सहित आरोपियों को गिरफ्तार किया था। उनके कब्जे से लाखों रुपये का बिजली का तार व अन्य सामान बरामद किया।

बदायूं में हेल्थ अफसर की पत्नी कार में जिंदा जली

बदायूं, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। बदायूं में चलती कार में आग लगने से हेल्थ अफसर की पत्नी जिंदा जल गई। पति किसी तरह कार से बाहर निकल आया, लेकिन पिछली सीट पर लेटी पत्नी बाहर नहीं निकल सकी। लॉक कार में फंसी पत्नी आग की लपटों के बीच चीखती-चिल्लाती रही, लेकिन उसकी कोई मदद नहीं कर सका और वह सबकी आंखों के सामने धू-धू कर जलती रही। हालांकि, गांववालों की सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन जब तक आग बुझाई जा सकी, तब तक युवती की मौत हो चुकी थी। बुरी तरह झुलसे पति को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना शुक्रवार रात करीब 1 बजे उसहैत थाना क्षेत्र के रौता गांव के पास हुई। कार कम्युनिटी हेल्थ अफसर अर्पित भारद्वाज चला रहे थे, जबकि उनकी पत्नी प्रिया (25) पिछली सीट पर लेटी हुई थी। प्रिया का तीन दिन पहले पथरी का ऑपरेशन लखीमपुर के पलिया के एक अस्पताल में हुआ था। वहां से डिस्चार्ज होने के बाद वे लौट रहे थे, तभी रौता गांव के पास कार में आग लग गई। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है।

यूपी पुलिस के इंस्पेक्टर का बाथरूम में शव मिला

सरकारी आवास में अकेले रहते थे रात में ड्यूटी करके लौटे थे

शाहजहांपुर, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। शाहजहांपुर में क्राइम इंस्पेक्टर राजेश कुमार (45) की मौत हो गई। शनिवार सुबह 11 बजे उनका शव पुवायां थाना कैंपस में बने सरकारी आवास के बाथरूम में मिला। देर तक ऑफिस न पहुंचने पर साथियों ने उन्हें कॉल किया। फोन उठा नहीं तो पुलिसकर्मी उनके आवास पर पहुंचे। कुछ देर खटखटाया, लेकिन कोई रिस्पांस नहीं आया। इसके बाद अंदर गए तो शव पड़ा हुआ था। पुलिस उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शुरुआती जांच में डॉक्टरों ने हार्ट अटैक से मौत की आशंका जताई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम के बाद ही मौत का सही कारण पता चलेगा।

बिहार की सत्ता में बैठे लोगों को प्रदेश की नहीं सिर्फ कुर्सी की चिंता : तेजस्वी यादव

पटना, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार को प्रदेश के सत्ताधारी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज सत्ता में बैठे लोगों को बिहार की चिंता नहीं है।

कुर्सी पर कौन बैठेगा, इसकी चिंता है। पटना में मीडिया से बातचीत में उन्होंने एक बार फिर नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने को लेकर कहा कि हमने पहले ही कहा था कि नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद पर बने नहीं रहने दिया जाएगा और अब वही हो रहा है। चुनाव के समय ये लोग बोलने की हिम्मत नहीं कर पा रहे थे, नहीं कह पाए। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की भूमिका सीमित कर दी गई है और उन्हें बिना इच्छा के राज्यसभा भेजा गया है। जदयू में जो बड़े नेता हैं, उन्होंने जो समझौता किया है, चाहे सीबीआई, ईडी का डर हो या जो लालच हो, उन लोगों ने तो नीतीश कुमार को फंसा ही दिया है। राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने बिहार में नई सरकार को लेकर बेबाकी से कहा कि नई सरकार चाहे जितनी बने, लेकिन उसे जनादेश नहीं होगा।

किडनी कांड में एक और नया खुलासा

किसी और की आईडी पर पांच मोबाइल नंबर चला रहा था डॉ रोहित; रातभर रहते थे सक्रिय

कानपुर, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। कानपुर के किडनी कांड में एक और नया खुलासा हुआ है। डॉ. रोहित किसी और की आईडी पर पांच मोबाइल नंबर चला रहा था। दूसरे की आईडी पर नंबर लिए थे। एनसीआर से कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। अली और डॉ. अफजल के मोबाइल बंद हैं। कानपुर शहर में हुए अवैध किडनी ट्रांसप्लांट मामले के आरोपी डॉ. रोहित के पांच मोबाइल नंबर किसी और की आईडी पर चलते मिले। यह जानकारी पुलिस और क्राइम ब्रांच को मिली है। उन दस्तावेज के सहारे कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। उनसे डॉ. रोहित, डॉ. अफजल, मुदस्सर अली सिद्दीकी समेत अन्य के बारे में पूछताछ हुई है।



कानपुर में किडनी ट्रांसप्लांट का खेल

- स्टाफ को छुट्टी देकर देर रात किया जाता था ट्रांसप्लांट
- अमान्य नर्सिंगहोम में अवैध तरीके से होती थी सर्जरी
- किडनी प्रकरण में एनसीआर का नामी डॉक्टर शामिल
- स्वास्थ्य विभाग की टीम ट्रांसप्लांट का विशेषज्ञों जैसा तरीका देख हैरान

कमिश्नरी पुलिस ने अवैध किडनी ट्रांसप्लांट के खेल को पकड़ा है। अब तक आहूजा हॉस्पिटल के संचालक डॉ. सुरजीत सिंह आहूजा, डॉ. प्रीति आहूजा, शिवम अग्रवाल, राजेश कुमार, राम प्रकाश, नरेंद्र सिंह, कुलदीप सिंह राघव, राजेश तोमर, परवेज सैफी को जेल भेजा गया है। पुलिस को डॉ. रोहित, डॉ. अफजल, मुदस्सर अली, डॉ. वैभव, डॉ. अनुराग, नवीन पांडेय, लखनऊ के एक लैब टेक्नीशियन और तीन डॉक्टरों की तलाश है। मामले में कई और स्टाफ के शामिल होने की आशंका है लेकिन फोकस डॉ. रोहित, डॉ. अफजल और मुदस्सर अली सिद्दीकी पर है। तीनों के खिलाफ गुरुवार को 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। इससे पूर्व तीनों व अन्य आरोपियों को लुक आउट नोटिस जारी किया गया था। पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल के मुताबिक तीनों इनामी आरोपी का नाम पूरे खेल में शामिल है। यह पूर्व में भी कई बार शहर आ चुके हैं। मुजफ्फरनगर की पारुल तोमर को अली और परवेज सैफी लेकर आए थे। शिवम अग्रवाल और परवेज सैफी ने पुलिस को कई अहम जानकारियां दी हैं। इससे पता चल रहा है कि रोहित और डॉ. अफजल एनसीआर के अस्पतालों में आने वाले किडनी मरीजों को कानपुर भेज रहे थे। उनको वहां पर पैकेज और अन्य जानकारियां दी जाती थी जिसके बाद डोनर की व्यवस्था होती थी। शहर में नर्सिंगहोम और अन्य कार्यों की जिम्मेदारी शिवम अग्रवाल की थी। डॉ. रोहित, डॉ. अफजल और अली की जानकारी जुटाई जा रही है। डॉ. रोहित के कुछ मोबाइल नंबर फर्जी दस्तावेजों से लिए गए थे। वह अधिकतर व्हाट्सएप कॉलिंग करता था। इसकी और जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक किडनी ट्रांसप्लांट के आरोपी रातभर सक्रिय रहते थे। उनके सोशल मीडिया अकाउंट औसतन साढ़े तीन से चार बजे तक ऑनलाइन रहते थे।

दुबई से आ रहे विमान की लखनऊ में इमरजेंसी लैंडिंग

154 यात्री थे, काठमांडू में मौसम खराब होने पर उतारा; डेढ़ घंटे बाद रवाना

लखनऊ, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। लखनऊ एयरपोर्ट पर शनिवार सुबह दुबई से काठमांडू जा रहे विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। काठमांडू में मौसम खराब होने पर वहां लैंडिंग की परमिशन नहीं मिली। उसके बाद पायलट ने लखनऊ एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को कॉल किया और लैंडिंग की अनुमति मांगी। अनुमति मिलने के बाद विमान को सुबह 8:22 बजे अमौसी एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतारा गया। फ्लाई दुबई की फ्लाइट (एफजेड-1133) में 154 यात्री सवार थे। तकनीकी टीम ने विमान की जांच की। अब उसमें ईंधन भरा गया। करीब डेढ़ घंटे बाद सुबह 10 विमान को काठमांडू के लिए रवाना कर दिया गया।

बेटी की लाश के साथ 4 महीने रहा पिता

परफ्यूम डालकर बदबू मिटाता था, पैर छोड़कर पूरी बॉडी कंकाल बन चुकी थी

मेरठ, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। मेरठ में एक पिता बेटी की लाश के साथ 4 महीने तक घर में रहा। लाश बुरी तरह से सड़ चुकी थी। बेटी टीचर थी, उसके साथ रहने की जिद में पिता उससे अलग नहीं होना चाहता था। वह लाश की बदबू छिपाने के उस पर परफ्यूम स्प्रे करता रहा। लड़की की पूरी बॉडी कंकाल बन चुकी थी, सिर्फ पैर ही बचा था। घटना का पता उस समय चला जब घर पर रिश्तेदार पहुंचे। बदबू आने पर कॉल करके पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घर के एक कमरे से लाश बरामद की। बॉडी की हालत इतनी बदतर हो चुकी थी कि रिश्तेदार से लेकर पुलिस वाले और पड़ोसी उसे देख नहीं पा रहे थे। मामला सदर बाजार के तेली मोहल्ले का है।

कौवे ने जलाई तीन गांवों के किसानों की उम्मीदें

हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से 150 बीघा गेहूं फसल जली

बाराबंकी, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले के लोनी कटरा थाना क्षेत्र के सादुल्लापुर गांव में शनिवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे ने किसानों की मेहनत को पल भर में जला कर राख कर दिया। दरअसल, हाईटेंशन लाइन पर बैठे पक्षी के करंट की चपेट में आने से हुए धमाके के बाद निकली चिंगारी से गेहूं की खड़ी फसल में भीषण आग लग गई।

विकराल आग ने मचाई अफरा-तफरी

तेज हवा के कारण आग ने कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप ले लिया और सादुल्लापुर, बीरमपुर और त्रिलोकपुर गांव के करीब 50 से अधिक किसानों की करीब 150 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। खेतों में उठती आग की लपटें और धुएं के गुबार ने पूरे इलाके में अफरा-तफरी मचा दी। वहीं, आग का भयंकर रूप देख किसानों का रो–रो कर आप बीती बताई।

एक चिंगारी से सैकड़ों बीघा फसल राख

चश्मदीदों के मुताबिक, गांव निवासी राहुल तिवारी के खेत से निकली हाईवोल्टेज लाइन पर बैठा एक कौआ अचानक करंट लगने से जलकर नीचे गिरा, जिससे खेत में लगी सूखी गेहूं की फसल ने तुरंत आग पकड़ ली। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी, लेकिन समय पर मदद न मिलने पर गांव वालों ने खुद ही एकजुट होकर आग बुझाने की कोशिश शुरू की और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक भारी नुकसान हो चुका था। प्रभावित किसानों में राहुल तिवारी, रत्नेश सिंह, शैलेन्द्र सिंह, गिरजा सिंह, कृष्ण कुमार तिवारी, कृपाशंकर, अंबर सिंह, सोनू, रामफेर, जुग्गी लाल, अवधेश, शिवबालक, श्रीकृष्ण, शिवपाल, धीरज, हरिशंकर, ललऊ और परशुराम सहित कई नाम शामिल हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि आग लगने के तुरंत बाद दमकल और पुलिस को फोन किया गया, लेकिन कई बार फोन करने के बावजूद न तो पुलिस ने समय पर कॉल उठाया और न ही फायर ब्रिगेड समय से पहुंच सकी। जब दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं तो ग्रामीण खुद ही आग पर काबू पा चुके थे।

घातक रूसी फाइटर जेट के 'स्वदेशीकरण' की तैयारी

मिग-29K का सब सिस्टम भारत में होगा तैयार, नेवी के दो जंगी जहाजों पर है तैनाती

नई दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। डिफेंस सेक्टर में भारत लगातार स्वदेशीकरण पर जोर दे रहा है। भारतीय नौसेना ने अब इस दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है, जिसमें भारतीय कंपनियों को आमंत्रित किया गया है। इन कंपनियों को रूस में बने घातक लड़ाकू विमान मिग-29K के बेड़े के लिए बेहद जरूरी सब सिस्टम तैयार करना है।

ध्यान रहे कि मिग-29K वही लड़ाकू विमान है, जिसे भारतीय नौसेना ने अपने दो विमानवाहक पोतों पर तैनात कर रखा है। भारतीय कंपनियों को इसके लिए एक सब सिस्टम तैयार करने की जिम्मेदारी लेनी होगी। यहां बता दें कि सब सिस्टम किसी भी बड़ी प्रक्रिया का एक छोटा कार्यात्मक हिस्सा होता है, जो अपना काम करते हुए मुख्य सिस्टम को काम करने में मदद करता है। उदाहरण के तौर पर कंप्यूटर को ठंडा करने के लिए कूलिंग सिस्टम लगा होता है। यहां कूलिंग सिस्टम एक सब सिस्टम है।

किन कंपनियों को मिलेगा मौका

इंडियन नेवी ने भारत की ऐसी प्रतिष्ठित कंपनियों से सूचना देने का अनुरोध (आरएफआई) किया है, जो इस जिम्मेदारी को निभाते हुए बेहतरीन सब सिस्टम का निर्माण कर सकें। नेवी ने उन कंपनियों को आमंत्रित किया है, जो मिग 29K/केयूबी फाइटर जेट के लिए 'ग्राउंड ऑटोमेटेड टेस्ट सिस्टम (एनएएसके 1-29K) और कैरियर-आधारित ऑटोमेटेड टेस्ट सिस्टम (केएसएके 1-29K) के स्वदेशी डिजाइन और विकास से जुड़ा प्रोजेक्ट पूरा कर सके। नौसेना उन कंपनियों को प्राथमिकता देगी, जिसके पास इसके लिए तकनीकी और आर्थिक क्षमता के साथ-साथ बुनियादी ढांचा और अनुभव हो।

किन सिस्टम के लिए बनेगा सब सिस्टम

भारतीय नौसेना एनएएसके 1-29K और केएसएके 1-29K के लिए प्रोजेक्ट पूरा करना चाहती है। ये ऑटोमेटेड टेस्ट सिस्टम मिग 29K/केयूबी विमानों पर अलग-अलग तय मेंटेनेंस टास्क कार्ड को पूरा करने के लिए इस्तेमाल होते हैं। इन सभी उपकरणों और सिस्टम की टेस्टिंग में ये शामिल हैं, जैसे फ्यूल सिस्टम, एयर डेटा सिस्टम, एवियोनिक्स, फ्लाई-बाय-वायर, इलेक्ट्रिकल पावर जनरेशन और डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम, हथियार लोड करने की तैयारी में आर्मामेंट सिस्टम की टेस्टिंग, रडार और उसके सब-कंपोनेंट्स के अलग-अलग मोड्स और फंक्शनैलिटी/परफॉर्मेंस की टेस्टिंग और इंजन पैरामीटर्स की टेस्टिंग और जांच।

पीएसयू के साथ मिलकर करना होगा काम!

ये सिस्टम यह सुनिश्चित करने के लिए जरूरी हैं कि कैरियर ऑपरेशन्स के दौरान मिग-29K हमेशा युद्ध के लिए तैयार रहे। निजी कंपनियां संभवतः रक्षा पूएसयूएस और रिसर्च संगठनों के साथ मिलकर काम करेंगी। इस कदम का मकसद स्वदेशी मैन्युफैक्चरिंग क्षमताओं को मजबूत करना और सप्लाई चेन पर नियंत्रण के जरिए राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ाना है। बता दें कि वर्तमान समय में नौसेना को इसके रखरखाव, स्पेयर पार्ट्स और सर्विस से जुड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

पुलिस ने खुद नीला ड्रम घर के अंदर रखा, फिर रेड कर बरामद किया

तीन पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

जालंधर, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। जालंधर के कस्बा शाहकोट थाने में नौ अप्रैल को केस नंबर-90 दर्ज किया गया था। जिस पर अब विवाद खड़ा हो गया है। पुलिस और एक्साइज टीम ने दावा किया था कि गांव दौलतपुर ढड्डा निवासी अकरम के घर रेड कर 35 लीटर लाहन बरामद की गई। लेकिन अब सामने आई सीसीटीवी फुटेज पुलिस की कहानी पर गंभीर सवाल उठा रही है। फुटेज में दिखाई देता है कि एक सिल्वर रंग की इकोस्पोर्ट गाड़ी से पुलिसकर्मी खुद नीला ड्रम उतारकर घर के अंदर ले जा रहे हैं।

ड्रम खाली नहीं था, क्योंकि उसे दो लोग मिलकर उठा रहे थे। कुल 7 पुलिसकर्मी 4 वर्दी में और 3 सादे कपड़ों में कैमरे में कैद हुए। महज 13 मिनट के भीतर कार्रवाई दिखाकर ड्रम को सील कर वापस गाड़ी में रख लिया गया। चौंकाने वाली बात यह है कि जिस समय रेड हुई, उस वक्त आरोपी अकरम घर पर मौजूद नहीं था।

'टीएमसी के साथ ही मुकाबला'

बंगाल चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस को बताया अप्रासंगिक

कोलकाता, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में कुछ ही दिन बचे हैं। इससे पहले भाजपा ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए उसे राज्य में सियासी रूप से खत्म ताकत करार दिया है। भाजपा प्रवक्ता एनवी सुभाष ने हाल के कांग्रेस के ध्रुवीकरण के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि आगामी चुनावी लड़ाई में पूरी तरह से भाजपा और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के बीच मुकाबला है। एनवी सुभाष ने पश्चिम बंगाल में कांग्रेस की प्रासंगिकता पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, भाजपा पूछती है, पश्चिम बंगाल में कांग्रेस कहां है? सरकार बनाए हुए उन्हें सदियां बीत गईं। वाम दल भी कहीं नजर नहीं आ रहे हैं।

कांग्रेस का घोषणा पत्र झूठ का पुलिंदा : भाजपा प्रवक्ता

उन्होंने कांग्रेस के घोषणा पत्र को झूठ का पुलिंदा बताते हुए कहा कि कांग्रेस पश्चिम बंगाल में एक भी सीट नहीं जीत सकती। सुभाष ने यह भी दावा किया कि कांग्रेस केवल सुर्खियों में आने की कोशिश कर रही है, ताकि कम से कम अपनी जमानत बचा सके। भाजपा नेता सुभाष ने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी का मुख्य लक्ष्य मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को सत्ता से बेदखल करना है। उन्होंने कहा, भाजपा पश्चिम बंगाल के विकास के लिए बहुत स्पष्ट है। हमने अपने घोषणा पत्र में कई ऐसे मुद्दे शामिल किए हैं जिन्हें लागू किया जा सकता है। जबकि कांग्रेस पार्टी का घोषणा पत्र झूठ का पुलिंदा है। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा पश्चिम बंगाल के साथ-साथ असम और अन्य तीन राज्यों में भी शानदार परिणाम प्राप्त करेगी।

भाजपा के संकल्प पत्र पर टीएमसी की प्रतिक्रिया

इशसे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के लिए भाजपा का घोषणा पत्र जारी किया था। सोनार बांग्ला (स्वर्ण बंगाल) की अवधारणा पर आधारित इस घोषणा पत्र में राष्ट्रीय सुरक्षा, युवा रोजगार और महिला सुरक्षा पर जोर दिया गया है।

अमित शाह ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप बंगाल को निराशा से विकास की ओर ले जाने का एक रोडमैप बताया। उन्होंने टीएमसी सरकार पर भी निशाना साधा और आरोप लगाया कि उसके 15 साल के शासन के कारण कानून व्यवस्था बिगड़ी है और जनता में व्यापक असंतोष है। वहीं, तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी ने भाजपा के घोषणा पत्र को जुमलों, टूटे वादों और धोखे की एक नए कलेवर में पेश की हुई सूची बताया है।

'चीन हमसे कई गुना शक्तिशाली सच्चाई को अनदेखा नहीं कर सकते'

भारत के पूर्व उप राष्ट्रपति हामिद अंसारी का बयान

नई दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत का अगर कोई सबसे बड़ा दुश्मन है तो वह चीन ही है। हमारी सैन्य शक्ति की तुलना भी चीन के साथ ही की जाती है। ऐसे में भारत के पूर्व उप राष्ट्रपति हामिद अंसारी का एक बयान सुर्खियों में आ गया है।

वह मशहूर वकील और भारत के पूर्व विदेश मंत्री कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद से बातचीत करते नजर आ रहे हैं। इस बातचीत में हामिद अंसारी कहते हैं कि चीन की अनदेखी नहीं की जा सकती। वह भारत से कई गुना ज्यादा शक्तिशाली है फिर चाहे बात सेना की हो या फिर आर्थिक क्षेत्र की। हम वास्तविकताओं को अनदेखा नहीं कर सकते।

हामिद अंसारी ने सलमान खुर्शीद से क्या कहा?

चीन सैन्य और आर्थिक दोनों ही दृष्टियों से भारत से कई गुना अधिक शक्तिशाली है। भू-राजनीति की वास्तविकताओं की अनदेखी नहीं की जा सकती। चीन हमारा पड़ोसी है और बड़ा पड़ोसी देश है और उसे कमतर नहीं आंकना ठीक नहीं है। चीन न सिर्फ भू भाग में बल्कि बल्कि जनसंख्या के हिसाब से भी काफी बड़ा देश है। वह विकसित भी है। वह हमसे कई गुना शक्तिशाली है। जब हम चीन की बात करते हैं तो हमें कोई नया ही रास्ता ढूंढना होगा।

सलमान खुर्शीद के बारे में भी जान लीजिए

सलमान खुर्शीद सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता हैं। जाने-माने लेखक के साथ-साथ वह कांग्रेस के दिग्गज नेता भी हैं। विदेश मंत्रालय में सलमान खुर्शीद कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। उन्होंने 2009 के लोकसभा चुनाव फर्रुखाबाद क्षेत्र से चुनाव जीता था। सलमान इसी इलाके के रहने वाले हैं। खुर्शीद ने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत 1981 में इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल में प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में 'ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी' के रूप में की थी।

'आप लैंबॉर्गिनी में जाएं और सड़क साफ करें'

ड्राइवर को हाईकोर्ट ने खास तरीके से सिखाया ट्रैफिक नियम

बंगलूरू, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। कर्नाटक हाईकोर्ट ने लापरवाही से लैंबॉर्गिनी कार चलाने के मामले में आरोपी चिरंथ बीआर को बड़ी राहत देते हुए उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक केस को रद्द करने पर सहमति जताई है। हालांकि, कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि यह राहत बिना शर्त नहीं होगी, आरोपी को सामुदायिक सेवा करनी होगी।

क्या है पूरा मामला?

यह मामला दिसंबर 2025 का है, जब चिरंथ बीआर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें वह अपनी लैंबॉर्गिनी कार को तेज और लापरवाही से चलाते नजर आए। जांच में सामने आया कि उनकी कार में मॉडिफाइड (रेट्रोफिटेड) साइलेंसर लगा था, जो नियमों के खिलाफ था। हालांकि चिरंथ ने इसके लिए जुर्माना भर दिया था, लेकिन बाद में यह पाया गया कि साइलेंसर को बदला नहीं गया था, जिसके चलते केंगेरी पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

पहले मुस्कुराए, फिर हाथ जोड़ लिए, पीएम मोदी और राहुल गांधी मिले

नई दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। केरल, बंगाल, असम समेत 5 राज्यों में चुनावी घमासान को लेकर सियासी पारा चढ़ा हुआ है। ऐसे में शनिवार सुबह-सुबह भारतीय राजनीति की बेहद खास तस्वीर सामने आई, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अचानक ही आमने-सामने आ गए। इस दौरान राहुल गांधी ने हाथ जोड़कर प्रधानमंत्री का अभिवादन किया। पीएम मोदी ने भी हाथ जोड़कर उनके अभिवादन को स्वीकार किया। यही नहीं दोनों ही नेताओं के बीच फिर काफी देर तक बातचीत होती रही।

हाथ जोड़कर स्वागत, फिर काफी देर तक बातचीत

आप सोच रहे होंगे कि आखिर ऐसा क्या हुआ जो पीएम मोदी और राहुल गांधी की ये मुलाकात हुई तो चलिए हम बताते हैं। आज महात्मा ज्योतिबा फुले की 200वीं जयंती है। इस मौके पर संसद परिसर स्थित प्रेरणा स्थल पर खास आयोजन रखा गया। इसी मौके पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के सांसद और लोकसभा स्पीकर समेत सियासी दिग्गज पहुंचे थे। इसी समारोह में शामिल होने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की मुलाकात हुई।

'वंदे मातरम' पर बवाल : कांग्रेस पार्षदों के इनकार पर मुख्यमंत्री मोहन यादव हमलावर, जीतू पटवारी का मांगा इस्तीफा

> कांग्रेस की पार्षद ने नगर निगम में वंदे मातरम गाने से इनकार किया और बड़ी बेशर्मी के साथ कहा कि मैं नहीं गाऊंगी। यह कांग्रेस का चरित्र बता रहा है। कांग्रेस पार्षद भारत माता की जय बोलने से भी मना करते हैं। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व जीतू पटवारी इस पर स्पष्टीकरण दें।
>
> *डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश*

भोपाल, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। इंदौर नगर निगम में बजट सम्मेलन के दौरान कांग्रेस पार्षदों द्वारा वंदे मातरम गीत के अपमान का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। कांग्रेस पार्षद रुबीना इकबाल खान और फौजिया शेख अलीम ने सदन में धर्म का हवाला देते हुए राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम को गाने से मना कर दिया था। इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि इस पर पूरी प्रदेश कांग्रेस को इस्तीफा दे देना चाहिए। कांग्रेस अपने दोहरे चरित्र से बाहर नहीं निकल पा रही। इंदौर नगर निगम की महिला पार्षदों ने बेशर्मी की हद पार कर दी।

कांग्रेस के नेताओं से मुख्यमंत्री ने मांगा स्पष्टीकरण

मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़े दुर्भाग्य के साथ कहना पड़ रहा है कि कांग्रेस की पार्षद ने नगर निगम में वंदे मातरम गाने से इनकार किया और बड़ी बेशर्मी के साथ कहा कि मैं नहीं गाऊंगी। यह कांग्रेस का चरित्र बता रहा है। कांग्रेस पार्षद भारत माता की जय बोलने से भी मना करते हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इस पर स्पष्टीकरण दें। वे बताएं कि पार्टी इस तरह के लोगों को प्रोत्साहित क्यों करती है।

चुप क्यों हैं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष

मुख्यमंत्री सवाल किया कि ये लोग देश को कहां ले जाएंगे? देशभक्तों का अपमान करेंगे। हजारों देशभक्तों ने भारत माता की जय बोलते-बोलते प्राण त्याग दिए। मुझे इस बात का बड़ा दुख और मुझे इस मामले पर ग्लानि हो रही है। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी जो हर मामले पर बोलते हैं, वो अब इस पर क्यों नहीं बोल रहे। कांग्रेस की पार्षद की टिप्पणी पर उनका क्या कहना है। अगर इस पर पटवारी और कांग्रेस नेता कोई कार्रवाई नहीं कर पाते, तो सभी को इस्तीफा दे देना चाहिए।

कांग्रेस का दोहरा चरित्र

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब देखो तब कांग्रेसी भगवान राम की निंदा करते हैं, हिंदुओं का अपमान करते हैं। अब तो इन्होंने सीमा ही पार कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वंदे मातरम के छह छंदों को लेकर पूरे देश का दिल जीत चुके हैं। लेकिन, कांग्रेस अपने दोहरे चरित्र से बाहर नहीं आ पा रही।

35 साल बाद पकड़ा गया हत्यारोपी

हत्या के बाद से छिपता रहा था आरोपी

नई दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक हत्या के मामले में पिछले 35 वर्षों से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी हत्या के बाद से देश के अलग-अलग हिस्सों में छिपता फिर रहा था। आरोपी की पहचान छबीलाल वर्मा के रूप में हुई है। डीसीपी क्राइम ब्रांच आदित्य गौतम ने बताया, '2 अगस्त, 1991 को त्रिलोकपुरी इलाके में चाकू मारने की एक घटना हुई, जिसमें एक महिला और उसके बेटे पर एक चाकू से हमला किया गया था। इस हमले में महिला की मौत हो गई, और बेटा बच गया। हमलावर की पहचान उनके किराएदार छबीलाल वर्मा के रूप में हुई थी, जो पिछले 35 वर्षों से पुलिस की पकड़ से बचता आ रहा था इस दौरान ये कई शहरों में रहा जैसे कोलकाता, नागपुर, मुंबई और गोवा और अपने परिवार के साथ संपर्क में था। चोरी-छिपे अपने गांव आता-जाता रहता था। अभी 10 अप्रैल को उसे लुधियाना में एसीपी रमेश लांबा और इंस्पेक्टर मनमीत मलिक के नेतृत्व वाली इंटरस्टेट सेल की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है।

गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में 5 करोड़ रुपये का फर्जीवाड़ा, 12 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

ग्रेटर नोएडा, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। ग्रेटर नोएडा स्थित गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में करोड़ों रुपये के बड़े वित्तीय घोटाले का मामला सामने आने से हड़कंप मच गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से इस गंभीर अनियमितता को लेकर थाना ईकोटेक प्रथम में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

यह कार्रवाई विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रभारी सीके सिंह की शिकायत पर की गई है। शिकायत के अनुसार, यह फर्जीवाड़ा करीब 5 करोड़ रुपये का बताया जा रहा है, जो छात्रों द्वारा जमा की गई फीस से जुड़ा हुआ है। इस मामले में विश्वविद्यालय के तत्कालीन रजिस्ट्रार डॉ. विश्वास त्रिपाठी सहित कुल 12 लोगों को आरोपी बनाया गया है। अन्य आरोपियों में तत्कालीन वित्त अधिकारी नीरज कुमार, लेखाधिकारी शिलेंद्र कुमार, मुदित कुमार, विजय प्रताप सिंह, मुकेश पांडे, शिव कुमार खत्री, शिवम, संदीप, श्याम, नवीन और सुभाष के नाम शामिल हैं। रजिस्ट्रार प्रभारी सीके सिंह का आरोप है कि इन सभी आरोपियों ने मिलकर छात्रों की फीस में बड़ा घोटाला किया। जांच में सामने आया है कि छात्रों से फीस तो ली गई, लेकिन उसे विश्वविद्यालय के बैंक खाते में जमा नहीं कराया गया। इसके बजाय फर्जी यूपीआई लेन-देन की रसीद बनाकर उन्हें विश्वविद्यालय के शुल्क संग्रह सॉफ्टवेयर में दर्ज कर दिया गया, ताकि रिकॉर्ड में फीस जमा होने का दिखावा किया जा सके। प्रारंभिक जांच में केवल पिछले एक वर्ष के दस्तावेजों की पड़ताल की गई है, जिसमें ही लगभग 5 करोड़ रुपये की अनियमितता सामने आई है। अधिकारियों का मानना है कि यदि डॉ. विश्वास त्रिपाठी के पूरे पांच साल के कार्यकाल की गहन जांच की जाती है, तो घोटाले की राशि और भी अधिक हो सकती है। इस बड़े वित्तीय घोटाले के सामने आने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन और छात्रों के बीच चिंता का माहौल है। वहीं, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और सभी आरोपियों की भूमिका की गहराई से जांच की जा रही है। प्रशासन का कहना है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

'यह शादी जेल से बचने की एक चाल थी'

> रेप के आरोपी की जमानत याचिका दिल्ली हाई कोर्ट से नामंजूर

नई दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। नाबालिग लड़की से रेप के आरोपी ने जेल से निकलने के लिए एक प्लान बनाया। उसने अपनी चिकनी-चुपड़ी बातों में लड़की को उलझाकर उससे शादी कर ली। शादी के बाद उसे जमानत मिल गई और वह जेल से बाहर आ गया, लेकिन बाद में लड़की को इस बात का अहसास हो गया कि ये शादी एक फरेब थी, ताकी आरोपी जेल से बाहर आ सके। ऐसे में लड़की ने कोर्ट में अपील की और आरोपी की जमानत याचिका खारिज हो गई।

दरअसल, यह मामला दिल्ली हाई कोर्ट का है। आरोपी पर लॉ स्टूडेंट के नाबालिग होने के दौरान उसके साथ रेप करने और फिर अपने खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद उससे शादी करने का आरोप है। कोर्ट ने कहा कि यह शादी जेल जाने से बचने की एक 'चाल' थी। जस्टिस गिरीश कथपालिया ने कहा, साफ तौर पर आरोपी ने यह शादी सिर्फ जमानत पाने की एक चाल के तौर पर की, जबकि उसने एक नाबालिग लड़की के साथ बार-बार रेप किया था। लेकिन शादी कर लेने से भी आरोपी इस अपराध से बरी नहीं हो जाएगा।

जज ने खारिज कर दी जमानत

कोर्ट ने पीड़ित के बदलते रुख पर भीत बात की। बता दें कि पीड़िता अब कह रही है कि उसे एफआईआर की बातों की जानकारी नहीं थी, क्योंकि शिकायत उसके वकील ने लिखी थी। कोर्ट ने कहा कि यह बात यकीन करने लायक नहीं है कि लॉ की स्टूडेंट होने के बावजूद उसे एफआईआर की बातों का पता नहीं था, जबकि शिकायत का अनुवाद अंग्रेजी से हिंदी में किया गया था। जज ने उस आदमी और औरत के बर्ताव को देखते हुए जमानत की अर्जी खारिज कर दी।

सोशल मीडिया के जरिए की दोस्ती प्रॉसिक्यूशन के मुताबिक वह आदमी सोशल मीडिया पर उस लड़की से मिला और उससे दोस्ती कर ली। बाद में, उसने शादी का झांसा देकर कथित तौर पर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और उसे दो बार गर्भपात करवाने के लिए मजबूर किया। जब वह बालिग हो गई तो उसने उससे शादी करने से मना कर दिया, जिसके बाद उसने एफआईआर दर्ज करवाई। फिर उस आदमी ने फरवरी 2026 में उससे शादी कर ली।

महिला के खिलाफ भी एक्शन लेने की मांग

हाई कोर्ट ने कहा आरोपी के गिरफ्तार होने और जेल में जाने के बाद ही वह उससे शादी करने को राजी हुआ, इसलिए इस कोर्ट के आदेश के तहत उसकी अंतरिम जमानत अर्जी का निपटारा कर दिया गया। अतिरिक्त सरकारी वकील संजीव सभरवाल ने इस अर्जी का विरोध करते हुए कहा कि पुलिस को उस महिला के खिलाफ भी कार्रवाई करने की जरूरत है। आरोपी ने कहा कि उसकी उस महिला से शादी हो चुकी है और यह जमानत के लिए एक सही मामला है।

भारतीय टैंकरों से पैसे ले रहा ईरान?

फारस की खाड़ी से जहाजों के निकलने के लिए 20 लाख डॉलर की वसूली!

नई दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच सीजफायर के बाद भी जो एक अशांति की स्थिति बनी हुई है। इसके पीछे होर्मुज जलडमरूमध्य का बंद होना सबसे बड़ा कारण बनता दिख रहा है। ईरान के लिए युद्ध ने इसे मोटी कमाई का जरिया बना दिया है और इसकी वजह से अमेरिका को अपने सुपर पावर होने का एहसास अंतिम सांसें लेता नजर आ रहा है। कई तरह की रिपोर्ट है कि ईरान ने होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों से 20-20 लाख डॉलर की वसूली की है।

भारत से भी होर्मुज में ईरान कर रहा वसूली?

फारस की खाड़ी में युद्ध की वजह से फंसे कई भारतीय जहाज और टैंकर भी होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने में सफल रहे हैं। प्रश्न है कि क्या इन जहाजों से भी ईरान ने मित्र बनकर उगाही की है? क्योंकि होर्मुज में टोल वसूलने की बात ईरान की ओर से भी कही गई है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि क्या यह भारत समेत उन पांच राष्ट्रों (रूस, चीन, इराक और पाकिस्तान) के लिए भी है, जिसे ईरान ने सीजफायर से पहले भी छूट दी है। ईरान से टोल को लेकर कोई बातचीत नहीं दो हफ्ते के सीजफायर की घोषणा के बाद भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से कहा गया कि भारत और ईरान के बीच टोल के मुद्दे पर 'किसी तरह की बातचीत नहीं' हुई है। हां, हमने भी कुछ रिपोर्ट देखी हैं (टोल वसूली के बारे में)...होर्मुज जलडमरूमध्य से हम स्वतंत्र और सुरक्षित नैविगेशन की मांग जारी रखे हुए हैं।

भारत की ओर से ईरान को टोल देने से इनकार

सीजफायर की घोषणा से पहले ही ईरान की ओर से टोल वसूली की खबरें आ रही हैं और उसने इसके लिए ओमान के साथ मिलकर एक प्रोटोकॉल बनाने की भी पुष्टि की है, जिसपर बाद में ओमान भी हामी भर चुका है। ईरान ने युद्ध शुरू होने के बाद से जब से होर्मुज से सीमित तौर पर जहाजों को गुजरने की अनुमति दी है, मित्र राष्ट्र के तौर पर भारत के कम से कम 8 एलपीजी टैंकरों को वहां से सुरक्षित गुजरने का मौका मिला है। लेकिन, क्या इसके लिए भारत को भी किसी तरह को टोल भुगतान करना पड़ा, तो भारत की ओर से इसे स्पष्ट तौर पर इनकार किया जाता रहा है। पश्चिम एशिया संकट पर अस्थायी सीजफायर की घोषणा के बाद 9 अप्रैल,2026 को प्रेस ब्रीफिंग में भी विदेश मंत्रालय की ओर से यही बात दोहराई गई। टोल के प्रश्न पर...इस बिंदू पर हमारे और ईरान के बीच कोई बातचीत नहीं हुई है। तो हम अभी वही हैं।

अगर भविष्य में किसी तरह की कोई खास स्थिति पैदा होती है या होती है, तो उस वक्त किस तरह के हालात होंगे,यह हम उसी समय देखेंगे।

फारस की खाड़ी, होर्मुज में मौजूदा स्थिति सीजफायर की घोषणा के बाद पैदा हुए तनाव की स्थिति में होर्मुज जलडमरूमध्य आमतौर पर बंद की स्थिति में है। अमेरिका ने ईरान से होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने की मांग की है। तेल की सप्लाई में रुकावट बनने के लिए डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान की आलोचना की है। दुनिया भर में तेल और गैस की सप्लाई अभी तक बाधित है।

पाकिस्तान खाली हाथ ना रह जाए

यूरेनियम से लेबनान तक ईरान-अमेरिका के बीच कई अड़चन, वार्ता की राह आसान नहीं

इस्लामाबाद, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका और ईरान का डेलीगेशन पाकिस्तान पहुंच गया है। दोनों देशों के नेताओं के बीच इस्लामाबाद में होने वाली वार्ता पर दुनिया की नजर है क्योंकि इससे ईरान में युद्धविराम का भविष्य तय होगा। ईरान और अमेरिका-इजरायल में 28 फरवरी से 8 अप्रैल तक चले युद्ध ने तकरीबन पूरी दुनिया को प्रभावित किया है। अमेरिका और ईरान के भले ही इस्लामाबाद में बैठक के लिए तैयार हो गए हैं लेकिन सीजफायर को लेकर ये वार्ता आसान नहीं होनी वाली है। होर्मुज स्ट्रेट पर नियंत्रण, ईरान का संवर्धित यूरेनियम और लेबनान में युद्धविराम जैसे मुद्दों पर दोनों पक्षों में एक राय नहीं है।

इस्लामाबाद में वार्ता के जानकारों के हवाले से दावा किया है कि अमेरिका और ईरान की एडवांस टीमों ने औपचारिक बातचीत से पहले जरूरी जमीनी काम पूरा कर लिया है। ईरान ने यह साफ कर दिया है कि लेबनान फिलहाल उसकी सबसे बड़ी चिंता है। ईरान ने लेबनान में इजरायली हमले रोकने पर जोर डाला है। ऐसे में वार्ता को लेकर उत्साहित पाकिस्तान के सामने भी खाली हाथ रह जाने का डर है।

तेहरान से आई एडवांस टीमों ने अपने अमेरिकी समकक्षों से कहा है कि यूरेनियम संवर्धन के मामले में कोई भी प्रगति लेबनान से जुड़ी पक्की प्रतिबद्धता पर निर्भर करेगी। ईरानी प्रतिनिधियों ने कहा है कि लेबनान के मामले में कोई पक्की प्रतिबद्धता मिलने पर ही उनकी ओर से यूरेनियम संवर्धन के मामले में अमेरिकियों को कोई ठोस भरोसा दिया जाएगा।

अमेरिकी वार्ताकारों ने लेबनानी प्रतिनिधियों के साथ मिलकर सावधानी भरा जवाब देते हुए कहा है कि वे ईरानियों की चिंता दूर करने के लिए अपनी ओर से कोशिश करेंगे। हालांकि इसमें शामिल मुद्दों की पेचीदगी को देखते हुए लगता है कि बातचीत लंबी खिंच सकती है। सूत्रों का कहना है कि बहुत जल्दी किसी व्यापक समझौते पर पहुंचना फिलहाल मुश्किल है।

ईरान-अमेरिका के बीच कई पेचीदा मुद्दे होने के बावजूद पाकिस्तानी आर्मी चीफ और सरकार को इस्लामाबाद वार्ता से सीमित सफलता मिलने की उम्मीद है। शहबाज शरीफ और असीम मुनीर को लगता है बैठक में कम से कम कुछ बातें अंतिम रूप ले सकती हैं। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकिर गालिबफ के आने से पाकिस्तान को उम्मीद है।

गालिबाफ का इस्लामाबाद में वार्ता के लिए आना खासतौर से पाकिस्तानियों की उम्मीद जगा रहा है। गालिबाफ ने पहले अमेरिका पर भरोसे की कमी का हवाला देते हुए बैठक में शामिल होने में हिचकिचाहट दिखाई थी। अब उनकी उपस्थिति से माना जा रहा है कि तेहरान बातचीत में शामिल होने को महत्वपूर्ण मानता है और किसी नतीजे की उम्मीद कर रहा है। गालिबाफ के इस्लामाबाद आने और जेडी वेंस के सकारात्मक बयानों के बावजूद दोनों पक्षों में गहरे मतभेद बरकरार हैं। अमेरिका का डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन रणनीतिक थकान और घरेलू राजनीति के चलते लड़ाई रोकना चाहता है। वहीं ईरानी अधिकारियों का दावा है कि उनके पास संघर्ष बढ़ाने और अमेरिका को सबक सिखाने की क्षमता अभी भी मौजूद है।

कमला हैरिस 2028 का चुनाव लड़ सकती हैं

कहा- मैं इस बारे में सोच रही

कैलिफोर्निया, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका की पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने 2028 के राष्ट्रपति चुनाव को लेकर संकेत दिया है कि वह दोबारा चुनाव लड़ सकती हैं। न्यूयॉर्क में नेशनल एक्शन नेटवर्क की बैठक के दौरान जब उनसे पूछा गया कि क्या वह फिर चुनाव लड़ेंगी, तो उन्होंने कहा, "हो सकता है, मैं इस बारे में सोच रही हूं।" उनके इस जवाब पर वहां मौजूद लोगों ने जोरदार तालियां बजाईं। हैरिस ने यह भी कहा कि वह 2028 में अपना फैसला इस आधार पर लेंगी कि अमेरिकी जनता के लिए कौन सबसे बेहतर काम कर सकता है। कमला हैरिस, जो जो बाइडेन के कार्यकाल में उपराष्ट्रपति रही थीं, 2024 का राष्ट्रपति चुनाव हार गई थीं। उस चुनाव में उन्हें डोनाल्ड ट्रम्प ने हराया था।

हैरिस इससे पहले कैलिफोर्निया की अटॉर्नी जनरल और अमेरिकी सीनेटर भी रह चुकी हैं।

पाकिस्तान ने सऊदी अरब में तैनात किए अपने फाइटर जेट

रक्षा समझौता एक्टिव, प्रिंस एमबीएस ने भी खोला खजाना

रियाद, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान ने अपने फाइटर जेट और सहायक विमान सऊदी अरब में तैनात किए हैं। दोनों देशों के बीच बीते साल हुए रक्षा समझौते के तहत इसी हफ्ते पाकिस्तानी एयरफोर्स के लड़ाकू विमान सऊदी अरब के एयरबेस पर उतरे हैं। सऊदी रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी बयान में इस तैनाती की पुष्टि की गई है। पाकिस्तान की तरफ से सऊदी में फाइटर जेट्स की तैनाती पर अभी तक कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं आई है। इस बीच सऊदी अरब की ओर से पाकिस्तान को वित्तीय मदद का भरोसा दिया गया है। यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है, जब पाकिस्तान में अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष-विराम वार्ता हो रही है।

सऊदी रक्षा मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि किंग अब्दुलअजीज एयरबेस पर पाकिस्तानी विमानों की तैनाती का मकसद क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के लिए दोनों देशों की सेनाओं के बीच सैन्य तालमेल बेहतर करना और ऑपरेशनल तैयारी बढ़ाना है। हालांकि बयान में यह साफ नहीं किया गया है कि कितने विमान आए हैं और इसका ईरान में युद्ध से कोई संबंध है या नहीं। पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच पिछले साल सितंबर में समझौता हुआ था। समझौते पर पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने हस्ताक्षर किए थे। इसके तहत दोनों देश इस बात के लिए प्रतिबद्ध हैं कि अगर उनमें से किसी एक पर भी कोई हमला होता है तो उसे दोनों पर हुआ हमला माना जाएगा।

ईरान के अमेरिका और इजरायल से चले करीब छह हफ्ते के युद्ध में पाकिस्तान और सऊदी अरब का रक्षा समझौता चर्चा में रहा है। 28 फरवरी से शुरू हुए युद्ध में ईरान ने सऊदी और दूसरे खाड़ी देशों में अमेरिका के ठिकानों को निशाना बनाया था। ईरान की ओर से सऊदी में हमलों के बाद बार-बार ये सवाल पूछा गया कि क्या पाकिस्तानी सऊदी के साथ हुए रक्षा समझौते से कन्नी काट रहे हैं।

सऊदी अरब ने शुक्रवार को पाकिस्तान को आश्वासन दिया है कि वह पश्चिम एशिया में संघर्ष से पैदा हुई समस्याओं से निपटने के लिए उसे पूरा वित्तीय सहयोग देगा। यह मदद ऐसे समय में दी गई है, जब इस्लामाबाद अपना 5 अरब डॉलर का कर्ज चुका रहा है। पाकिस्तान बढ़ती आयात लागत के बीच अपने बाहरी खाते को स्थिर रखने की कोशिश कर रहा है।

अमेरिका में गवर्नर पद के उम्मीदवार पर 4 महिलाओं ने यौन शोषण का आरोप लगाया

कैलिफोर्निया, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। कैलिफोर्निया के गवर्नर पद की दौड़ में शामिल डेमोक्रेट नेता एरिक स्वालवेल पर कई महिलाओं ने यौन शोषण के आरोप लगाए हैं। सीएनएन को दिए बयान में उनके एक पूर्व स्टाफ ने कहा कि 2024 में एरिक ने नशे की हालत में उसके साथ बलात्कार किया।

हालांकि, एरिक ने सभी आरोपों को खारिज किया। उन्होंने इन्हें झूठा बताते हुए कहा कि ये आरोप ऐसे समय लगाए गए हैं, जब वह चुनाव प्रचार में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि वह तथ्यों के साथ अपना बचाव करेंगे और जरूरत पड़ी तो कानूनी कार्रवाई करेंगे।

सीएनएन के मुताबिक, आरोप लगाने वाली महिला ने दावा किया कि 2019 में शराब पीने के बाद स्वालवेल ने उसके साथ गैर-सहमति से शारीरिक संपर्क किया था। इसी मामले में तीन अन्य महिलाओं ने अलग-अलग घटनाओं का जिक्र किया है।

वहीं, उनके वकील ने आरोपों को पूरी तरह खारिज किया। उन्होंने कहा कि स्वालवेल का किसी भी स्टाफ सदस्य के साथ कोई यौन संबंध नहीं रहा। उनकी कानूनी टीम ने सीएनएन से बात करने वाली दो महिलाओं को नोटिस भेजकर बयान वापस लेने को कहा, वरना कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी।

पहलगाम ना होता तो आज अमेरिका-ईरान इस्लामाबाद में ना बैठे होते

कश्मीर हमले पर लश्कर आतंकी का कबूलनामा

अबू मूसा ने इस्लामाबाद वार्ता पर प्रतिक्रिया दी है।

इस्लामाबाद, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान में सक्रिय आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के शीर्ष कमांडर अबू मूसा कश्मीरी ने इस्लामाबाद में हो रही ईरान-अमेरिका की बैठक पर प्रतिक्रिया दी है। मूसा ने कहा है कि इस्लामाबाद में हो रही बैठक से पाकिस्तान का रुतबा दुनियाभर में बढ़ गया है लेकिन नहीं भूलना चाहिए कि इसकी बुनियाद कैसे पड़ी। अबू मूसा कश्मीरी ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले को एक कामयाबी की तरह पेश करते हुए कहा कि इस घटना और इसके बाद भारत-पाकिस्तान की लड़ाई की वजह से ही आज इस्लामाबाद में इतनी बड़ी वार्ता हो रही है।

पाकिस्तान के यूएन की ओर से घोषित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के शीर्ष कमांडर अबू मूसा कश्मीरी का एक वीडियो सामने आया है। इसमें वह कह रहा है कि अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थता को लेकर आज पाकिस्तान की जो हैसियत है, वह पूरी तरह से भारत के कश्मीर में हुए पहलगाम आतंकी हमले की वजह से है।

आतंकी मूसा ने दावा किया कि पहलगाम हमले की वजह से ही आज दुनियाभर में पाकिस्तान का कद बढ़ा है। इसी घटनाक्रम की बदौलत पाकिस्तान अमेरिका और ईरान के बीच सुलह करा रहा है। इस बैठक के बाद पाकिस्तान का कद और बढ़ेगा और इजरायल को भी इस्लामाबाद आने पड़ेगा। इसके बाद भारत को भी ये करना होगा।

बीते साल अप्रैल में कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की हत्या कर दी गई थी। भारत ने इस हमले के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया और इसके जवाब के तौर पर ऑपरेशन सिंदूर करते हुए पाकिस्तान में हमले किए थे। दूसरी ओर पाकिस्तान ने हमलों में हाथ होने से इनकार किया है। ऐसे में मूसा का वीडियो पहलगाम हमले पर उसके कबूल नामे की तरह है।

लश्कर आतंकी अबू मूसा कश्मीरी का जम्मू कश्मीर और भारत को लेकर यह कोई पहला बयान नहीं है। वह अक्सर भारत में हिंसा फैलाने और कश्मीर पर पाकिस्तान के कब्जे जैसी बातें करता रहा है। इस साल की शुरुआत में मूस का कुछ बयान सामने आए थे, जिसमें वह धर्म के आधार पर हिंसा को उकसा रहा था। अबू मूसा का बयान नया नहीं है लेकिन इसकी टाइमिंग खास है।

रेप के बाद नाबालिग को गला घोंटकर मार डाला

हाईकोर्ट बोला : डीएनए प्रोफाइलिंग सबसे अहम सबूत, यही सजा का आधार

बिलासपुर, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नाबालिग लड़की की रेप के बाद गला दबाकर हत्या कर दी गई। ट्रायल कोर्ट ने आरोपी को उम्रकैद की सजा सुनाई। अब हाईकोर्ट चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने आरोपी की अपील को खारिज कर दिया है।

हाईकोर्ट ने इस केस में डीएनए प्रोफाइलिंग को सबसे अहम सबूत मानते हुए आरोपी की मौत तक कैद की सजा को बरकरार रखा है। डिवीजन बेंच ने कहा कि, डीएनए प्रोफाइलिंग सबसे अहम सबूत साबित हुई। अगर वैज्ञानिक सबूत मजबूत हों और गवाहों से मेल खाते हों, तो वही सजा का आधार बन सकते हैं।

दरअसल, बीजापुर के जांगला थाना क्षेत्र में 15 साल की नाबालिग लड़की 13 जनवरी 2020 को बाजार जाने के लिए निकली थी। इस दौरान उसकी दादी ने उसे अकेले जाने से मना किया, तभी 19 वर्षीय बबलू कलमू वहां पहुंचा। उसने दादी को भरोसा दिलाया कि, वह बच्ची को सुरक्षित वापस ले आएगा, लेकिन मासूम कभी घर नहीं लौटी और वो लापता हो गई।

इस घटना से परेशान परिजन ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस अपहरण की आशंका से केस दर्ज कर लापता लड़की की तलाश में जुट गई।

आर्टेमिस II मिशन- चंद्रमा का चक्कर लगाकर लौटे 4 एस्ट्रोनॉट

सुबह 5 .37 बजे प्रशांत महासागर में लैंडिंग, 11 .17 लाख किमी का सफर तय किया

आर्टेमिस-2
मिशन के 4 अंतरिक्ष यात्री
विक्टर ग्लोवर
क्रिस्टीना कोच
जेरमी हैनसेन
रीड वाइजमैन

वॉशिंगटन, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। नासा के आर्टेमिस II मिशन के चार अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा की दहलीज को छूकर धरती पर वापस लौट आए हैं। आज 11 अप्रैल को सुबह 5:37 बजे (IST) उनका ओरियन कैप्सूल अमेरिका के सैन डिएगो के तट के पास प्रशांत महासागर में 'स्प्लैशडाउन' हुआ। ये मिशन 2 अप्रैल को लॉन्च हुआ था।

1972 के बाद यह पहली बार है, जब इंसान चंद्रमा के इतने करीब पहुंचा है। आर्टेमिस II के अंतरिक्ष यात्रियों ने 6 अप्रैल को पृथ्वी से सबसे ज्यादा दूरी तक यात्रा करके किसी भी इंसानी अंतरिक्ष मिशन का रिकॉर्ड तोड़ा था। उन्होंने चांद के अंधेरे हिस्से की फोटोग्राफी भी की थी।

इस मिशन का मकसद स्पेसक्राफ्ट के 'लाइफ सपोर्ट सिस्टम' की जांच करना था। नासा देखना चाहता था कि अंतरिक्ष में इंसानों के रहने के लिए यह कितना सुरक्षित है। यान अभी चंद्रमा की सतह पर नहीं उतरा, लेकिन भविष्य में चंद्रमा पर इंसानों के बसने का रास्ता आसान बनाएगा।

3000 डिग्री तापमान और 6 मिनट का ब्लैकआउट

5:03 AM: सर्विस मॉड्यूल से अलग होने के बाद यान की हीट शील्ड सक्रिय हो गई। घर्षण की वजह से यान के बाहर का तापमान करीब 3,000 डिग्री फेरनहाइट तक पहुंच गया।

इस दौरान लगभग 6 मिनट के लिए 'कम्युनिकेशन ब्लैकआउट' रहा। यानी धरती से संपर्क टूट गया। ऐसा तापमान के बढ़ने से यान के चारों ओर प्लाज्मा की परत बनने से हुआ।

5:23 AM : यान जब करीब 22 हजार फीट की ऊंचाई पर था तो ड्रोग पैराशूट खुले। पैराशूट ने समुद्र में गिरने से पहले ओरियन की रफ्तार कम की और उसे स्थिर बनाया। 5:34 AM: करीब 6,000 फीट की ऊंचाई पर छोटे पैराशूट अलग हो गए और तीन मुख्य पैराशूट खुले। इससे ओरियन की रफ्तार घटकर 218 किमी प्रति घंटे से भी कम रह गई।

5:37 AM: रफ्तार धीमी होकर सिर्फ 51 किमी प्रति घंटा रह गई और ओरियन सैन डिएगो के तट के पास प्रशांत महासागर में उतर गया। 11.17 लाख किमी लंबी यात्रा पूरी हुई।

धरती के वायुमंडल में प्रवेश करते समय ओरियन स्पेसक्राफ्ट की रफ्तार 40,000 से 42,000 किमी प्रति घंटा थी। यह इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (ISS) से लौटने वाले यानों की तुलना में बहुत ज्यादा है। अधिक रफ्तार और गुरुत्वाकर्षण के कारण पैदा होने वाले भारी दबाव और गर्मी को सहने के लिए इस यान को खास तौर पर मजबूत बनाया गया था। इस मिशन में अमेरिका के रीड वाइसमैन, विक्टर ग्लोवर, क्रिस्टीना कोच और कनाडा के जेरेमी हेंसन शामिल थे। ये चारों एस्ट्रोनॉट्स 50 साल से भी ज्यादा समय के बाद चंद्रमा के करीब जाने वाले पहले इंसान बन गए हैं। हालांकि, इन्होंने चांद पर लैंडिंग नहीं की, लेकिन इनका स्पेसक्राफ्ट धरती से 4,06,778 किमी की दूरी तक गया।

पति की हत्या कराने वाली प्रियंका का बेडरूम वीडियो वायरल

झगड़ा और धमकी के नए वीडियो आए सामने



धार, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। एमपी के धार जिले के गोंदीखेड़ा गांव में हुए देवकृष्ण पुरोहित हत्याकांड में अब एक के बाद एक नई बातें सामने आ रही हैं। इस मामले में अब कुछ वीडियो भी सामने आए हैं, जिनमें आरोपी पत्नी प्रियंका अपने पति और सास से झगड़ा करती हुई दिखाई दे रही है। इन वीडियो से साफ लग रहा है कि घर में पहले से ही तनाव का माहौल था।

बताया जा रहा है कि, ये वीडियो मृतक की बहन ज्योति ने अपने मोबाइल से बनाए थे। एक वीडियो में प्रियंका बहस करती नजर आती है। जब ज्योति वीडियो बनाती है तो प्रियंका पहले उसे मना करती है और फिर गुस्से में आकर उसका मोबाइल छीन लेती है। इस पूरे मामले में पुलिस भी जांच कर रही है। 7 अप्रैल की रात को देवकृष्ण की हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस मामले में उसकी पत्नी प्रियंका और उसके प्रेमी कमलेश को गिरफ्तार किया है। दोनों को कल कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से उनकी रिमांड 13 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ में और भी जानकारी मिल सकती है। एक आरोपी सुरेंद्र भाटी अभी फरार है जिसकी तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार, प्रियंका, उसका साथी कमलेश और सुरेंद्र भाटी मिलकर इस वारदात में शामिल थे। पुलिस ने कुछ ही समय में मामले का खुलासा कर दिया था। घटना के बाद मृतक के परिवार ने भी प्रियंका पर कई आरोप लगाए हैं। मृतक की बहन ज्योति का कहना है कि प्रियंका का व्यवहार ठीक नहीं था। वह अक्सर झगड़ा करती थी और घर में किसी से ठीक से बात नहीं करती थी। ज्योति के अनुसार प्रियंका कई बार देवकृष्ण से कहती थी कि वह उसके लायक नहीं है और उसे तलाक दे देना चाहिए।

मनरेगा जेई 5 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

बिल पास करने के एवज में मांगी थी घूस, पुलिस सुरक्षा में हजारीबाग ले जाया गया



गिरिडीह, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। गिरिडीह जिले के राजधनवार प्रखंड में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की हजारीबाग टीम ने शनिवार को मनरेगा के जूनियर इंजीनियर (जेई) अंकुश कुमार को पांच हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र और सरकारी महकमे में हलचल तेज हो गई।

धनवार प्रखंड निवासी महेश कुमार साव ने सरकारी योजना के तहत डोभा (तालाब) का निर्माण कराया था। निर्माण पूरा होने पर जब उन्होंने भुगतान के लिए कागजी प्रक्रिया शुरू की, तो जेई अंकुश कुमार ने बिल पास करने के एवज में रिश्वत की मांग की। महेश कुमार साव के कई बार आग्रह करने के बावजूद, जेई ने बिना कमीशन भुगतान करने से इनकार कर दिया। इसके बाद उन्होंने हजारीबाग स्थित एसीबी कार्यालय में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने पर एसीबी टीम ने मामले का सत्यापन किया, जिसमें रिश्वत मांगे जाने की पुष्टि हुई। इसके बाद टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया।

शनिवार को जैसे ही महेश कुमार साव ने जेई अंकुश कुमार को पांच हजार रुपए रिश्वत के तौर पर दिए, घात लगाकर बैठी एसीबी टीम ने उन्हें रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से केमिकल लगे नोट भी बरामद हुए, जिससे रिश्वत लेने की पुष्टि हुई। गिरफ्तारी के दौरान मौके पर माहौल तनावपूर्ण हो गया। जेई को ले जाते समय स्थानीय लोगों और उनके समर्थकों ने विरोध जताते हुए हंगामा शुरू कर दिया, जिससे कुछ देर के लिए अफरातफरी मच गई।

sहालांकि, एसीबी टीम ने सूझबूझ से हालात को नियंत्रित किया और कड़ी सुरक्षा के बीच आरोपी को हजारीबाग ले गई। इस बीच, मामले में एक नया मोड़ भी सामने आया है। कुछ लोगों ने इस कार्रवाई को राजनीतिक साजिश बताते हुए आरोप लगाया कि जेई अंकुश कुमार को जानबूझकर फंसाया गया है और जबरन उनकी जेब में पैसे डाल दिए गए।

जेडी वेंस और असीम मुनीर के साथ हर तरफ दिखने वाली खूबसूरत महिला कौन है?

इस्लामाबाद वार्ता में अहम भूमिका

इस्लामाबाद, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। ईरान और अमेरिका के प्रतिनिधिमंडल इस समय पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में हैं। अमेरिका की ओर से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस तो ईरान की ओर से विदेश मंत्री अब्बास अराघची और संसद के स्पीकर बाघेर गालिबाफ सबसे अहम चेहरे हैं। हालांकि इन सबके बीच एक और चेहरा तेजी से शनिवार को सोशल मीडिया पर चर्चा में आया है। यह जेडी वेंस और असीम मुनीर के साथ दिख रहीं महिला नैटली बेकर हैं। सवाल पूछा जा रहा है कि आखिर ये महिला कौन है, जो जेडी वेंस के पाकिस्तान की धरती पर कदम रखने के साथ से ही उनके साथ-साथ है।

जेडी वेंस के साथ पाकिस्तान में दिख रहीं महिला नैटली बेकर हैं, जिनकी इस पूरी वार्ता में अमेरिका की ओर से अहम भूमिका है। पाकिस्तान में कार्यवाहक अमेरिकी राजदूत नैटली बेकर इस्लामाबाद को बैठक की मेजबानी के लिए चुने जाने के बाद लगातार सक्रिय हैं। वेंस के आने से पहले उन्होंने इस बैठक के बारे में लगातार पाकिस्तानियों से जानकारी ली है। उन्होंने जेडी वेंस और अमेरिकी डेलीगेशन की सुरक्षा के पहलू पर पाकिस्तानी गृह मंत्री मोहसिन नकवी के साथ दो दिन पहले बैठक भी की और वॉशिंगटन को इसके बारे में सूचना दी।

नैटली ए. बेकर ने अगस्त 2024 में पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद स्थित अमेरिकी दूतावास में डिप्टी चीफ ऑफ मिशन (डीसीएम) का पदभार संभाला था। पाकिस्तान आने से पहले अगस्त 2021 से जुलाई 2024 तक वह कतर के दोहा में अमेरिकी दूतावास में इसी पद पर काम कर चुकी हैं।

कतर और पाकिस्तान में डीसीएम बनने से पहले नैटली ए. बेकर ने अमेरिका के स्टेट डिपार्टमेंट (विदेश मंत्रालय) में नियर ईस्टर्न अफेयर्स ब्यूरो में ऑफिस ऑफ नॉर्थ अफ्रीकन अफेयर्स की डायरेक्टर के रूप में काम किया है। वह लीबिया में यूएस मिशन की डिप्टी चीफ रही हैं। बेकर ने दुबई और कुवैत में भी काम किया है।

नैटली बेकर की पढ़ाई लिखाई की बात की जाए तो उनके पास प्रिंसटन यूनिवर्सिटी से बैचलर डिग्री और हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से पब्लिक पॉलिसी में मास्टर डिग्री है। वह यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका की नेशनल डिफेंस यूनिवर्सिटी के नेशनल वॉर कॉलेज की 2017 की डिस्टिंग्विश्ड ग्रेजुएट हैं। यह उनकी योग्यता को दिखाता है।

नैटली बेकर ने बीते कुछ वर्षों में लगातार अमेरिकी विदेश विभाग के लिए काम किया है। इसमें खासतौर से खाड़ी देश और पाकिस्तान का नाम आता है। हालांकि पाकिस्तान में अब वह अपने कामों के बजाय अपनी खूबसूरती के चलते सोशल मीडिया पर चर्चा है। पाकिस्तानी सोशल यूजर्स लगातार उनको लेकर कमेंट कर रहे हैं।

16 अप्रैल को बनेगा महालक्ष्मी राजयोग

AI-generated content

ग्रहों की युति से कई तरह के शुभ-अशुभ योग बनते हैं, जिनका हमारे जीवन पर खास प्रभाव पड़ता है। 16 अप्रैल को मंगल और चंद्र की युति से बेहद शुभ महालक्ष्मी योग बनने जा रहा है। जैसा कि नाम से ही पता चलता है कि ये योग धन-समृद्धि लाता है। बता दें मीन राशि में ये योग 16 से 17 अप्रैल तक बना रहेगा। जानिए ये योग किन राशि वालों पर धन की बरसात करेगा।

मिथुन राशि

मिथुन राशि वालों को करियर में खूब सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति पहले से मजबूत हो जाएगी। जिस काम में हाथ डालेंगे सफल होंगे। मनचाही मुराद पूरी हो सकती है। नई नौकरी मिलने के संकेत हैं। बिजनेस करने वालों को नए प्रोजेक्ट मिलने की संभावना है। कई माध्यमों से धन की प्राप्ति हो सकती है।

कन्या राशि

कन्या राशि वालों के लिए ये योग बेहद लाभकारी रहेगा। आपके पास धन-धान्य की कोई कमी नहीं रहेगी। बिजनेस में कई सुनहरे अवसर मिलेंगे। विदेश में नौकरी पाने का सपना भी पूरा हो सकता है। किसी पुराने निवेश से अच्छा धन लाभ होने की उम्मीद है।

धनु राशि

धनु राशि वालों की सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। संपत्ति या वाहन सुख प्राप्त होने के संकेत मिल रहे हैं। ऑफिस में आपके काम की खूब प्रशंसा होगी। प्रमोशन मिलने की संभावना है। किसी पुराने कर्ज से मुक्ति मिल सकती है।

मीन राशि

मीन राशि वालों के लिए महालक्ष्मी राजयोग किसी वरदान से कम साबित नहीं होगी। इनकम में बढ़ोतरी होगी। किसी पुराने निवेश से अच्छा खासा लाभ प्राप्त करने में सफल रहेंगे। आपके रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं। बिजनेस वालों के लिए सुनहरा समय रहेगा। कोई जरूरी डील फाइनल हो सकती है। अचानक से धन लाभ के आसार हैं।

दूसरों के सुख–दुख को समझेंगे तो आपसी रिश्ते मजबूत होंगे

एक–दूसरे के लिए त्याग करने की भावना होनी चाहिए

एक छोटे से गांव में दो भाइयों दोनों के बीच गहरा प्रेम था। बड़ा भाई शादीशुदा था और उसका एक छोटा भाई अविवाहित था। दोनों साथ मिलकर खेती करते थे।

एक दिन उनकी फसल पककर तैयार हो गई। दोनों भाइयों ने पूरे दिन मेहनत की और फसल काटी। जब तक काम पूरा हुआ, तब तक रात हो चुकी थी। दोनों ने अपनी-अपनी फसल के ढेर अलग-अलग बना लिए थे, लेकिन रात के अंधेरे में उन दोनों के ढेरों को घर ले जाना संभव नहीं था। इसलिए दोनों भाइयों ने फैसला किया कि वे रात में खेत पर ही रुककर फसल की रखवाली करेंगे और सुबह मजदूर बुलाकर फसल को घर ले जाएंगे।

रात गहराने लगी और कुछ समय बाद दोनों भाइयों को भूख लगने लगी। उन्होंने तय किया कि एक-एक करके घर जाकर खाना खाकर वापस आ जाएंगे। पहले बड़ा भाई घर चला गया और छोटा भाई खेत पर ही रखवाली कर रहा था। अकेले बैठकर छोटे भाई के मन में विचार आया- मेरे बड़े भाई के पास परिवार है, पत्नी है, बेटा है। उसकी जिम्मेदारियां मुझसे ज्यादा हैं। मुझे तो अकेले ही रहना है, इसलिए मुझे कम अनाज की जरूरत है। यह सोचकर उसने अपने ढेर में से थोड़ा अनाज उठाकर बड़े भाई के ढेर में डाल दिया।

कुछ देर बाद बड़ा भाई वापस लौटा और छोटे भाई को खाने के लिए घर भेज दिया। जब छोटा भाई चला गया, तो बड़े भाई के मन में विचार आया- मेरा तो परिवार है जो मेरा ध्यान रखता है, लेकिन मेरा छोटा भाई अकेला है। उसका भविष्य सुरक्षित होना चाहिए। उसे ज्यादा अनाज की जरूरत है। यह सोचकर उसने भी अपने ढेर से थोड़ा अनाज उठाकर छोटे भाई के ढेर में डाल दिया।

सुबह जब दोनों ने देखा, तो उनके ढेर बराबर ही थे। दोनों को यह समझ नहीं आया कि ऐसा कैसे हुआ, लेकिन धीरे-धीरे उन्हें एक-दूसरे के प्रेम और त्याग का एहसास हुआ। उस दिन उनके बीच का रिश्ता और भी गहरा हो गया।

प्रसंग की सीख

दूसरों के बारे में सोचने की आदत डालें

आज हर व्यक्ति अपने बारे में ज्यादा सोचता है, लेकिन जो लोग दूसरों के सुख-दुख को समझते हैं, उनके आपसी रिश्ते मजबूत होते हैं। जब आप दूसरों के लिए सोचते हैं, तो बदले में आपको सम्मान और प्रेम मिलता है।

निस्वार्थ भाव से काम करें

दोनों भाइयों ने बिना किसी स्वार्थ के एक-दूसरे के लिए त्याग किया। यही सच्चा प्रेम है। जीवन में यदि हम बिना किसी अपेक्षा के दूसरों के लिए कुछ करते हैं, तो मन को सच्ची शांति मिलती है।

रिश्तों को प्राथमिकता दें

धन, संपत्ति और सफलता से ज्यादा महत्वपूर्ण हमारे रिश्ते होते हैं। यदि रिश्तों में प्रेम और विश्वास है, तो जीवन की कठिनाइयां भी आसान लगती हैं। रिश्तों को बनाए रखने के लिए समय और भावनाओं का सम्मान करना जरूरी है।

सहयोग और साझेदारी का महत्व समझें

दोनों भाई मिलकर काम करते थे। इससे उनका काम भी आसान हुआ और संबंध भी मजबूत बना। जीवन में टीमवर्क और सहयोग सफलता की कुंजी है- चाहे वह परिवार हो या कार्यस्थल, दोनों जगहों पर एक-दूसरे का सहयोग करने की आदत डालें।

सकारात्मक सोच विकसित करें

दोनों भाइयों ने परिस्थिति को सकारात्मक नजरिए से देखा। उन्होंने यह नहीं सोचा कि मुझे ज्यादा मिलना चाहिए, बल्कि यह सोचा कि ₹दूसरे को ज्यादा मिलना चाहिए। यह सोच ही जीवन को और रिश्तों को सुंदर बनाती है।

त्याग से बढ़ता है प्रेम

जब हम अपने हिस्से से थोड़ा छोड़ते हैं, तो हमारे रिश्तों में गहराई आती है। त्याग कभी नुकसान नहीं देता, बल्कि दिलों को जोड़ता है। इसलिए रिश्तों में त्याग की भावना होनी चाहिए।

संतुलित जीवन जीना सीखें

जीवन में संतुलन बहुत जरूरी है- काम, परिवार और व्यक्तिगत भावनाओं के बीच। जो व्यक्ति संतुलन बना लेता है, वही सच्चे अर्थों में सफल होता है। जीवन की असली खुशी दूसरों के लिए जीने में है। जब परिवार के सदस्य एक-दूसरे की परवाह करते हैं, तो वहां हमेशा प्रेम, शांति और सुख बना रहता है।

क्या आपकी हथेली में भी यहां है तिल?

सामुद्रिक शास्त्र अनुसार शरीर पर मौजूद तिल हमारे भविष्य से जुड़े कई गहरे राज खोलते हैं। कई तिल हमारे जन्म से ही होते हैं तो कई समय के साथ-साथ उभरते जाते हैं। आज हम आपको हथेली के शुभ तिलों के बारे में बताएंगे। कहते हैं जिनकी हथेली के बिल्कुल बीच में तिल होता है ऐसे लोग राजयोग लिखाकर पैदा होते हैं। इन्हें जीवन में वो सबकुछ मिलता है, जिनकी इन्हें चाहत होती है। चलिए जानते हैं हथेली के भाग्यशाली तिलों के बारे में विस्तार से यहां।

हथेली के भाग्यशाली तिल

समुद्रिक शास्त्र में सबसे शुभ तिल उसे माना जाता है जो हथेली के बिल्कुल बीचों-बीच हो। यानी जो तिल मुट्ठी बंद करने पर हथेली के अंदर आ जाए, वे ही सबसे शुभ माना जाता है। कहते हैं ऐसे लोग धन के मामले में बेहद भाग्यशाली होती है। इनके पास पैसा आता भी बहुत है और टिकता भी है। इन्हें जीवन में कभी आर्थिक तंगी का सामना नहीं करना पड़ता।

ऐसे तिल राजयोग की निशानी

जिन लोगों की तर्जनी उंगली के ठीक नीचे वाले हिस्से पर यानी गुरु पर्वत पर तिल होता है, ऐसे लोग भी भाग्यशाली माने जाते हैं। ये बहुत बुद्धिमान और अच्छी नेतृत्व क्षमता वाले होते हैं। इन लोगों कोग शिक्षा, राजनीति या प्रबंधन के क्षेत्र में खूब सफलता प्राप्त होती है।

अंगूठे के ठीक नीचे वाले उभरे हुए हिस्से को शुक्र पर्वत कहते हैं। यहां पर तिल होना भी बेहद शुभ माना जाता है। कहते हैं ऐसे लोगों का जीवन सुख-सुविधाओं से भरा रहता है। इनका जीवन ऐश-ओ-आराम से बीतता है। ये लोग लग्जरी लाइफ जीते हैं।

सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार किसी भी व्यक्ति के अंगूठे पर तिल होना भी बेहद शुभ माना जाता है। कहते हैं ऐसे लोगों की इच्छा शक्ति काफी मजबूत हो जाती है। ये तिल अच्छी निर्णय क्षमता और नेतृत्व का प्रतीक होता है।

अनामिका उंगली पर तिल होना भी बेहद शुभ माना गया है। कहते हैं ऐसे लोग को सरकारी कार्यों में बड़ी सफलता मिलती है। ये कला और प्रशासन के क्षेत्र में खूब नाम कमाते हैं।

जीवन रेखा, मस्तिष्क रेखा और भाग्य रेखा के संगम पर तिल होना बहुत शुभ माना जाता है। ऐसे लोग बड़े आदमी बनते हैं। इन्हें धन-वैभव और मान-सम्मान मिलता है।

लड़कियों के बाएं बाथ पर तिल होना बेहद शुभ माना जाता है। कहते हैं ऐसी स्त्रियों का दांपत्य जीवन सुखमय होता है। साथ ही इन्हें जीवन में धन-ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है।

यहां महादेव हर साल साक्षात मनुष्य रूप में देते हैं दर्शन!

केरल में चेट्टूयेनचेरी महेश्वर मंदिर अपने आप में अनोखा है। यहां भगवान शिव की पूजा और उनकी कृपा प्राप्ति का तरीका सबसे अलग है। जहां महादेव को जीवंत शक्ति के रूप में पूजा जाता है और उनका अवतार लेने वाले से आशीर्वाद लिया जाता है।

यह परंपरा केरल के मुरिंगेरी में स्थित चेट्टूयेनचेरी महेश्वर मंदिर में सालों से चली आ रही है, जहां हर साल भक्तों को महादेव साक्षात मनुष्य रूप दर्शन देते हैं।

भगवान शिव को समर्पित है चेट्टूयेनचेरी मंदिर केरल के कन्नूर जिले में अंचराक्कंडी के पास मुरिंगेरी में स्थित चेट्टूयेनचेरी महेश्वर मंदिर भगवान शिव को समर्पित है।

यहां उनके शांत और शक्तिशाली दोनों रूपों की पूजा की जाती है। मंदिर में नवरात्रि के समय नवरात्रि महोलसवम का आयोजन किया जाता है, जिसमें गणपति होमम और सरस्वती पूजा जैसे अनुष्ठान किए जाते हैं।

सहस्त्र दीपा समर्पणम परंपरा

मंदिर में सहस्त्र दीपा समर्पणम (एक हजार दीपक जलाना) जलाने की परंपरा भी सालों से निभाई जा रही है। उत्सव का समापन विजयादशमी पर विद्यारंभम के साथ होता है, जहां बच्चों के पठन-पाठन की शुरुआत की जाती है।

क्या है अप्रैल में होने वाली कालरात्रि थेय्यम परंपरा

माना जाता है कि इस मंदिर में भगवान शिव को नहीं, बल्कि उनके रौद्र और शांत दोनों ऊर्जा को पूजा जाता है। यही कारण है कि यहां अप्रैल के महीने में शक्तिशाली कालरात्रि थेय्यम की परंपरा सालों से निभाई जा रही है। इस परंपरा में एक अज्ञात व्यक्ति भारी-भरकम मुकुट पहनकर खुद को रंग-बिरंगे-रंगों से रंगता है। भगवान शिव का रूप लेने के लिए व्यक्ति घास और पत्तों का भी इस्तेमाल करता है क्योंकि भगवान शिव अर्द्धनारीश्वर हैं और मां पार्वती प्रकृति का रूप हैं।

मध्यरात्रि में मनुष्य रूप में होता है महादेव का दर्शन

देवता का रूप धारण करके व्यक्ति मध्यरात्रि में दर्शन देता है और क्रोध से भरा नृत्य भी करता है। भक्त थेय्यम में भारी संख्या में जुटते हैं और भगवान शिव का आशीर्वाद लेते हैं। कुछ लोग थेय्यम में देवता बने मनुष्य के सामने अपनी मनोकामना भी बोलते हैं। उन्हें विश्वास है कि सामने खड़ा इंसान भगवान शिव का ही रूप है और उसके अंदर उन्हीं की ऊर्जा है। यह परंपरा जीवंत रंगों और गहरी भक्ति को प्रदर्शित करती है।

वरुथिनी एकादशी पर करें ये 3 उपाय

हिन्दू धर्म में हर एक एकादशी तिथि का बहुत महत्व होता है। इस दिन भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा करने का विधान है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार श्री हरि की पूजा करने से जीवन की समस्याओं से छुटकारा मिलता है और सुख-शांति बनी रहती हैं। पंचांग के अनुसार फिलहाल वैशाख का महीना चल रहा है और इस महीने की कृष्ण पक्ष की एकादशी को वरुनिथी एकादशी कहा जाता है। इसी कड़ी में आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि अप्रैल में वरुथिनी एकादशी का व्रत कब रखा जाएगा और किन उपायों से भगवान विष्णु को प्रसन्न कर सकते हैं।

कब है वरुथिनी एकादशी 2026 ?

वैदिक पंचांग के अनुसार वैशाख माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि की शुरुआत 12 अप्रैल 2026 को मध्यरात्रि 1 बजकर 17 मिनट पर होगी। वहीं, इसका समापन 13 अप्रैल 2026 को मध्यरात्रि 1 बजकर 9 मिनट पर होगा। ऐसे में उदयातिथि के अनुसार इस साल वरुथिनी एकादशी का व्रत 13 अप्रैल 2026 को रखा जाएगा। साथ ही व्रत का पारण अगले दिन यानी 14 अप्रैल को किया जाएगा।

वरुथिनी एकादशी के उपाय

भगवान विष्णु को प्रसन्न करने का उपाय

वरुथिनी एकादशी पर भगवान विष्णु को प्रसन्न करने के लिए आप यह उपाय कर सकते हैं। इसके लिए आपको एकादशी पर पूजा के दौरान ताजे गन्ने के रस से श्री हरि का अभिषेक करना होगा। शास्त्रों के अनुसार ऐसा करने से आर्थिक संकट से मुक्ति मिलती है और धन प्राप्ति के योग बनने लगते हैं।

तुलसी की करें पूजा

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार वरुथिनी एकादशी पर तुलसी पूजन करना बेहद शुभ माना जाता है। इस दिन आप तुलसी की पूजा करें और घी का दीपक जलाएं। इसके बाद तुलसी चालीसा का पाठ करें। माना जाता है कि ऐसा करने से वैवाहिक जीवन की समस्याएं दूर होती हैं और सुख-शांति बनी रहती है।

अक्षय तृतीया पर इन 4 चीजों का दान करना न भूलें

अक्षय तृतीया के दिन जरुरतमंदों को सत्तू, जौ, गेंहू का दान करना चाहिए। ये जरुरत की चीजें हैं। अन्न दान महादान माना गया है। ज्योतिषाचार्य अनिष व्यास के अनुसार जौ का दान स्वर्ण दान के समान माना गया है। जौ को सोने की तरह शुद्ध माना जाता है। इससे धन आगमन के रास्ते खुलते हैं।



अक्षय तृतीया पर कपड़ा, छाता, चप्पल, पानी से भरा घड़ा, खरबूज, फल का दान करना उत्तम फलदायी माना जाता है। इससे न सिर्फ देवी-देवता बल्कि पितर भी प्रसन्न रहते हैं।

प्रेमानंद महाराज जी के अनुसार,अक्षय तृतीया पर भगवान के नाम का जप और कीर्तन करना सबसे बड़ा दान है। भगवान के प्रति किया गया नाम जप ही व्यक्ति के जीवन को संवारने का काम करता है, उसे सही मार्ग दिखाता है।

प्रेमानंद महाराज जी के अनुसार,अक्षय तृतीया पर भगवान के नाम का जप और कीर्तन करना सबसे बड़ा दान है। भगवान के प्रति किया गया नाम जप ही व्यक्ति के जीवन को संवारने का काम करता है, उसे सही मार्ग दिखाता है।

अक्षय तृतीया के दिन मंदिर निर्माण या मंदिर में काम आने वाली वस्तु का दान करना चाहिए। धर्म की उन्नति के लिए दिया गया दान उत्तम होता है। इससे जीवन में सकारात्मक बदलाव होने लगते हैं।

गरुड़ पुराण में बताया गया है कि जल दान से तृप्ति मिलती है। अन्न दान से अक्षय सुख, तिल के दान से संतान सुख, भूमि दान से मनचाही चीज मिल सकती है। सोने का दान करने से लंबी उम्र मिलती है।

ए आई के अन्वेषक वैज्ञानिक : राज रेड्डी

अतुल कुमार



आधुनिक विज्ञान ने कंप्यूटर के रूप में जिस यंत्र को ईजाद किया वह न केवल लोगों के जीवन का अकाट्य भाग बना बल्कि यह रोज़गार प्रदाता भी बना . कालांतर में इसकी उपयोगिता प्रचंड रूप में बडी और बड रही है इसके विस्तार के रूप में लैपटाप और टैबलेट सामने आये तो स्मार्ट फोन ने इसके इस्तेमाल को और बढावा दिया . आई टी (सूचना प्रद्योगिकी) का यह मुख्य हिस्सा बना . जो बाद में सभी कार्यों विशेषकर जीवन के विविध कार्यों का महत्वपूर्ण भाग बना .इन दिनों चर्चा ज़ोरों पर है कि क्या तकनीक का मौजूदा चेहरा बदलेगा और इसके विकल्प के रूप में नयी तकनीक खडी होगी ? इसको ले ए आई (आर्टिफ़ीशियल इंटेलिजेंस) " कृत्रिम बुद्धिमत्ता " जिसका अर्थ है मानवीय बुद्धिमत्ता की आवश्यकता वाले कार्यों की क्षमता रखने वाला यंत्र . सूचनाओं के अनुसार इसकी शुरुआत सन 1950 के दशक में हुई लेकिन इसकी महत्ता को सन 1970 के दशक में पहचान मिली .

बताया जाता है कि जापान ने सबसे पहले इस ओर पहल की और सन 1981 में " फिफ्थ जेनेरेशन ' के रूप में इसकी शुरुआत हुई इसके बाद दुनिया के कई देशों ने इस ओर ध्यान दिया . कई देशों में अभी यह शैशावस्था में है .दरअसल यह जटिल विषय है समय समय पर इसको ले वैचारिक मंथन होते हैं क्यों कि तकनालाजी के माध्यम से तेज़ी से बदलाव देखने को मिल रहे हैं . जानकारों के अनुसार यह नवीन प्रणाली द्वारा नियंत्रित पद्धति है जिस पर गहन अध्ययन तथा मनन हो रहा है .ए आई मानव बुद्धि की भांति रचनात्मक कार्यों को जल्द करने में सक्षम होगा . इस पूरे परिदृश्य का दिलचस्प तथ्य यह है कि इस प्रणाली को अंन्वेषित करने का श्रेय भारतीय मूल के अमेरिकी आई टी वैज्ञानिक राज रेड्डी को है जिनको सूचना प्रौद्योगिकी का महान ज्ञाता और विद्वान माना गया.

डा राज रेड्डी कंप्यूटर विज्ञान के विद्वान और प्रोफेसर हैं . रोबोटिक्स के अच्छे ज्ञाता हैं स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में कंप्यूटर विज्ञान को पढाया . डा रेड्डी को शोध परक विषयों में रुचि रही है उनके वैज्ञानिक शोधों में प्रौद्योगिकी के माध्यम से " सामाजिक सेवा में प्रौद्योगिकी की भूमिका , संगठनात्मक क्षमता बढाने वाले उपकरण और संरक्षक माध्यम ,डिजिटल लोकतंत्र ,और सार्वभौमिक डिजिटल अभिलेखागार" आदि शामिल हैं . सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उनके नवाचारों ने मानव ज्ञान और युग पर अमिट छाप छोडी . डा रेड्डी ने अपने शोधों में मानव लैपटाप अंतःक्रिया .यंत्र विश्लेषण और आत्मनिर्भर प्रणालियों में प्रगति के मार्ग को प्रशस्त किया . जैसे मशीनों द्वारा मनुष्य की सभी जिज्ञासाओं के समाधानों को बताना . उनके प्रयासों ने आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस को खोज उसकी सीमाओं को बढावा दिया . इसके लिये स्वास्थ्य सेवा ,शिक्षा, और परिवहन जैसे क्षेत्रों को प्रेरित किया.

उच्च शिक्षा में नये प्रयोगों और डिजिटल डिवाइड के दूसरी ओर रहने वाले लोगों को डिजिटल तकनीक तक पहुंचाने का प्रयास किया . कंप्यूटर का उपयोग कर वाक तरंगों को खोज उसको कारगर बनाया कहा भी कि आई टी विद्वान मैकार्थी द्वारा सुझाई गयी कई परियोजनाओं को इसलिये चुना क्यों कि उन्हें प्राकृतिक भाषाओं में रुचि थी और वह जानना चाहते थे कि क्या कंप्यूटर का इस्तेमाल कर उन भाषाओं को सीखा जा सकता है ! इस तथ्य का ज़रा भी अंदाज़ा उनको नहीं था कि उनकी यह " कक्षा परियोजना " उनके पूरे वैज्ञानिक जीवन का अहम हिस्सा बन जायेगी . जो हुआ . किसी भी भाषा को कंप्यूटर के माध्यम से सीखा जा सकता है . इसे सिद्ध किया . उन्होंने मैकार्थी के मार्गदर्शन में वाक पहचान पर अपनी पी एच डी को पूरा किया.यह स्टैड फोर्ड के नवगठित कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा प्रदान की गयी पहली पी एच डी थी जिसकी टेक्नोलाजी की दुनिया में सर्वत्र सराहना हुई .

रेड्डी को अपने पहले कंप्यूटर की याद आती जो एक इंग्लिश इलेक्ट्रिक ड्यूस के साथ हुआ था जिसने उनके इरादों को विस्तार दे इसके उपयोगों को बढावा दिया . गणित में विद्वान होने के कारण उनको इस पूरे सिस्टम को मन माफिक बनाने तथा संचालित करने में सुविधा हुई सन 1970 के दशक में पहले रियल टाइम सतत भाषण पहचान प्रणाली को विकसित किया जो आज के सिरि व अलेक्षा जैसी तकनीकों का आधार है .जो सूचना प्रौद्योगिकी के लिये अहम मोड सिद्ध हुआ . सन 1979 में दुनिया के पहले रोबोटिकस संस्थान की स्थापना की दूर दृष्टा हैं जान गये कि देर सबेर यही प्रणालियां और व्यवस्थाएं मनुष्य के जीवन का मुख्य आधार बनेंगी . आई आई आई टी हैदराबाद की स्थापना की और उसके अध्यक्ष के रूप में शिक्षा प्रणाली में रिसर्च को बढावा दिया . एडवर्ड फगेनबाम के साथ मिलकर बडे पैमाने पर आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस सिस्टम के डिज़ाइन और निर्माण के लिये सन 1994 में उन्हें टेक्नालाजी के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार " टरिंग अवार्ड " से सम्मानित किया गया .

50 वर्षों से अधिक समय तक स्टैनफोर्ड और कार्नेगी मेलन यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर के रूप में कार्य किया . ग्रामीण युवाओं को तकनीकी शिक्षा प्रदान करने के लिये राजीव गांधी नालेज टेक्नालाजी यूनिवर्सिटी की स्थापना में सहयोग दिया . ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को सूचना प्रौद्योगिकी के ज्ञान से जोडने के लिये सदा प्रयत्नशील रहे .उनका पूरा नाम डबबाला राजगोपाल रेड्डी " राज रेड्डी " है . आर्टीफीशियल इंटेलीजेंस (ए आई) के वह शुरुआती अग्रदूतों में हैं इस वैज्ञानिक का जन्म 13 जून 1937 को आंध्र प्रदेश के चित्तूर ज़िले के कातुर गांव के एक तेलुगु भाषी परिवार में हुआ . अपने गांव -परिवार में कालेज जाने वाले पहले व्यक्ति थे जिसे लोग हैरत व सम्मान से देखते .उस समय बिजली न होने के बावजूद शिक्षा प्राप्ति की जिन उंचाइयों को प्राप्त किया उसने पूरे कंप्यूटर साइंस तथा सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र को नयी दिशा प्रदान की .विज्ञान और अभियांत्रिकी के क्षेत्र में योगदान के लिये भारत सरकार द्वारा सन 2001 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया . किसी शायर ने खूब लिखा " उम्मीदों के चिराग जला ,अंधियारे को दूर किया / हर आम आदमी की सोच को मजबूर किया / अब न कोई बेबस लाचार है / उस शख्स ने इंसान को अपने ज्ञान पर भरोसा करना सिखाया // वैज्ञानिक राज रेड्डी ने यही किया.

काव्य कुंज

अंतरिक्ष की वेदना

कौशल्या गुप्ता, हैदराबाद

आओ आओ हे धरा पुत्र,
सुस्वागत है तुम्हारा
पर मैं महाशून्य,
आज व्यथित हूं,
इतना विशाल पर रिक्त हूं ।
मनुपुत्र तुम वहां से आए हो,
जहां हर आगत की,
पुष्पों से स्वागत करने की,
पावन परंपरा है ।
पर विवश हूं मैं ₹महाशून्य₹
यहां के विकराल अंधकार में
पाषाण पिंड ही तिरते हैं
धूमकेतु के विकराल रूप से
देखो मानव, कितना डरते हैं ।
बहुत सुंदर है तुम्हारी धरती
शायद इसी लिए तो
प्रेमी बादल मंडराते हैं,
गूंथ गूंथ इंद्रधनुषी माला
हंस हंस कर पहनाते हैं ।
धरतीमाता सी दानी
यहां कोई पिंड नहीं है,
सब सलिलहीन और शुष्क बने,
अंधकार में घूम रहे हैं
अंकुरण एवं पोषण का भार
कोई वहन नहीं करता
वन,उपवन और कुंज नहीं तो
पुष्प कहां से लाएं?
बिन ऋतुओं के आमंत्रण के
कुकी कहां से आएं
इतना मही देती तेरी
लाखों जीवन पलते हैं
तृण के आगे भी हाथ धरो तो
मोती से भर देते हैं
यहां कोई चांदनी नहीं
न ही सूर्योदय होता है
निःशब्द अंधकार के सागर में
उल्के ही उल्के जलते हैं
ओ साहस के साकार मूरत
जा धरती पर लौट जा
सौंदर्य धरा का न बिगड़े
कुछ ऐसी विधा बनाना
कहना हर मानव से जाकर
जीने के लिए उन्हें
शून्य की नहीं...सृष्टि की बड़ी जरूरत है
नदी सलिल सब स्वच्छ रहे
जल प्राणी सब स्वच्छ तिरे
प्रयास यही तुम करना
प्रदूषण की कालिमा से...
कली कली अब मुक्त रहे
कुछ ऐसा अन्वेषण करना
कि धरा रोग से मुक्त रहे
प्रेम भाव से सारा जन मन,
मुक्त हंसे..उन्मुक्त बसे
यह सृष्टि धरा का है स्पंदन
तुम इसका करना संरक्षण ।।

मोबाइल

अब खुद ही गिर जाओ तुम,
टूट कर जमीं पर ।
पत्थर मारने वाला बचपन,
मोबाइल मे व्यस्त है।।
अच्छी थी, पगडंडी अपनी।
सड़कों पर तो, जाम बहुत है।।
फुर्र हो गई फुर्सत, अब तो।
सबके पास, काम बहुत है।।
नहीं जरूरत, बूढ़ों की अब।
हर बच्चा, बुद्धिमान बहुत है।।
उजड़ गए, सब बाग बगीचे।
दो गमलों में, शान बहुत है।।
मट्ठा, दही, नहीं खाते हैं।
कहते हैं, ज़ुकाम बहुत है।।
पीते हैं, जब चाय, तब कहीं।
कहते हैं, आराम बहुत है।।
बंद हो गई, चिट्ठी, पत्री।
व्हाट्सएप पर, पैगाम बहुत है।।
आदी हैं, ए.सी. के इतने।
कहते बाहर, गर्मी बहुत है।।
झुके-झुके, स्कूली बच्चे।
बस्तों में, सामान बहुत है।।
नही बचे, कोई सम्बन्धी।
अकड़,ऐंठ,अहसान बहुत है।!
सुविधाओं का, ढेर लगा है।
पर इंसान, परेशान बहुत है।।

जेपी शर्मा, नई दिल्ली

मुझे थोड़ी सी सांसें दे दो मां

संजीव ठाकुर, रायपुर

मां, तुम्हारे अंतर मन की
एक बहुत छोटी सी धड़कन
इतनी छोटी कि
अभी शब्द भी नहीं बन पाई ,
बस धीरे-धीरे शरीर मे
तुम्हारी सांसों के साथ
घुलना,मिलना सीख रही ।
मां, तुमने ही कहा
ईश्वर दिखाई नही देते
उन्होंने मां बनाई।
क्या मैं उसी दयालु ईश्वर की भूल
या तुम्हारी अधूरी आकांक्षा की प्रार्थना?
मैंने अभी चक्षु भी नहीं खोले,
पर महसूसा तुम्हारे मन का भय,
घर के कोनों में हृदय भेदी कानाफूसी,
उन शब्दों की खून जमा देने वाली ठंडक
जो कहते "बेटी नहीं बेटा चाहिए,
मां, मैं तेरी अजन्मी प्रतिछाया
जिसका न रूप, ना अस्तित्व,
मैं बस तेरी हथेली की महीन रेखा बनना चाहती
तुम्हारी हंसी में एक हल्की सी गूंज,
तुम्हारी थकान में एक कोमल सा अहसास।
मुझे भी गुड़िया से खेलना पल्लू पकड़कर
चलना , रसोई की खुशबू में तुम्हारा हाथ बटाना था।
मां, तुम भी तो किसी माँ की सांसे रही
विस्मृत कैसे कर गईं, बेटियां घर नहीं छोड़तीं,
वे तो घर को अपने भीतर समा लेती हैं।
कोई बोझ नहीं हूँ मां, मैं तुम्हारे ही अंश की
एक नाजुक, कोमल परछाई जिसे बस थोड़ी सी
गुनगुनी धूप चाहिए, थोड़ी सी सांस,
और जीने का एक छोटा सा अवलंब।
मां, मत धकेलो मुझे उस अंधकार में
जहां उजाले की कोई आस नहीं ,
जहां आशाएं जन्म लेने से पहले ही
विलुप्त हो जातीं ।
मुझे भी सृष्टि की सोंधी मिट्टी पर
पैर रखने दो, मैं भी तुम्हारी तरह एक दिन
किसी घर का आकाश बनना चाहती बस,
इतनी सी विनती मुझे भी थोड़ी सी सुबह का
उजाला दे दो मैं तुम्हारे ही दीपक की
महीन बाती हूँ।

सजल

रेणुका अग्रवाल हैदराबाद

जरा सी बात पर बरसों के याराने गए।
बेटों के होते हुए मां बाप के ठिकाने गए।
न जाने ग़मों को छुपाकर कैसे हँस लेते हो
सदियों से चुपचाप मर सयाने गए।
बड़ी बेकूफ़ महिला सिर्फ़ मां होती है।
जिसे देवी बनाकर लूटे,
उसी के आशियाने गए।
क्यों बददुआ असर नहीं करती आज कल
क्या वक्त भी समय को बिताने गए।
मतलब का प्यार था शादी भी हुई थी
बच्चों का साथ निभाने के बहाने गए।
कैसी कैसी कारगुज़ारी करते रहे घर के लोग
बूढ़े मां बाप को रुलाने, सताने गए।
मौसम बदल रहा है लोग भी बदल रहे हैं।
पार्टी बदली सिंहासन बदले,मयखाने गए।

दोहे

डॉ संजुला सिंह जमशेदपुर

भीतर तन्हा है जिंदगी बाहर है शोर अपार
सच्चाई दम तोड़ रही झूठों की लगी बाजार ।
ममता, माया, मोह के चंगुल में फंसा इंसान
लालच के वशीभूत हो बन रहा है हैवान ।
औरों को गिराने की खातिर हरदम चलता चाल
इसीलिए तो खुद का भी
किया बुरा है हाल ।
मछुआरे सा रात दिन
बिछा रहा है जाल
लगा मुखौटा घूम रहा
इंसा का पहने खाल ।
भीतर भरी है चालाकी
बाहर से दिखे शांत
जुड़कर अच्छे मानव से करता उसे अशांत ।
स्वार्थ से है भरा हुआ नीयत में है खोट
इसीलिए तो दे रहा हर रिश्तों को चोट ।
आज शर्मशार है मानवता मानव का देख स्वरूप
दीखता सुंदर बाहर से पर भीतर से है कुरूप ।
किसपे करें यकीन हम किससे रक्खें आस
मानव में भर रही क्रूरता पल में तोड़े विश्वास ।
संत -महंत जो कह गए मानो उनकी बात
आस करो बस ईश्वर का जो देगा हरदम साथ ।

ये वैशाख

कुमुद बाला, हैदराबाद

होठों पे बैठी प्यास की कसम ने
दी गर्मी को है चेतावनी
बदरी को रख आँचल में सजनी
बन जा कवि की कामायनी
पवन का झोंका जब भी आता
बैसाखी की चूनर संग ले आता
स्वागत है मौसम के इकतारे की
मधुर राग पर गीतों की बारात सजाता
सुंदर फूलों को क्यारियों ने देखो
बनायी है तितलियों की रामायणी
होठों पे बैठी प्यास की कसम ने
दी गर्मी को है चेतावनी
बदरी को रख आँचल में सजनी
बन जा कवि की कामायनी
जौ की बालियाँ अब लगी हैं झूमने
भीनी सुगंध लगी पौधों को चूमने
कोयल काली उस अमराई में बैठ
आम्ररसों की पूरियाँ लगी है पूरने
दृश्य परिलक्षित हो रहा है सुंदरतम
आओ गायें हम साथ नारायणी
होठों पे बैठी प्यास की कसम ने
दी गर्मी को है चेतावनी
बदरी को रख आँचल में सजनी
बन जा कवि की कामायनी

मानव एकता रामबाण

गीता अग्रवाल हैदराबाद

मानव एकता रामबाण,
जिसमें सबका कल्याण।
मानव एकता में छिपी,
मानव की असली शान।।
बुद्धिजीवी ही तो,
आपस में भिड़ जाते हैं,
एक दूजे से आगे
बढ़ने के प्रयास लगाए जाते हैं,
जब सर से पानी गुजर जाए,होता सर्व विनाश
मजबूरन शाँति सौहार्द के कयास लगाए जाते हैं,
आर्थिक विकास के लिए,एकता बड़ा समाधान।
मानव एकता रामबाण जिसमें सबका कल्याण।
मानव एकता में छिपी,मानव की असली शान।।
एकता में शक्ति इतनी एक दूजे से सीखेंगे,
एक दूजे के देश में जाकर नए नजारे देखेंगे,
प्रेम से निभे दोस्ती तो एकता मजबूत होगी
जंग के फिर आसार न होंगे,चैन की नींद सोएंगे,
फिर तो हरेक की जिंदगी बन जाये वरदान।
मानव एकता रामबाण जिसमें सबका कल्याण।
मानव एकता में छिपी,मानव की असली शान।।

अपना देश

टी तारासिंह हैदराबाद

ये हमारी जमी है ये हमारा देश है
इसके लिए सजाये थे सपने ज्यादा
इसके लिए बहाये थे खून ज्यादा
सतरंगो से सजायेगे हमारे भारत देश को
किसी की रहम नही चाहिए
किसी की हमदर्दी नही चाहिए
हम बने है निडर और ज्ञानी
अपनी जमी अपना देश से है प्यार
सर कटायेगे मगर सर न झूकायेगे
किसी को दर्द न देना
किसी का हक न छिनना
अपनी हिम्मत ही सबका सहारा बनना
रब से दुआ-सलाम करते
हमसब खुश रहे ओर मिलकर रहे ।।

मैंने दूर तक की...

दर्शन सिंह हैदराबाद

मैंने दूर तक की
अनगिनत बात सोच रखी थी
एक उदास सी शाम ने
मुझे आईना दिखा दिया
यादों का कोई
कांटा चुभ रहा था
सन्नाटा है चारों ओर
पर कानों में
तेरा नाम गूंज रहा है
हां मोम सा पिघला हूं
वो अपने सांचे में ढाल..
अपने मुताबिक अपने रंग मुझ में भर रहा है
काश , हिम्मत की होती जरा सी तू ने
तो मैं तेरे रंगों में रंग जाता चला तो था
सुनामी आ गई भंवरों में समा गया
मैंने दूर तक की..
तेरी चुप्पी बर्फ़ माफिक काम कर गई
मेरी मेरे मन में और तेरी तेरे में रह गई
चाहत रौशन करता अपनी लौ से जहां तेरा
ये कसक मन में ही रह गई तेरी दुनिया भी
इस रौशनी से महरूम रह गई
बीनना तो चाहा था लेकिन
अजीब वाक्या अंधेरों का तोहफा
थमा गया मैंने दूर तक की...

प्राकृतिक पर्यावरण प्रदूषित

मोनिका डागा, चेन्नई

हर तरफ से हो रहा
प्राकृतिक पर्यावरण प्रदूषित,
असंख्य आपदाएं विपदाएं
झेल रहे हैं किसान,
कंक्रीटों का बिछ रहा जाल
प्रदूषित वातावरण,
मौसम की उलट-फेर से
दुखद हुए हैं दिनमान ।
गर्मी के मौसम में बरस रहे हैं मोटे-मोटे ओले,
फसलों को हो रहा हैं भारी-भरकम नुकसान,
बड़ी मात्रा में स्वास्थ्य संपदा अन्न को हुई हानि,
मगर चुप है एहसान फरामोश निर्दयी इंसान ।
पैसों की करेगा खेती उसी से भरेगा सबका पेट,
मति भ्रमित महत्वाकांक्षाओं का जड़त्व व्याख्यान,
प्रकृति को देकर चुनौती लापरवाह बन बैठा ये,
कर रहा है अंजानी समस्याओं का नित आव्हान ।
फट रहे कहीं बादल कहीं अतिवृष्टि कहीं सूखा,
डोल रही धरती भूकंप कहीं धंस रही है जमीन,
रोएं बेजुबान पशु-पक्षी पेड़-पौधे कहे दर्द किसे,
प्रकृति की नाराज़गी ने कर दिया जीवन गमगीन ।
ओ मूर्ख! कितना भी उड़ ले हवा में हो मदहोश,
काल्पनिक अहम के जग में हो ₹आनंद₹ तल्लीन,
प्रकृति से माँग ले तू अपने किए गुनाहों की माफी,
वरना हो जाएंगा तेरा अस्तित्व एक दिन विलीन ।

कसौटी

डॉ हेमंत सुराना, उदयपुर

जीवन कसौटियों से घिरा हुआ,
जन्म के साथ ही शुरू हुआ
बढ़ते जीवन के साथ बढ़ता गया,
कसौटियों का रूप बदलता गया
आज कसौटी और पैमाने कुछ और,
जो आज है उसी पे तू गौर
जिन्दा है हर रोज़ तराशे जाओगे,
जिंदगी की कसौटी पर, हर बार आंके जाओगे
खिलता गुलाब कहता काँटों से,
होता जीवन, एक कसौटी
जीवन एक परख और कसौटी,
जीवन एक परख और कसौटी।

राज्याभिषेक नवागन्तुक का

डॉ शोभा भंडारी हैदराबाद

निर्मोही न कहो पतझड़ ऋतु को,
ये तो नवागन्तुक पर्ण पलाश का,
नई नई कोंपलों के प्रस्फुरण का,
नई फसलों का राज्याभिषेक है,
आनेवाली नयी पौध का अभिवादन है,
नये उत्तराधिकारी के चयन का पर्व है!
अप्रतिम संदेश यह प्रकृति का,
हर नवाचार का स्वागत हो,
उत्प्रेरित हो हर नव युवा शक्ति,
संवर्धन हो उचित मार्गदर्शन का।
संप्रेषण होता रहे ऊर्जा- उष्मा का,
प्रोत्साहन अनवरत मिलता रहे युग प्रवर्तन का!!
आनेवाले कल में ही निहित है सुखी भविष्य की,
परिकल्पना,अभिचेतना और आकार,
नवचेतन से ही होता है सृष्टि का श्रृंगार,
जो वर्तमान को पोषित कर, लाता नया निखार!!

मां का गर्भ और बेटी होने का दर्द

सरिता कुशीनगर,यूपी

एक शिशु की सिसकियां सुनकर
जिस मां को उसका दर्द दिखता है
उसकी कोख में पल रहे अंश को
कोई बेटी जानकर कैसे मारता है
बेटा -बेटा करने वाले,
बेटियों से ही घर खिलता है
लगाकर आस बेटों का,
एक मां की कोख हर दिन जलता है
बेटा चाहिए बेटा चाहिए
हर दिन सास चिल्लाती है
बेटी पैदा होने पर दुनिया बहू को सताती है
बेटा हो या बेटी, दोनों एक बाग के ही फूल हैं
मत मारो बेटी को इनके भी कुछ उशूल हैं
हो यदि बेटी तो शुक्र करो भगवान का
नाम उजागर होगा इससे तुम्हारे दो खानदान का
ना झोंके इसे दहेज के हाथ शिक्षा दें भरपूर
यदि बचाना है अपने आगे की पीढ़ी तो
यह काम कर लेना जरूर
जब पढ़ेंगी बेटियां तो विकसित होगा यह जग सारा
यदि किए यह काम तो दहेज की आग में
ना जलेगा कोई परिवार दोबारा
बेटी बचाओ, बेटी पढाओ यही संकल्प तुम भी उठाओ
मानवता का धर्म अपनाकर यही नारा तुम भी दुहराओ ।।

रजत पथ के पावन पग

कमलेश झा भागलपुर, बिहार

जीवन के इस वसंत में
मिल रहे कुछ नए अनुभव।
वैवाहिक जीवन के
आँगन में जुड़ रहे मधुर अनुभव।।
वैवाहिक बंधन की जब
गाँठ पड़ी सन 99 की थी वो साल,
मन में सपनों का सावन था,
आशाओं का पूल विशाल।
ढाई दशकों की इस यात्रा में कभी धूप मिली तो कभी छाँव,
कभी हँसी के फूल खिले, तो कभी आँसू का था गाँव।
जीवन के इस डगर पर मिले कभी कटु-मृदु एहसास,
परिवार और समाज की जोड़ी करा रही जीवन का विश्वास।।
जब डोर बँधी थी भावना संग, लगता था कठिन यह राह,
मन की चाहत मन में समेटे, संग चलने का था अथक प्रयास।।
फिर आपसी समझदारी बढ़ी, प्रशस्त पथ की जागी चाह,
रजत वर्षगाँठ पार अब अपने कदम बढ़े हैं कुछ खास।।
निस्संदेह जीवन-माला से कम होते जा रहे साल दर साल,
फिर भी लगता है जैसे अगला पड़ाव होगा कुछ खास।।
शिकवे-शिकायत चलती रहेंगी यूँ हीं आने वाली सालों साल,
आपसी सामंजस्य से हीं जीवन गाड़ी बढ़ेगी हर बार ।।
कुछ मन की चाह अभी है बंकी, उसे पूर्ण करने का लक्ष्य,
परिवार और समाज संग मिलकर साधना है वही पक्ष।।
एक कहानी छूट जाएगी इस जीवन को जीने के बाद,
परिवार और समाज में रह जाएँगी बस कुछ अपनी मधुर याद।।
जब धरा छोड़ने की बारी आए, पहले जाने में न हो एतराज,
हक़ की लड़ाई अगर तुम लड़ो तो,
साथ चलने में न हो एतराज।।
साथ-साथ चलकर हीं बने वहाँ एक सुंदर स्वप्नलोक,
खिड़की-झरोखों से हँसता-खेलता दिखे अपना यह भूलोक।।

स्वतंत्र वार्ता
काव्य कुंज ब्लॉग
AGA, Publications, Ltd,
396, Lower Tankbund,
Hyderabad-500080

स्वतंत्र वार्ता साप्ताहिकी
हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम
रविवार, 12 अप्रैल, 2026

महाशक्ति की साख पर सवाल

क्या पश्चिम एशिया संकट ने अमेरिका की वैश्विक पकड़ कमजोर कर दी?

धीरेन्द्र प्रताप सिंह

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने एक बार फिर दुनिया की सबसे बड़ी महाशक्ति अमेरिका की भूमिका और उसकी वैश्विक साख पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। दशकों से खुद को विश्व व्यवस्था का संरक्षक बताने वाला अमेरिका आज ऐसे मोड़ पर खड़ा दिखाई देता है, जहां उसके फैसलों के असर और उसकी रणनीतिक क्षमता—दोनों पर चर्चा तेज हो गई है। हालिया घटनाक्रमों ने यह संकेत दिया है कि केवल सैन्य ताकत के भरोसे अंतरराष्ट्रीय नेतृत्व कायम रखना अब पहले जितना आसान नहीं रह गया है।

अमेरिका की विदेश नीति लंबे समय से शक्ति प्रदर्शन और गठबंधनों के सहारे आगे बढ़ती रही है। इराक, वियतनाम और अफगानिस्तान जैसे उदाहरण यह बताते हैं कि सैन्य हस्तक्षेप के बावजूद स्थायी समाधान हासिल करना हमेशा संभव नहीं रहा। इन संघर्षों ने न केवल अमेरिका की रणनीतिक सीमाओं को उजागर किया, बल्कि उसकी विश्वसनीयता को भी प्रभावित किया। आज पश्चिम एशिया में जारी तनाव ने इन सवालों को फिर से जीवित कर दिया है।

डोनाल्ड ट्रंप

मोजतबा खामेनेई

हालिया घटनाओं के संदर्भ में ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव तथा लेबनान की स्थिति ने पूरे क्षेत्र को अस्थिर बना दिया है। अमेरिका की भूमिका इस पूरे संकट में निर्णायक मानी जाती रही है, लेकिन मौजूदा हालात यह संकेत देते हैं कि उसका प्रभाव पहले जैसा मजबूत नहीं रह गया है। क्षेत्रीय शक्तियां अब पहले की तरह अमेरिकी दबाव को अंतिम निर्णय नहीं मान रही हैं। यह बदलाव वैश्विक शक्ति संतुलन में आ रहे परिवर्तन की ओर इशारा करता है।

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों के दौरान “अमेरिका फर्स्ट” का जो नारा दिया गया था, उसका उद्देश्य अमेरिका की ताकत और प्रभाव को बढ़ाना बताया गया था। लेकिन आलोचकों का मानना है कि इस नीति ने कई पुराने सहयोगियों के साथ भरोसे के रिश्तों को कमजोर किया। परिणामस्वरूप अंतरराष्ट्रीय मंच पर अमेरिका की पारंपरिक नेतृत्वकारी भूमिका को चुनौती मिलने लगी।

पश्चिम एशिया के ताजा हालात यह भी दिखाते हैं कि केवल सैन्य ताकत से किसी क्षेत्र में स्थिरता कायम नहीं की जा सकती। खाड़ी देशों की सुरक्षा, ऊर्जा आपूर्ति और क्षेत्रीय संतुलन जैसे मुद्दों पर अमेरिका की भूमिका महत्वपूर्ण रही है, लेकिन आज इन देशों के भीतर भी वैकल्पिक रणनीतियों और नए साझेदारों की तलाश बढ़ती दिखाई दे रही है। यह बदलाव आने वाले समय में वैश्विक राजनीति की दिशा तय कर सकता है।

इस संकट का एक दूसरा पहलू मानवीय भी है। युद्ध और संघर्ष का सबसे बड़ा असर आम नागरिकों पर पड़ता है—विस्थापन, आर्थिक संकट और असुरक्षा की भावना पूरे समाज को प्रभावित करती है। ऐसे में महाशक्तियों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि वे समाधान की दिशा में ठोस और संतुलित कदम उठाएं। केवल बयानबाजी या शक्ति प्रदर्शन से स्थायी शांति स्थापित नहीं की जा सकती।

आज आवश्यकता इस बात की है कि अमेरिका सहित सभी प्रमुख शक्तियां संवाद और कूटनीति को प्राथमिकता दें। वैश्विक नेतृत्व का अर्थ केवल सैन्य ताकत नहीं, बल्कि भरोसा, संतुलन और सहयोग की भावना भी होता है। यदि इन मूल्यों को नजरअंदाज किया गया, तो किसी भी महाशक्ति की साख लंबे समय तक टिक नहीं सकती।

पश्चिम एशिया का वर्तमान संकट केवल एक क्षेत्रीय संघर्ष नहीं है, बल्कि यह वैश्विक शक्ति संतुलन की परीक्षा भी है। आने वाले समय में यह स्पष्ट होगा कि दुनिया की महाशक्तियां इस चुनौती का सामना किस तरह करती हैं—संवाद के रास्ते से या टकराव के रास्ते से। इतिहास गवाह है कि स्थायी समाधान हमेशा समझदारी और संतुलन से ही निकलते हैं।

'दो टूक' संवाद नहीं, भरोसे की जरूरत है

निर्वाचन सदन
NIRVACHAN SADAN
भारत निर्वाचन आयोग
ELECTION COMMISSION OF INDIA

भारत में चुनाव आयोग केवल एक प्रशासनिक संस्था नहीं, बल्कि लोकतंत्र की विश्वसनीयता का सबसे मजबूत स्तंभ माना जाता है। यही कारण है कि जब आयोग की भाषा, निर्णय और कार्यप्रणाली को लेकर लगातार सवाल उठने लगते हैं, तो यह चिंता केवल राजनीति तक सीमित नहीं रहती, बल्कि पूरे लोकतांत्रिक ढांचे को प्रभावित करती है। आज यही स्थिति बनती दिखाई दे रही है।

पश्चिम बंगाल चुनाव से पहले चुनाव आयोग द्वारा 'एक्स' मंच से तृणमूल कांग्रेस को 'दो टूक' जवाब देने का मामला हो या केरल में आयोग के पत्र पर भाजपा की मुहर लगने का विवाद—दोनों घटनाओं ने आयोग की निष्पक्षता को लेकर नई बहस छेड़ दी है। संवैधानिक संस्था से अपेक्षा होती है कि वह राजनीतिक दलों से संवाद करते समय संयम और संतुलन बनाए रखे। लेकिन आयोग की भाषा और शैली ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या वह केवल निष्पक्ष है ही नहीं, बल्कि निष्पक्ष दिख भी रहा है?

स्थिति को और गंभीर बनाता है मतदाता सूची से जुड़े विवाद। पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद लगभग 91 लाख मतदाताओं के नाम हटाए जाने की खबर सामने आई है, जो कुल मतदाताओं का लगभग 12 प्रतिशत बताया जा रहा है। वहीं इस बार करीब 27 लाख लोग मतदान से वंचित रह सकते हैं। मतदान का अधिकार लोकतंत्र की आत्मा है। यदि इतने बड़े पैमाने पर मतदाता सूची से नाम हटते हैं, तो यह केवल तकनीकी प्रक्रिया नहीं रह जाती, बल्कि लोकतांत्रिक भागीदारी पर सीधा असर डालती है।

चुनाव आयोग की जिम्मेदारी केवल मतदाता सूची तैयार करना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदान से वंचित न रहे। लेकिन जब बूथ-स्तरीय अधिकारियों पर समय-सीमा और दबाव की खबरें सामने आती हैं और उनकी समस्याओं को पर्याप्त गंभीरता से नहीं लिया जाता, तो यह प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़े करता है। उत्तर प्रदेश के आईएएस अधिकारी अनुराग यादव को चुनाव पर्यवेक्षक पद से हटाए जाने की घटना ने भी आयोग की कार्यशैली को लेकर चर्चा तेज कर दी है। यदि संवैधानिक संस्था के भीतर ही अधिकारियों के साथ संवाद में संतुलन न दिखे, तो इससे संस्था की निष्पक्षता की धारणा कमजोर होती है।

यह भी याद रखना होगा कि चुनाव आयोग की विश्वसनीयता केवल उसके अधिकारों से नहीं, बल्कि उसके व्यवहार से बनती है। पिछले कुछ वर्षों में बार-बार यह धारणा उभरी है कि आयोग की कार्यप्रणाली सत्ता पक्ष के पक्ष में झुकी हुई दिखाई देती है। चाहे यह धारणा वास्तविक हो या केवल राजनीतिक आरोप, लेकिन इसका प्रभाव लोकतंत्र पर पड़ना तय है।

भारत में चुनाव हमेशा लोकतंत्र का उत्सव रहे हैं, जहां गरीब-अमीर, महिला-पुरुष, युवा-वृद्ध सभी बराबरी से भागीदारी निभाते हैं। लेकिन यदि लाखों लोग मतदाता सूची से बाहर रह जाएं और आयोग की भाषा भी टकरावपूर्ण दिखाई दे, तो यह लोकतांत्रिक विश्वास को कमजोर करता है।

आज जरूरत इस बात की है कि चुनाव आयोग अपनी निष्पक्षता को केवल बयान नहीं, बल्कि व्यवहार से साबित करे। संवैधानिक संस्था की ताकत उसकी दूरी और संतुलन में होती है, न कि उसकी प्रतिक्रिया की तीक्ष्णता में। आयोग को चाहिए कि वह 'दो टूक' संवाद की बजाय विश्वासपूर्ण संवाद की परंपरा को मजबूत करे, क्योंकि लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत जनता का भरोसा ही होती है।

भारतीय मूल के वैज्ञानिक अमित क्षत्रिय

बचपन में ह्यूस्टन में रॉकेट लॉन्च देखते हुए अंतरिक्ष के प्रति आकर्षण रखने वाले भारतीय मूल के वैज्ञानिक अमित क्षत्रिय आज नासा में शीर्ष पद पर पहुंच चुके हैं। नासा के एसोसिएट एडमिनिस्ट्रेटर के रूप में वे एजेंसी के सबसे वरिष्ठ सिविल अधिकारी हैं और प्रशासक जारेड आइजैकमैन के प्रमुख सलाहकार के तौर पर अहम जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

आर्टेमिस 2 मिशन की सफलता की जानकारी देने के लिए नासा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। इस दौरान मंच पर मौजूद शीर्ष पांच अधिकारियों में सबसे पहले बोलने का मौका अमित क्षत्रिय को दिया गया। एक भारतीय मूल के वैज्ञानिक को इस अहम भूमिका में देखकर भारतीयों में गर्व की भावना साफ नजर आई।

कैसा रहा क्षत्रिय का बचपन?

विस्कॉन्सिन में जन्मे क्षत्रिय भारतीय प्रवासी माता-पिता के बेटे हैं। उन्होंने कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से गणित में स्नातक और यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास, ऑस्टिन से मास्टर्स की डिग्री हासिल की। हालांकि उनका बचपन ह्यूस्टन के पास केटी शहर में बीता, जिसे वे अपना घर मानते हैं।

कैसे जगी स्पेस में रुचि?

नासा के जॉनसन स्पेस सेंटर के पास बड़े होते हुए उन्होंने कई स्पेस लॉन्च देखे, जिसने उनके करियर की दिशा तय की। पढ़ाई के बाद उन्होंने तेल-गैस और मेडिकल सेक्टर में काम किया, लेकिन 2003 में यूनाइटेड स्पेस एलायंस से जुड़कर उन्होंने अंतरिक्ष क्षेत्र में कदम रखा।

नासा में निभाई अमह भूमिका

क्षत्रिय ने नासा में सॉफ्टवेयर इंजीनियर, रोबोटिक्स इंजीनियर और स्पेसक्राफ्ट ऑपरेटर जैसी कई अहम भूमिकाएं निभाईं। उन्होंने इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आइएसएस) के रोबोटिक असेंबली में महत्वपूर्ण योगदान दिया। 2014 से 2017 के बीच वे स्पेस स्टेशन फ्लाइट डायरेक्टर रहे, जहां उन्होंने वैश्विक टीमों का नेतृत्व किया।

इसके बाद 2017 से 2021 तक उन्होंने आईएसएस व्हीकल ऑफिस के डिप्टी और एक्टिंग मैनेजर के रूप में इंजीनियरिंग, लॉजिस्टिक्स और हार्डवेयर प्रोग्राम का जिम्मा संभाला। 2021 में उन्हें नासा मुख्यालय में एक्सप्लोरेशन सिस्टम्स डेवलपमेंट मिशन डायरेक्टरेट में नियुक्त किया गया, जहां उन्होंने आर्टेमिस-I मिशन के तहत चंद्रमा के लिए मानवयुक्त यान की वापसी में अहम भूमिका निभाई।

मार्स मिशन में भी रहे शामिल

वह 'मून टू मार्स' कार्यक्रम के डिप्टी एसोसिएट एडमिनिस्ट्रेटर भी रहे, जिसका उद्देश्य चंद्रमा पर दीर्घकालिक मानव उपस्थिति स्थापित करना और भविष्य के अंतरग्रहीय मिशनों की तैयारी करना है। सितंबर पिछले साल उन्हें नासा का एसोसिएट एडमिनिस्ट्रेटर नियुक्त किया गया।

अपने उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए उन्हें नासा आउटस्टैंडिंग लीडरशिप मेडल से सम्मानित किया गया है। इसके अलावा, उन्हें 'सिल्वर स्नूपी' अवॉर्ड भी मिला, जो अंतरिक्ष यात्री उड़ान सुरक्षा में योगदान के लिए देते हैं।

कोविड में बनाया करियर: सालाना कमाते हैं 60 करोड़

समय रैना ने बीते दिनों यूट्यूब पर 'स्टिल अलाइव' नाम से एक वीडियो शेयर किया था, जिसके बाद से ही वो चर्चाओं में हैं। उन्होंने इस वीडियो में इंडियाज गॉट लेटेंट में हुई कॉन्ट्रोवर्सी के बारे में खुलकर बात की। साथ ही उन्होंने इसमें बताया था कि उन्हें इस विवाद के चलते 8 करोड़ का नुकसान होने वाला था, जब उनके पास टोटल सेविंग्स ही 8 करोड़ की थी।

इसके बाद से ही लोग उनकी नेट वर्थ का अनुमान लगाने लगे। तो चलिए जानते हैं समय रैना की नेट वर्थ और उनकी लक्जरी लाइफस्टाइल के बारे में।

नेट वर्थ स्पॉट के मुताबिक, समय रैना की नेट वर्थ करीब 150 करोड़ के आसपास है। हालांकि उनके और भी इनकम सोर्स को अगर मिलाया जाए, तो उनकी नेट वर्थ करीब 215 करोड़ के आसपास हो सकती है।

इस रिपोर्ट के अनुसार उनके यूट्यूब चैनल पर हर महीने करीब 68.7 मिलियन व्यूज आते हैं। इस हिसाब से एड रिवेन्यू और इंगेजमेंट मिलाकर उनकी सालाना कमाई 38 करोड़ से 68 करोड़ के आसपास हो सकती है।

समय रैना का करियर

समय ने अपने करियर की शुरुआत स्टैंड-अप कॉमेडियन के रूप में की थी। उन्हें पहचान 'कॉमिकस्तान सीजन 2' जीतने पर मिली। लेकिन उनके करियर की असली ग्रॉथ कोविड 19 में हुई जब उन्होंने यूट्यूब पर चेस गेम की स्ट्रीमिंग शुरू की। गेमप्ले और अपने ह्यूमर को मिलाकर उन्होंने दूसरे यूट्यूबर से अलग पहचान बनाई। चेस प्लेयर्स, कॉमेडियंस और क्रिएटर्स के साथ कोलेबोरेशन कर उन्होंने अपनी ऑडियंस बनाई। समय के साथ कॉमेडियंस ऑन बॉर्ड और इंडियाज गॉट लेटेंट की वजह से उनकी फैन फॉलोइंग काफी बढ़ गई। समय रैना का मुख्य इनकम सोर्स स्टैंड-अप कॉमेडी से आता है। वे इंडिया ही नहीं, बल्कि इंटरनेशनल लेवल पर अपने शो करते हैं, जिनमें टूर और टिकट्स की वजह से कमाई होती है।

समय रैना

यूट्यूब पर उनके 8.28 मिलियन से ज्यादा सब्सक्राइबर्स हैं। इस वजह से उनके चैनल पर एड्स, मेंबरशिप और लाइव-स्ट्रीम से भी उनकी कमाई होती है। दूसरे डिजिटल क्रिएटर्स की तरह वो भी ब्रांड एंडोर्समेंट और सोशल मीडिया पार्टनरशिप से भी कमाई करते हैं। उनकी लक्जरी कार की बात करें तो, समय रैना के पास एक टोयोटा वेलफायर, जो उन्होंने पिछले साल धनतेरस पर खरीदी थी। इस गाड़ी की कीमत करीब 1.22 करोड़ के आसपास है।

क्या थी इंडियाज गॉट लेटेंट की कॉन्ट्रोवर्सी?

बता दें कि 2025 में रणवीर अल्लाहबादिया 'इंडियाज गॉट लेटेंट' के एक एपिसोड के बाद बड़े विवाद में घिर गए थे। उस एपिसोड में उन्होंने एक कंटेस्टेंट से आपत्तिजनक सवाल पूछ लिया था, जिससे काफी विवाद खड़ा हो गया। इसके बाद सोशल मीडिया पर इसका भारी विरोध हुआ। इसके बाद रणवीर और शो के मेकर्स के खिलाफ कई एफआईआर भी दर्ज हुईं। मामला इतना बढ़ गया कि नेशनल कमिशन फॉर विमन ने भी इसमें दखल दिया और रणवीर को लिखित माफी देनी पड़ी। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें गिरफ्तारी से अंतरिम राहत दी, लेकिन उनकी टिप्पणी को 'अश्लील' बताया और कहा कि इस तरह की बातों से समाज की छवि खराब होती है।

नीतीश कुमार बन रहे लालू यादव के पडोसी

बिनय यादव

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यसभा सदस्य की शपथ लेते ही अपने सीएम हाउस 1 अणे मार्ग को बदलकर सामान 7 सर्कुलर रोड बंगले में शिफ्ट करवा रहे हैं। मुख्यमंत्री आवास से ट्रैक्टर ट्रॉली में भरकर सामान बाहर ले जाया जा रहा है। नीतीश कुमार ने 10 अप्रैल को राज्यसभा सांसद की शपथ ली। सूत्रों की मानें तो नीतीश 14 अप्रैल बाबासाहब अम्बेडकर जयंती पर अपने सीएम पद से इस्तीफा दे सकते हैं। उसी दिन या फिर 15 अप्रैल को बिहार में नई सरकार बन जाने की पूरी संभावना व्यक्त की जा रही है। सीएम पद से हटने के बाद नीतीश कुमार लालू यादव के पड़ोसी बन जाएंगे। वह दिल्ली तो जा रहे हैं, लेकिन बिहार में अपना ठिकाना छोड़ेंगे नहीं ।

1 अणे मार्ग से 7 सर्कुलर रोड बंगले में शिफ्ट हो रहा सामान

7 सर्कुलर रोड आवास का इस्तेमाल अभी नीतीश कुमार ही कर रहे हैं। इसे सीएम ऑफिस के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। नीतीश ने अपनी देखरेख में इस बंगले को बनवाया था। ये भूकंप के झटके झेल सकता है। लॉन में कोलकाता से मंगाकर घास लगाई गई है।

ऐसे में सवाल लाजमी है कि नीतीश कुमार का 7 सर्कुलर रोड वाले आवास से आखिर क्या नाता है? इस बंगले की क्या खासियत है, जिसे नीतीश कुमार को इतना लगाव है कि उसे छोडना नहीं चाहते।

7 सर्कुलर रोड बंगला बना है न्यारा

नीतीश कुमार को 7 सर्कुलर रोड बंगला पसंद है। 2014 लोकसभा चुनाव हारने के बाद उन्होंने सीएम पद छोड़ दिया था। जीतन राम मांझी को मुख्यमंत्री बनाया था। इसके बाद रहने के लिए 7 सर्कुलर रोड बंगले आ गए थे। इसी बंगले में रहते हुए नीतीश ने जीतन राम से मुख्यमंत्री की कुर्सी वापस ले ली थी। विधानसभा 2015 में जीत दर्ज की और मुख्यमंत्री बने थे। सीएम बनने के बाद नीतीश एक अणे मार्ग गए, लेकिन 7 सर्कुलर बंगला को भी नहीं छोडा। विपक्ष ने 2 बंगले रखने का आरोप लगाया तो इसे मुख्य सचिव के नाम अलॉट किया गया।

नीतीश ने अपनी देखरेख में इस बंगले का भूकंप रोधी निर्माण कराया था।

नीतीश कुमार 7 सर्कुलर रोड में शिफ्ट हो रहे हैं। अब वे लालू यादव के पड़ोसी बन जाएंगे। यहां से राबड़ी आवास बस दो घर बाद है। दोनों बंगलों के बीच की दूरी करीब 200 मीटर होगी। दोनों घर सर्कुलर रोड के दक्षिण तरफ है।

7 सर्कुलर रोड वाले बंगले की खास बातें

7 सर्कुलर रोड का पूरा इलाका हाई सिक्योरिटी जोन है। चारों तरफ ऊंची दीवार और प्रवेश द्वार बनाए गए हैं। सीसीटीवी कैमरों की मदद से चप्पे-चप्पे की निगरानी की जाती है। पुलिस और विशेष सुरक्षा बल की तैनाती की गई है। गेस्ट के लिए अलग गेट और चेकिंग व्यवस्था है। बंगले में 6 वीआईपी बेडरूम हैं। 2 बड़े ड्रॉइंग और मीटिंग हॉल है। एक बड़ा डाइनिंग हॉल है। मुख्य भवन के सामने से लेकर पीछे वाले हिस्से तक बड़ा लॉन फैला हुआ है। लॉन के बीच में एक छोटा तालाब है, जहां छठ पूजा के समय अर्घ्य दिया जाता है। अलग गार्डन और वॉकिंग एरिया है। लॉन में टहलने के लिए ट्रैक बना है। नेताओं और अधिकारियों से मिलने-जुलने के लिए अलग व्यवस्था है। गेस्ट के लिए वेटिंग एरिया है। नेताओं के साथ बैठक के लिए अलग मीटिंग रूम है।

प्रेस और राजनीतिक मुलाकातों के लिए अलग जगह है। कर्मचारियों और सुरक्षाकर्मियों के लिए अलग आवासीय व्यवस्था की गई है। सुरक्षाकर्मियों के लिए बैरक, घरेलू स्टाफ के लिए कमरे, ड्राइवर और दूसरे स्टाफ के लिए अलग क्षेत्र बनाया गया हैं। बंगले में एक बड़े हॉल के साथ ही एक गोलंबरनुमा बैठक है। यहां एक मिनी ऑफिस भी है। इस बंगले के बगल वाले आवास में सीएम का एक गोपनीय कार्यालय भी है। इसमें सीएम के सचिव और निजी सहायकों के ऑफिस हैं। बगल वाले बंगले और 7 सर्कुलर रोड को अंदर से एक रास्ता जोड़ता है। 7 सर्कुलर रोड का पूरा इलाका हाई सिक्योरिटी जोन में आता है।

नीतीश कुमार अपने लिए नंबर 7 को लकी मानते हैं। वह केंद्र सरकार में रेल मंत्री बने थे, तब उनके फोन नंबर का अंतिम अंक 7 था। नीतीश जब पहली बार मुख्यमंत्री बने थे तो उन्हें जो गाड़ी मिली थी उसका नंबर 777 था। नीतीश ने 1977 में राजनीति शुरू की थी। 1987 में युवा लोकदल के अध्यक्ष बने थे। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने अपनी महत्वाकांक्षी योजनाओं को 7 निश्चय नाम दिया। अभी बिहार सरकार 7 निश्चय पार्ट-3 पर काम कर रही है।

नीतीश अभी सीएम आवास एक अणे मार्ग में रह रहे हैं। यह घर लगभग 19 साल से बिहार की सत्ता का केंद्र रहा है। यहीं से नीतीश कुमार ने राज्य की राजनीति और प्रशासन को दिशा दी। अब राज्यसभा जाने के बाद उनका 7 सर्कुलर रोड में शिफ्ट होना एक तरह से बिहार की राजनीति में नई भूमिका की शुरुआत माना जा रहा है।

एकीकरण परंपरा व प्रयोग का बेहतर संतुलन

गौतम चौधरी

उत्तर प्रदेश में मदरसा शिक्षा को लेकर हाल के घटनाक्रम, भारतीय मुस्लिम समुदाय की शैक्षिक और सामाजिक दिशा में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन का संकेत है। उच्चतम न्यायालय द्वारा उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड को कामिल और फ़ाज़िल जैसी उच्च डिग्रियाँ प्रदान करने के अधिकार को अमान्य ठहराए जाने के बाद, स्वाभाविक रूप से विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच अनिश्चितता का माहौल बना। इसके प्रत्युत्तर में राज्य सरकार द्वारा राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 में संशोधन कर मदरसों को राज्य विश्वविद्यालयों से जोड़ने का प्रस्ताव, नई दिशा की ओर संकेत करता है। यह आने वाले समय के लिए बेहतर विकल्प भी साबित हो सकता है। यह पहल केवल प्रशासनिक बदलाव नहीं, बल्कि एक व्यापक शैक्षिक पुनर्संतुलन का प्रयास है जहाँ पारंपरिक इस्लामी शिक्षा और आधुनिक उच्च शिक्षा प्रणाली के बीच एक सार्थक सेतु स्थापित किया जा सकता है।

मदरसों ने ऐतिहासिक रूप से मुस्लिम समाज, विशेषकर सामाजिक रूप से वंचित वर्गों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस संस्था ने धार्मिक अध्ययन, इस्लामी न्यायशास्त्र और शास्त्रीय भाषाओं की समृद्ध परंपरा को संरक्षित रखा है किंतु बदलती आर्थिक और पेशेवर आवश्यकताओं के संदर्भ में यह भी स्पष्ट हुआ है कि मदरसा शिक्षा की पारंपरिक संरचना, छात्रों को व्यापक रोजगार और उच्च शिक्षा के अवसरों से पूर्णतः नहीं जोड़ पाती है।

विशेष रूप से कामिल और फ़ाज़िल जैसी डिग्रियाँ, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के ढाँचे में औपचारिक मान्यता के अभाव में, छात्रों के लिए उच्च शिक्षा, प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं और विविध पेशेवर क्षेत्रों में प्रवेश को सीमित करती रही हैं। परिणामस्वरूप, अनेक प्रतिभाशाली छात्र अपने विकल्पों को सीमित दायरे में पाते हैं।

डायरेक्टर सनोज बोले- सत्य की जीत हुई

कहा- मोनालिसा का ब्रेनवॉश कर झूठे आरोप लगवाए

फरमान खान पर पॉक्सो एक्ट लगने पर खुशी जताई

फिल्म डायरेक्टर सनोज मिश्रा ने महाकुंभ की वायरल गर्ल 'मोनालिसा' की शादी मामले में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (NCST) के फैसले पर खुशी जताई है। आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, 11 मार्च 2026 को हुई शादी के दौरान उनकी उम्र सिर्फ 16 साल, 2 महीने और 12 दिन थी।

इस रिपोर्ट के बाद मोनालिसा के पति फरमान खान के खिलाफ पॉक्सो (POCSO) एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। आयोग के मोनालिसा को नाबालिग घोषित किए जाने के बाद सनोज ने कहा कि सत्य की जीत हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें और मोनालिसा के परिवार को बदनाम करने के लिए एक बड़ी साजिश रची गई थी। सनोज के मुताबिक, मोनालिसा का ब्रेनवॉश कर उनसे झूठे आरोप लगवाए गए थे, लेकिन अब सच सबके सामने है।

बोले- मुझे फंसाने के लिए रची गई साजिश

विवाद के दौरान मोनालिसा ने अपने माता-पिता और डायरेक्टर सनोज मिश्रा पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने अपने माता-पिता के चरित्र पर सवाल उठाए थे और सनोज पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया था। अब सनोज मिश्रा का कहना है कि ये सब फरमान के बहकावे में आकर कहा गया था।

सनोज मिश्रा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि विवाद के दौरान उन पर छेड़छाड़ के जो आरोप लगाए गए थे, वे पूरी तरह झूठे थे। सनोज ने कहा, मोनालिसा एक भोली लड़की है, उसे बहला-फुसलाकर मेरे और उसके माता-पिता के खिलाफ किया गया। उसके दिमाग में मेरे खिलाफ जहर भरा गया ताकि मुझे जेल भेजा जा सके। इन विवादों की वजह से मैं इतना टूट गया था कि कई बार मन में सुसाइड करने का ख्याल आया, लेकिन भगवान ने मुझे हिम्मत दी।

'लव जिहाद' और संगठनों पर उठाए सवाल

सनोज मिश्रा ने इस पूरे मामले को 'लव जिहाद' से जोड़ते हुए कुछ संगठनों पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि आयोग ने भी PFI और CPI-M जैसे संगठनों की इस मामले में भागीदारी पर चिंता जताई है। सनोज का दावा है कि मोनालिसा को बालिग दिखाने के लिए फर्जी आधार कार्ड और दस्तावेज तैयार किए गए थे। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक शादी नहीं, बल्कि एक गहरा षड्यंत्र था जिसे 'प्यार' का नाम देकर दबाने की कोशिश की गई।

परिवार का साथ देने की मिली सजा

सनोज ने बताया कि वे शुरू से ही मोनालिसा के माता-पिता के साथ खड़े रहे। जब परिवार ने अपनी बेटी को नाबालिग बताया, तो सनोज ने उनकी आवाज को हर मंच पर उठाया।

उन्होंने मध्य प्रदेश पुलिस और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी। सनोज ने कहा, मेरा गुनाह क्या था? क्या लव जिहाद और धर्मांतरण जैसे मुद्दों पर फिल्म बनाना गुनाह है? मुझे चुप कराने के लिए हर मुमकिन कोशिश की गई, लेकिन मैं पीछे नहीं हटा।

शादी से शुरू हुआ था विवाद

मोनालिसा महाकुंभ के दौरान अपनी तस्वीरों की वजह से चर्चा में आई थीं। 11 मार्च 2026 को उन्होंने फरमान खान से शादी कर ली थी, जिसके बाद से ही उनकी उम्र को लेकर विवाद शुरू हो गया था।

सनोज मिश्रा और परिवार का दावा था कि वे नाबालिग हैं, जबकि फरमान उन्हें 18 साल का बता रहा था। अब आयोग की जांच में यह साफ हो गया है कि शादी के वक्त मोनालिसा की उम्र महज 16 साल, 2 महीने और 12 दिन थी।

'राका' के लिए दीपिका पादुकोण-अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना ने ली कितनी फीस, जानकर उड़ जाएंगे होश

8 अप्रैल को अल्लू अर्जुन और एटली की फिल्म का नाम 'राका' घोषित किया गया। उसी दिन अल्लू अर्जुन का पहला लुक भी जारी किया गया। इसमें वह आधे इंसान और आधे राक्षस के रूप में दिखे। यह फिल्म साइंस फिक्शन एक्शन थ्रिलर है।

इसे फिल्म को बहुत बड़े स्तर पर बनाया जा रहा है। 2027 की शुरुआत में रिलीज होगी। जानिए इस फिल्म के लिए अल्लू, दीपिका पादुकोण और रश्मिका मंदाना ने कितनी फीस ली है।

'राका' में अल्लू अर्जुन की फीस

'राका' के लिए अल्लू अर्जुन सबसे ज्यादा फीस ले रहे हैं। उसके बाद दीपिका का नंबर है और फिर रश्मिका का। फिल्म का कुल बजट 800 करोड़ रुपये बताया जा रहा है।

अल्लू अर्जुन ने 'राका' में तीन अलग-अलग भूमिकाओं के लिए 175 करोड़ रुपये लिए हैं। वह फिल्म में पुलिस अधिकारी, आधे इंसान-आधे राक्षस और इन दोनों के पिता के रोल में नजर आएंगे।

दीपिका और रश्मिका की फीस

एटली की फिल्म 'राका' के लिए दीपिका पादुकोण और रश्मिका मंदाना को मिलाकर लगभग 25 करोड़ रुपये मिलेंगे। यह अल्लू अर्जुन की फीस से सात गुना कम है। रश्मिका की फीस 5 से 7 करोड़ रुपये के बीच बताई जा रही है।

'राका' का फर्स्ट लुक

'राका' के पहले लुक पोस्टर में अल्लू अर्जुन का हाथ नुकीले पंजों वाला और रोएंदार दिखाया गया है। दीपिका योद्धा राजकुमारी का किरदार निभा रही हैं। एक फोटो में उन्हें हथियार लेकर लड़ते हुए देखा जा सकता है। रश्मिका खलनायक की भूमिका में हो सकती हैं, हालांकि प्रोडक्शन हाउस ने अभी इसकी पुष्टि नहीं की है।

'राका' की स्टार कास्ट

अल्लू अर्जुन की अगली फिल्म 'राका' का निर्देशन एटली कर रहे हैं। इस फिल्म में उनके साथ लीड रोल में दीपिका पादुकोण होंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसमें रश्मिका मंदाना, मृणाल ठाकुर, जान्हवी कपूर और राम्या कृष्णन नजर आ सकती हैं।

सलमान खान की 'मातृभूमि' का नया गाना रिलीज

'मेरा जी नहीं भरा' में नजर आई फ्रेश जोड़ी

सलमान खान फिल्म्स की फिल्म 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' का फैन्स बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस वक्त इस फिल्म का नया गाना रिलीज हुआ है। सलमान खान ने अपनी इस फिल्म के रोमांटिक सॉन्ग 'मेरा जी नहीं भरा' की झलक दिखाई है।

यह गाना भावुक करने वाला है जिसमें फिल्म इंडस्ट्री की एक और फ्रेश जोड़ी जेन शॉ और अभिश्री सेन नजर आ रहे हैं। ये सॉन्ग प्यार और इंतजार की भावना को बड़ी खूबसूरती से इजहार कर रहा है।

सलमान खान ने इस खूबसूरत गाने की झलक सोशल मीडिया पर शेयर की है और कैप्शन में लिखा है, 'सिल्वर स्क्रीन पर आपका स्वागत है।' गाने में दोनों सितारों की सिजलिंग केमिस्ट्री दिख रही है, जिसे जिसे श्रेया घोषाल और विशाल मिश्रा ने अपनी आवाज में गाया है। इस गाने के सहारे फिल्म में फौजी की जिंदगी को प्यार के बंधन में पिरोया गया है, जहां दूर होने का दर्द भी झलक रहा है।

अपूर्व लाखिया के डायरेक्शन में बन रही ये फिल्म 'मातृभूमि' इस 15 मई, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। सलमान खान की इस फिल्म का नाम पहले 'बैटल ऑफ गलवान' रखा गया था, जिसे बदलकर अब 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' रखा गया है। फैंस इस फिल्म का लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं, जिसकी रिलीज डेट पहले 17 अप्रैल तय की गई थी।

इस फिल्म को सलमान खान ने अपने प्रोडक्शन हाउस सलमान 'खान फिल्म्स' के तहत प्रोड्यूस कर रहे हैं जिसका निर्देशन अपूर्व लाखिया ने किया है। 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' एक ऐसी फिल्म है, जो बहादुरी, बलिदान और हिम्मत की सच्ची कहानी को बेबाक तरीके से दिखाने का वादा करती है। इस फिल्म में सलमान के ऑपोजिट चित्रांगदा सिंह भी एक अहम भूमिका में नजर आएंगी।

खुशी कक्कड़ का भोजपुरी गाना 'जानू एही लगन में' रिलीज होते ही छाया, शिवानी सिंह की अदाओं पर फिदा फैंस

भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बना चुकीं खुशी कक्कड़ एक बार फिर अपने नए गाने 'जानू एही लगन में' के साथ दर्शकों के बीच धमाकेदार अंदाज में लौट आई हैं। यह गाना रिलीज के साथ ही तेजी से वायरल हो रहा है और सोशल मीडिया से लेकर यूट्यूब तक दर्शकों के बीच खूब पसंद किया जा रहा है। गाने की धुन, बोल और प्रेजेंटेशन प्रस्तुति ने फैंस को पहली ही बार में अपनी ओर आकर्षित कर लिया है।

शिवानी सिंह की अदाओं ने ढाया कहर

'जानू एही लगन में' में शिवानी सिंह नजर आ रही हैं, जिनकी खूबसूरत अदाएं और स्क्रीन प्रेजेंस गाने में अलग ही रंग भर रही हैं। वीडियो में उनकी परफॉर्मेंस न केवल गाने के मूड के साथ पूरी तरह फिट बैठती है, बल्कि दर्शकों को भी बांधे रखने में कामयाब रही है। गाने की विजुअल क्वालिटी, लोकेशन और डांस मूव्स इसे और ज्यादा आकर्षक बनाते हैं। यही वजह है कि रिलीज के तुरंत बाद यह गाना दर्शकों की पसंदीदा प्लेलिस्ट में जगह बनाता दिख रहा है।

गाने को लेकर यह बोलीं खुशी कक्कड़

'जानू एही लगन में' गाने को लेकर खुशी कक्कड़ ने कहा, ''जानू एही लगन में' मेरे दिल के बेहद करीब है। इस गाने में इमोशन, मेलोडी और मनोरंजन, तीनों का

खूबसूरत मेल है। मुझे पूरा भरोसा था कि दर्शकों को यह गाना जरूर पसंद आएगा।

फैंस बता रहे खेसारी लाल यादव के गाने की कॉपी

गाने के बोल शुभदयाल सोहरा ने लिखे हैं, जबकि इसका म्यूजिक विकाश यादव ने तैयार किया है। वीडियो को कानू मुखर्जी और विष्णु कुमार ने कोरियोग्राफ किया है। 'जानू एही लगन में' को देखने के बाद यूट्यूब पर यूजर्स के काफी दिलचस्प कमेंट्स आ रहे हैं। हालांकि, कुछ का कहना है कि यह खेसारी लाल यादव के गाने की कॉपी है।

श्रीलीला के बयान को महिलाओं ने संवेदनहीन बताया

'पुष्पा 2ः द रूल' फेम एक्ट्रेस श्रीलीला इस वक्त अपने उस बयान की वजह से लोगों के निशाने पर हैं, जो पीरियड्स को लेकर उन्होंने हाल ही में दिया है। साउथ सिनेमा की चहेती एक्ट्रेस श्रीलीला ने हाल ही में एक इवेंट में पीरियड्स को बहाना न बनाने को लेकर जो कॉमेंट किया, उसकी काफी आलोचना हो रही है। यहां ये बताना भी जरूरी है कि श्रीलीला केवल एक एक्ट्रेस ही नहीं बल्कि एक क्वॉलिफाइड डॉक्टर भी हैं। इस वजह से मासिक धर्म को लेकर इस तरह के बयान पर और भी सवाल उठ रहे हैं।

मुंबई के डीवाई पाटिल यूनिवर्सिटी से मेडिकल की डिग्री हासिल करने वाली श्रीलीला ने 'उस्ताद भगत सिंह' फिल्म की सक्सेस पार्टी में मौजूद थीं। उन्होंने इसी इवेंट में अपने करियर की चुनौतियों को लेकर बातें कर रही थीं।

श्रीलीला ने कहा- मैंने पीरियड्स के दौरान भी शूटिंग की है

उन्होंने कहा, 'मेरे अधिकतर गाने लोगों को पसंद आए हैं। मैंने पीरियड्स के दौरान भी शूटिंग की है, इसलिए ये कोई बहाना नहीं है। जब हम बराबरी की बात करते हैं, जब हम समानता चाहते हैं तो हमें शारीरिक बाधाओं को छोड़कर आगे बढ़ना होगा। मानसिक हो या शारीरिक, ये कोई बहाना नहीं होना चाहिए।' उनका यही बयान सोशल मीडिया पर अब आलोचनाओं से बुरी तरह घिरा है।

मेरे अधिकतर गाने लोगों को पसंद आए हैं। मैंने पीरियड्स के दौरान भी शूटिंग की है, इसलिए ये कोई बहाना नहीं है। जब हम बराबरी की बात करते हैं, जब हम समानता चाहते हैं तो हमें शारीरिक बाधाओं को छोड़कर आगे बढ़ना होगा।



उनके इस बयान पर अब सोशल मीडिया पर लोग बिदके हुए दिख रहे हैं और कइयों ने एक्ट्रेस को लताड़ लगाई है। कइयों ने उनके इस बयान को संवेदनहीन बताया है और कहा है कि पीरियड्स के अनुभव हर किसी में काफी अलग-अलग होते हैं और इसका दर्द भी अलग-अलग होता है।

'मैंने अपनी सहेलियों को देखा है, वो बेड से उठ भी नहीं सकतीं'

एक यूजर ने लिखा, 'मुझे पीरियड्स में कभी ज्यादा दर्द नहीं रहा लेकिन मैंने अपनी सहेलियों को देखा है तकि वो कितनी परेशान रहती है, वो दर्द की वजह से बिस्तर से उठ भी नहीं पातीं तो हर किसी का अनुभव अलग होता है। एक अन्य ने कहा, 'आप पीरियड्स में कूद सकती हैं तो इसका मतलब ये नहीं है कि सभी ऐसा कर सकती हैं।'

रणवीर सिंह ने कास्टिंग काउच का सामना किया:थिएटर में झाड़ू-पोंछा लगाया, दोनों धुरंधर की कुल कमाई 3 हजार करोड़ रुपए

बचपन से अमिताभ बच्चन जैसा बनने का सपना देखने वाले रणवीर सिंह का सफर संघर्ष, जुनून और आत्मविश्वास की मिसाल है। फिल्मों में जगह बनाने के दौरान उन्हें कास्टिंग काउच का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने समझौता करने से इनकार कर दिया। स्ट्रगल के दिनों में वह पृथ्वी थिएटर में झाड़-पोंछा लगाने और छोटे-मोटे काम करते रहे। इस दौरान उनके पिता ने सपना पूरा करने के लिए घर और गाड़ी बेच दी। लंबी मेहनत के बाद उन्हें बैंड बाजा बारात से बॉलीवुड में डेब्यू मिला, जिससे उन्हें पहचान मिली। उतार-चढ़ाव के बाद 'धुरंधर' ने उनके करियर को नई ऊंचाई पर पहुंचाया और 'धुरंधर' व 'धुरंधर 2' ने मिलकर 3,000 करोड़ से अधिक की वर्ल्डवाइड कमाई की है।

अमिताभ बच्चन जैसा बनना चाहता था

रणवीर सिंह ने बताया था- बचपन से ही मेरा सपना एक्टर बनने का था। मैं अमिताभ बच्चन जैसा बनना चाहता था। उनकी फिल्में जैसे शहंशाह, तूफान और अजूबा देखकर मुझे प्रेरणा मिलती थी। मैं छोटा और थोड़ा मोटा बच्चा था, लेकिन जब कोई पूछता कि बड़े होकर क्या बनोगे, तो मैं बिना सोचे कहता था-"हीरो बनूंगा।"

मैं बाकी बच्चों की तरह बाहर खेलने नहीं जाता था। मैं घर में बैठकर वीसीआर पर फिल्में देखता था, म्यूजिक सुनता था और फिल्मी मैगजीन पढ़ता था। मेरी दादी ने मुझे सबसे ज्यादा प्रोत्साहित किया। वह मुझे अमिताभ बच्चन की फिल्में दिखाती थीं और कहती थीं कि तुझे बड़ा होकर इनके जैसा बनना है। वहीं से यह सपना पक्का हो गया।

सात साल की उम्र में मैंने पहली बार गार्डन में परफॉर्म किया था। मैंने अमिताभ बच्चन की फिल्म 'हम' के गाने 'जुम्मा चुम्मा' पर डांस किया था। वही मेरा पहला स्टेज अनुभव था।

एडवरटाइजिंग कंपनी में कॉपीराइटर के तौर पर काम किया

पढ़ाई पूरी करने के बाद मैंने एडवरटाइजिंग कंपनी में कॉपीराइटर के तौर पर काम किया, क्योंकि मुझे लिखने का शौक था। स्कूल में एक प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था, जिसमें हमें प्रोडक्ट के लिए विज्ञापन बनाना था और मैं पहले स्थान पर आया था। मुझे नाम और टैगलाइन सोचने में मजा आया, तभी लगा कि इसे प्रोफेशन बना सकता हूं।

एक्टिंग क्लास में सिर्फ एक सीट बची थी

मैं क्लासेस के लिए देर से रजिस्टर कर रहा था, इसलिए ज्यादातर क्लासेस भर चुकी थीं। सिर्फ एक क्लास 'एक्टिंग वन' में एक सीट बची थी। मैंने वही एडमिशन ले ली। पहले दिन प्रोफेसर ने कहा कि उन्हें यह नहीं जानना कि हम कौन हैं या कहां से आए हैं। हर स्टूडेंट को स्टेज पर जाकर गाना, डांस या कुछ और परफॉर्म करना होगा।

मैं स्टेज पर गया और मेरे पास बस एक ही चीज थी- फिल्म "दीवार" का डायलॉग। चार-पांच साल से मैंने एक्टिंग नहीं की थी। कॉलेज और स्कूल में मुझे बेस्ट एक्टर के अवॉर्ड मिलते थे, लेकिन काफी समय से वो छूट गया था। फिर भी मैंने पूरी ईमानदारी और जज्बे के साथ डायलॉग बोला।

फिल्मी बैक ग्राउंड नहीं, फिर भी हीरो बनने की जिद

चार साल अमेरिका में बिताने के बाद 2007 में मैं मुंबई लौट आया। वापस आते ही बचपन का सपना फिर जाग गया कि फिल्मों में हीरो बनना है। यह रास्ता आसान नहीं था, क्योंकि मेरा कोई फिल्मी बैकग्राउंड नहीं था, लेकिन मैंने ठान लिया था कि मुझे यही करना है। मैं मुंबई के बांद्रा इलाके में पला-बढ़ा हूं, जहां सलमान खान, आमिर खान और शाहरुख खान जैसे बड़े सितारे रहते हैं। लेकिन वहां रहना और उनके जैसा बनना अलग बातें हैं।

असिस्टेंट डायरेक्टर की नौकरी छोड़ दी

फिर मैंने बड़ा फैसला लिया और असिस्टेंट डायरेक्टर की नौकरी छोड़ दी। डेढ़ साल काम करने के बाद जब मैंने खुद को देखा, तो आंखों के नीचे काले घेरे थे और पेट भी निकल आया था। तब मुझे लगा कि इस हालत में मैं एक्टर नहीं बन पाऊंगा।

इसके बाद मैंने पूरा ध्यान फिर से एक्टिंग पर लगाया। यूनिवर्सिटी में थिएटर की पढ़ाई की थी और कुछ नाटक किए थे, लेकिन वह बीच में छूट गया था। अब मैंने दोबारा एक्टिंग सीखनी शुरू की। मुझे लगा कि पश्चिमी ड्रामा की ट्रेनिंग मिल गई है, अब भारतीय एक्टिंग भी सीखनी चाहिए। इसलिए मैंने इंडियन एक्टिंग क्लासेस जॉइन कीं और स्टेज पर काम शुरू किया।

मां की चिता पर रोना था

वहां जो ट्रेनिंग मिली, वो काफी फिल्मी थी। पहले ही टेस्ट में सिचुएशन दी गई- "मां की चिता पर रोना।" अब सोचो, इससे ज्यादा फिल्मी क्या हो सकता है! रोते-रोते नीचे देखना और फिर ऊपर देखना, आंखों में अंगारे। पूरी तरह फिल्मी स्टाइल में एक्टिंग सिखाई जाती थी।

मैं थोड़ा फ्रस्ट्रेट हो गया था। मैंने शाद को मैसेज किया- "यह कहां भेज दिया आपने? मेरी जो एक्टिंग है, वो भी खराब हो जाएगी।" लेकिन उन्होंने कहा- "शुरू किया है तो पूरा कर।" मैंने कोर्स पूरा किया, लेकिन लगा कि अब मुझे और रियल, हार्डकोर एक्टिंग सीखनी चाहिए। तभी मैंने तय किया कि थिएटर करना है।

मकरंद देशपांडे मुझे देखते ही निकल जाते थे

उन दिनों मैं मकरंद देशपांडे के थिएटर ग्रुप में काम पाने की कोशिश कर रहा था। लेकिन जैसे ही मैं उनसे मिलने जाता, वो मुझे देखकर निकल जाते थे। शायद उन्हें पहले से पता चल जाता था कि कोई लड़का काम मांगने आने वाला है। फिर मैंने खुद ही रास्ता निकाला। पता चला कि उनके रिहर्सल सुबह 8 बजे शुरू होते हैं, तो मैं 7:30 बजे पहुंच जाता था। कमरे का ताला खोलता, फैन ऑन करता, झाड़ू लगाता और एक्टर्स के लिए चाय-नाश्ता लाता।

एक्टर्स के लिए चाय-समोसे लाता था

मैं चुपचाप बैठकर रिहर्सल देखता, एक्टर्स को क्यू देता, चाय-समोसे लाता और जब सब खत्म हो जाता, तो सफाई करता- झाड़ू लगाता, लाइट और फैन बंद करता। सेट तोड़ना, पेंटिंग करना, बढ़ई का काम, कारपेंटर, पेंटर, लोडर और सेट वर्कर जैसे कई काम किए। यही मेरे संघर्ष का सबसे कठिन दौर था।

कास्टिंग काउच का सामना करना पड़ा

मेरे स्कूल के एक दोस्त ने, जो खुद भी स्ट्रगल कर रहा था, मुझे एक आदमी से मिलवाया। उसने कहा कि वह काम दिला सकता है। मैंने उसे फोन किया, तो उसने शाम 8 बजे अंधेरी वाले घर आने को कहा। मैं वहां पहुंचा। अंदर जाते ही मुझे अजीब लगा। कमरा छोटा था और दीवारों पर भद्दी पेंटिंग्स और अटपटी बातें लिखी थीं। मैंने उसे पोर्टफोलियो दिया, लेकिन उसने ठीक से देखा नहीं और एक तरफ रख दिया। तभी मुझे समझ आ गया कि कुछ ठीक नहीं है।

अली अब्बास जफर ने यशराज में एंट्री कराई

फिर मेरे दोस्त अली अब्बास जफर ने मेरे लिए रास्ता बनाया। उस समय वे यशराज फिल्म्स में असिस्टेंट डायरेक्टर थे। बाद में उन्होंने मेरे साथ फिल्म 'गुंडे' भी बनाई। मैंने उनसे कहा कि वे मेरे लिए रास्ता बना दें। उन्होंने मेरा पोर्टफोलियो यशराज के वाइस प्रेसिडेंट अक्षय विधानी को दे दिया। मैंने बस यही चाहा था कि कोई मेरा ऑडिशन दिला दे, क्योंकि मुझे भरोसा था कि मौका मिला तो मैं खुद संभाल लूंगा।

इसके बाद मैं यशराज की कास्टिंग डायरेक्टर शानू शर्मा से मिला। शानू ने 16 साल की उम्र में मेरा पार्टी में डांस देखकर कहा था कि तेरे में कुछ बात है। उस समय उन्हें भी नहीं पता था कि वे आगे चलकर कास्टिंग में आएंगी। उन्होंने मुझे मौका दिलाने में मदद की। फिर एक दिन उन्होंने मैसेज करके बताया कि आदित्य चोपड़ा मुझसे मिलना चाहते हैं।

'बैंड बाजा बारात' के लिए चुन लिया गया

फिर एक मीटिंग में उन्होंने बताया कि पहले ऑडिशन में ही उन्हें लगा था कि मेरे अंदर कुछ खास है। उन्होंने कहा कि वे मेरे लंबे करियर की संभावना देखते हैं और कुछ बातें याद रखने को कहा। यह सुनकर मैं भावुक हो गया। बाहर आकर रो पड़ा और मम्मी व शानू को फोन किया। आखिरकार मुझे 'बैंड बाजा बारात' के लिए चुन लिया गया।

वर्सेटाइल एक्टर के रूप में स्थापित कर दिया

2013 में गोलियों की रासलीलाः राम-लीला ने रणवीर के करियर को नई ऊंचाई दी। यह उनकी बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से एक थी। इस फिल्म में उनकी और दीपिका पादुकोण की केमिस्ट्री को दर्शकों ने पसंद किया और उनकी परफॉर्मेंस ने उन्हें वर्सेटाइल एक्टर के रूप में स्थापित कर दिया।

धुरंधर करियर की सबसे बड़ी हिट फिल्म बनी

कुछ लोगों ने उनके अभिनय को कभी-कभी ओवर-द-टॉप कहा, लेकिन रणवीर ने इन आलोचनाओं को ताकत बनाया और अभिनय में बदलाव लाते रहे। 2025 में रिलीज हुई धुरंधर उनके करियर की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर साबित हुई।

0इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की। इसके बाद आई 'धुरंधरः द रिवेंज' ने भी उनकी सफलता को आगे बढ़ाया और जबरदस्त कमाई कर रही है।धुरंधर का वर्ल्डवाइड लाइफटाइम कलेक्शन करीब 1,354.84 करोड़ रहा है, जबकि धुरंधर 2 ने दुनिया भर में करीब 1,665.23 करोड़ की कमाई कर ली है और फिल्म अभी भी थिएटर्स में चल रही है।

एकनाथ शिंदे को 'गद्दार' कहने के लिए माफी नहीं मांगेंगे कॉमेडियन कुणाल कामरा

आखिर क्या दलील दी

एकनाथ शिंदे
कुणाल कामरा

कुणाल कामरा ने माफी मांगने से किया इंकार।

मुंबई, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। देश के चर्चित कॉमेडियन कुणाल कामरा ने महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे को गद्दार कहने के मामले में माफी मांगने से इंकार कर दिया है। कामरा इस प्रकरण में महाराष्ट्र विधानमंडल की विशेषाधिकार समिति के समक्ष पेश हुए और फिर अपना पक्ष रखा। कामरा ने समिति को बताया कि उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर आधारित व्यंग्यात्मक गीत उनकी पेशेवर अभिव्यक्ति का हिस्सा था।

कामरा ने साफ किया कि उन्हें अपने कथन को लेकर उन्हें कोई खेद नहीं है और उन्होंने किसी प्रकार की गलती नहीं की है। सुनवाई के दौरान उनसे यह भी पूछा गया कि क्या वे अपने बयान पर खेद व्यक्त करते हैं और माफी मांगना चाहते हैं। इस पर उन्होंने माफी मांगने से स्पष्ट इनकार कर दिया। कुणाल कामरा ने मोटो तौर पर कहा कि हंसाना मेरा पेशा है। महाराष्ट्र विधानमंडल की विशेषाधिकार समिति के सामने पेश होने के बाद यह मामला एक बार फिर से चर्चा में आ गया है। गौरतलब हो कि बीजेपी विणायक प्रवीण दरेकर ने कुणाल कामरा के खिलाफ समिति में शिकायत दर्ज कराई थी।

24 नहीं सिर्फ तीन सवाल ही पूछे

कुणाल कामरा की पेशी के बाद बीजेपी एमएमसी प्रसाद लाड ने बताया था कि कुणाल कामरा से 24 सवाल पूछे गए। जिनमें उन्होंने अपनी गलतियों को समझाने की कोशिश की। उन्होंने संविधान के अधिकारों के बारे में बात करने की कोशिश की। लाड के इस बयान का कुणाल कामरा ने खंडन किया था और लिखा था कि आदरणीय महोदय हो सकता है कि बातचीत में कोई दिक्कत हुई हो, लेकिन मुझे आज शाम हुई जिरह के आखिरी 3 सवाल जिस तरह याद हैं, वे ये हैं क्या आपको पछतावा है?

इसका जवाब है नहीं, क्या आपको अपनी कही बातों पर अफसोस है? जवाब है नहीं। अगर आप बिना शर्त माफी मांग लेते हैं, तो इस मामले को अलग नजरिए से देखा जाएगा? जवाब है नहीं, मैं ऐसा नहीं कर सकता, क्योंकि वह माफी सच्ची नहीं होगी। साथ ही, इससे दूसरे कलाकारों और उनकी आजादी के लिए एक बहुत ही बुरा उदाहरण बन जाएगा।

कॉमेडियन कुणाल कामरा के बारे में मंत्री प्रताप सरनाईक की उस टिप्पणी का भी एक्स पर जवाब दिया है जिसमें उन्होंने कहा था कि उन्हें शिवसैनिकों के आक्रामक रवैये को भी समझना चाहिए, जैसा कि हमने पहले भी देखा है। उन्हें समझना चाहिए कि शिवसैनिक कैसे काम करते हैं, और अगर वह चाहें तो इसके बारे में जान भी सकते हैं।

कामरा ने इंदिरा गांधी पर व्यंगात्मक पोस्ट का जिक्र करते हुए जवाब दिया है कि मंत्री जी एक बार जब आप कलाकारों को धमकाने से फ्री हो जाएं तो तो थोड़ा समय निकालकर इसे पढ़ें। गौरतलब हो कि मार्च, 2025 में कामरा ने एक पैरोडी सांग में एकनाथ शिंदे को गद्दार कहा था। इसके बाद कामरा के खिलाफ पुलिस कंप्लेन और फिर विशेषाधिकार हनन की शिकायत की गई थी।

ऑटो पर पलटा ट्रक, दूल्हा-दुल्हन समेत 4 की मौत

शिवपुरी में शादी कर घर लौट रहे थे, जेसीबी से निकाले गए शव

शिवपुरी, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के शिवपुरी में मुर्गी दाने से भरा ट्रक सड़क किनारे खड़े ऑटो पर पलट गया। हादसे में दूल्हा-दुल्हन समेत चार लोगों की मौत हो गई। हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें ट्रक पलटते हुए दिख रहा है। मामला सिरसौद थाना क्षेत्र के टोंगरा रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास का है। जानकारी के अनुसार, तेंदुआ थाना क्षेत्र के राजगढ़ गांव निवासी वीरेंद्र शाक्य (25) की शादी शुक्रवार को शिवपुरी की संजय कॉलोनी निवासी राजेश्वरी शाक्य से हुई थी। दोनों ने संजय कॉलोनी के एक मंदिर में परिवार की मौजूदगी में विवाह किया था।

शनिवार को शादी के बाद दूल्हा-दुल्हन, दूल्हे की मां अन्वेश शाक्य (50), भाभी राजो शाक्य (22), बहन भूरिया शाक्य (19) और ड्राइवर के साथ ऑटो से राजगढ़ गांव के लिए रवाना हुए थे। टोंगरा रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास ड्राइवर ने ऑटो को खड़ा किया था। इस दौरान ड्राइवर और दूल्हे की बहन पास की दुकान पर चले गए थे। तभी दोपहर करीब 12 बजे मुर्गी दाने से भरा ट्रक वहां पहुंचा और अनियंत्रित होकर ऑटो पर पलट गया। ऑटो में बैठे दूल्हा-दुल्हन, दूल्हे की मां और भाभी ट्रक के नीचे दब गए। दबे हुए लोगों को निकालने के लिए जेसीबी की मदद लेनी पड़ी। करीब आधे घंटे बाद सभी को निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने चारों को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि दूल्हे की बहन भूरिया शाक्य की लगन आज राजगढ़ गांव में होनी थी। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। परिवार के सदस्य दुल्हन की विदाई के साथ इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले थे।

25 माह की चीता बनी मां, 4 शावकों का जन्म

कूनो के खुले जंगल में पहली सफल डिलीवरी, भारत में चीतों की संख्या अब 57

श्योपुर, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के श्योपुर स्थित कूनो नेशनल पार्क से चीता संरक्षण परियोजना के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। करीब 25 माह की भारतीय मूल की मादा चीता केजीटी-2 ने जंगल में 4 शावकों को जन्म दिया है। अब देश में चीतों की कुल संख्या बढ़कर 57 हो गई है।

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने शनिवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर इस सफलता पर खुशी जताई। वन विभाग की टीम और इस परियोजना से जुड़े सभी कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि कूनो नेशनल पार्क में चल रही चीता संरक्षण परियोजना को यह एक बड़ी सफलता मिली है।

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के अनुसार, 2022 में चीता पुनर्स्थापन कार्यक्रम शुरू होने के बाद यह पहली बार है, जब किसी चीता ने प्राकृतिक जंगल वातावरण में शावकों को जन्म दिया है। यह उपलब्धि इसलिए भी खास है, क्योंकि यह किसी भारतीय मूल की मादा चीता की पहली सफल प्रसूति मानी जा रही है। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश अब चीतों के बढ़ने और बसने का बड़ा केंद्र बन रहा है। केजीटी-2 नाम की मादा चीता ने खुले जंगल में 4 शावकों को जन्म दिया है, जो इस बात का सबूत है कि यहां का वातावरण चीतों के लिए बिल्कुल सही है।

पटना हाई कोर्ट ने सौंपी आईपीएस विकास वैभव को रिंकू हत्याकांड की जांच

पटना, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। 'जो विश्वास और भरोसा माननीय उच्च न्यायालय ने मुझ पर किया है। मैं उस पर पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ खरा उतरने का असीम और अनंत प्रयास करूंगा। जांच में ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और निष्पक्षता को सर्वोपरि रखते हुए उसे आगे बढ़ाने का काम करूंगा। हाई कोर्ट के ऐतबार को पूरी तरह से सही साबित करते हुए सार्थकता के साथ न्याय के सानिध्य में खड़ा रहूंगा।' उपरोक्त बातें वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी और वर्तमान में बिहार राज्य योजना पर्षद के सलाहकार (आईजी) विकास वैभव ने एनबीटी ऑलाइन से बातचीत में कही। उन्होंने पूरे विश्वास के साथ ये स्वीकार किया कि वे पटना उच्च न्यायालय की उम्मीदों पर अनंत फीसदी खरा उतरने का प्रयास करेंगे। कोर्ट के विश्वास और साख को उम्मीद से बढ़कर बेहतर परिणाम देने की कोशिश करेंगे। ध्यान रहे कि आईपीएस विकास वैभव प्रदेश ही नहीं देश के चर्चित अधिकारियों में शुमार हैं। पटना हाई कोर्ट की ओर से उनको जांच का जिम्मा सौंपने के बाद लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

बेगूसराय पुलिस पर भरोसा नहीं

पटना हाई कोर्ट ने बेगूसराय जिले के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में पांच साल पहले हुई रिंकू कुमारी की संदिग्ध मौत के मामले में स्थानीय पुलिस की जांच को सिरे से खारिज कर दिया है। पटना हाई कोर्ट के जस्टिस संदीप कुमार ने स्थानीय पुलिस के लापरवाही भरे रवैये पर कड़ी टिप्पणी करते हुए आदेश दिया है कि इस पूरे मामले का पुनः अनुसंधान किया जाएगा। कोर्ट ने इस हाई प्रोफाइल मामले की कमान बेहद चुस्त, कर्तव्य के प्रति समर्पित, तेज तर्रार इंस्पेक्टर जनरल (आईजी) वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी विकास वैभव को दिया है। जानकार हाई कोर्ट के इस फैसले को काफी अनूठा बता रहे हैं। जानकारों का कहना है कि सामान्यतया ऐसा होता नहीं है। लेकिन कोर्ट ने स्वतः बिहार के एक बेहद ही ईमानदार अधिकारी का जांच के लिए चयन किया है। ध्यान रहे कि इस मामले में कोर्ट ने तजस्विनी कुमारी की आपराधिक रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए पाया कि स्थानीय पुलिस ने जांच की दिशा को ही बदल दिया था। जहां परिजनों ने इसे एक साजिश करार दिया। वहीं पुलिस ने इसे सुसाइड बताकर क्लोजर रिपोर्ट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। जस्टिस संदीप कुमार ने सख्त लहजे में कहा कि सही और निष्पक्ष अनुसंधान, निष्पक्ष मुकदमा चलाने के मौलिक अधिकार का एक अभिन्न अंग है। स्थानीय पुलिस की जांच में भारी गड़बड़ी पाई गई है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कोर्ट में एक और खुलासा किया। उन्होंने कोर्ट को बताया कि मृतक रिंकू कुमारी ने अपने पड़ोस के दो लोगों को जमीन खरीदने के लिए 15 लाख रुपये एडवांस दिए थे। रकम हड़पने के लिए भी आनाकानी की गई। पंचायत के दबाव में उन्होंने 2021 में चार अप्रैल को पैसा लौटाने का वादा किया था।

जानकारी के मुताबिक रिंकू देवी उस दिन सुबह स्कूल के लिए निकल गई थीं। लेकिन दोपहर को उनका शव स्कूल परिसर में संदिग्ध अवस्था में पाया गया था। मृतक रिंकू देवी का शव जिस हालत में मिला, उसे देखते हुए सुसाइड की कहानी पर विश्वास करना मुश्किल है। शव पर धूल मिट्टी पड़ा हुआ था।

गर्दन पर फांसी का फंदा अटका हुआ था। परिजनों ने साफ कहा है कि पुलिस ने प्रभाव में आकर नामजद प्राथमिकी दर्ज करने से इनकार कर दिया। पुलिस का तर्क था कि सबूत मिलने पर नाम जोड़ा जाएगा।

पूर्व राजदूत दीपक बोले– पाकिस्तान डोनाल्ड ट्रंप का पालतू

ईरान के साथ कोई खुलकर नहीं खाड़ी देशों पर हमला उसकी बड़ी भूल

भोपाल, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कार्यशैली, पाकिस्तान की तथाकथित मध्यस्थता और भारत की विदेश नीति को लेकर पूर्व राजदूत दीपक वोहरा ने तीखा और अलग नजरिया रखा। उनका कहना है कि आज अमेरिका पहले से ज्यादा आइसोलेटेड दिख रहा है। वहीं ईरान के साथ भी कोई देश खुलकर खड़ा नहीं है।

खाड़ी देशों पर हमला करना ईरान की बड़ी रणनीतिक गलती रही। पाकिस्तान को उन्होंने "दमहीन" बताते हुए उसकी मध्यस्थता के दावे खारिज किए, जबकि भारत की रणनीति को "स्ट्रेटेजिक साइलेंस" और परिपक्व डिप्लोमेसी का उदाहरण बताया। बता दें कि दीपका वोहरा शौर्य गाथा और शौर्य अलंकरण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए भोपाल पहुंचे हैं।

दीपक वोहरा ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे तनाव में दोनों पक्षों की बातों में विरोधाभास साफ नजर आता है। एक ओर ईरान कहता है कि उसे कोई नुकसान नहीं हुआ, वहीं दूसरी ओर 200 बिलियन डॉलर मुआवजे की मांग करता है।

उनके मुताबिक "अगर नुकसान नहीं हुआ तो मुआवजा क्यों?" उन्होंने कहा कि अमेरिका आज पहले से ज्यादा आइसोलेटेड नजर आ रहा है, जबकि ईरान के साथ भी कोई देश खुलकर खड़ा नहीं है। खाड़ी देशों पर हमला करना ईरान की बड़ी रणनीतिक गलती रही। चाणक्य का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि युद्ध में उतरने से पहले अपनी और विरोधी की ताकत का आकलन जरूरी है, लेकिन ईरान यह जानते हुए भी भिड़ गया कि उसे नुकसान उठाना पड़ेगा। गाजा पट्टी के हालात पर उन्होंने संयुक्त राष्ट्र को "बेकार की संस्था" बताया और कहा कि वहां भारी तबाही हुई है, जिसकी भरपाई में दशकों लगेंगे।

18.69 लाख की हेरोईन जब्त

किराए के मकान से 4 तस्कर गिरफ्तार
पंजाब से लाकर खपा रहे थे आरोपी

दुर्ग-भिलाई, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। दुर्ग पुलिस ने भिलाई के हाउसिंग बोर्ड इलाके में एक अंतरराज्यीय हेरोईन तस्करी रैकेट का पर्दाफाश किया है।

पुलिस ने मौके से 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 91.9 ग्राम हेरोईन और 31 हजार रुपए कैश बरामद किए। जब्त मादक पदार्थ की कीमत लगभग 18.69 लाख रुपए आंकी गई है।

यह कार्रवाई 10 अप्रैल 2026 को मुखबिर की सूचना पर की गई। थाना जामुल पुलिस को जानकारी मिली थी कि हाउसिंग बोर्ड भिलाई के एक किराए के मकान में अवैध रूप से हेरोईन रखकर उसकी बिक्री की तैयारी की जा रही है।

सूचना मिलते ही जामुल पुलिस और एसीसीयू की संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर दबिश दी।

सरकारी डॉक्टर्स की प्राइवेट प्रैक्टिस पर रोक लगी

सीएम से दोनों डिप्टी सीएम ने की मुलाकात, 14 अप्रैल को कैबिनेट, 15 को नई सरकार का शपथ ग्रहण

पटना, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब राज्यसभा सांसद बन गए हैं। वे 14 अप्रैल को सीएम पद से इस्तीफा दे सकते हैं। इसके साथ ही अगले दिन यानी 15 अप्रैल को बिहार में नई सरकार बनने की संभावना है।

इससे पहले नीतीश सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। अब सरकारी डॉक्टर्स के प्राइवेट प्रैक्टिस पर रोक लगा दी गई है।

बताया जा रहा है कि 14 अप्रैल को नीतीश कुमार अपनी आखिरी कैबिनेट मीटिंग बुला सकते हैं। 15 अप्रैल को नई सरकार का लोकभवन में शपथ हो सकता है। इधर, नीतीश कुमार से मिलने के बाद डिप्टी सीएम विजय सिन्हा लोकभवन गए हैं।

इन सबके बीच बिहार के दोनों डिप्टी सीएम शाम 5.30 बजे अचानक मुख्यमंत्री आवास पहुंचे। उनके साथ मंत्री लखेंद्र पासवान भी थे। करीब 30 मिनट सभी की नीतीश कुमार से मुलाकात हुई। मुलाकात के बाद नेताओं ने कहा कि जल्द सभी चीजें साफ हो जाएंगी। बिहार में जो भी होगा वो नीतीश जी के नेतृत्व में ही होगा। टीएमसी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा कि अभी मुझे नहीं लगता है, इतनी जल्दी कोई नया मुख्यमंत्री बनेगा।

नीतीश कुमार को अभी आराम करने दीजिए, आपलोग भी आराम करिए। नीतीश जी हमारे मित्र है। बिहार में बहुत सारे काबिल नेता है। तेजस्वी काबिल है, और भी कई नेता है।

ऐसा न हो कि कोई पर्ची वाला बाबा यहां की पर्ची निकला दे। एक आदमी और आप लोग उनपर ध्यान दीजिए वो है प्रशांत किशोर। तेजस्वी यादव के बयान पर अशोक चौधरी ने कहा, "एक व्यक्ति मुख्यमंत्री का पद छोड़कर राज्यसभा जा रहा है।

इनके परिवार में ऐसा उदाहरण नहीं है। इनके परिवार में उदाहरण है कि पिता(लालू यादव) जेल गए तो माता(राबड़ी देवी) को मुख्यमंत्री बना दिया था।

चुनाव के पहले कहते थे कि नीतीश कुमार मानसिक रूप से पागल हो गए हैं। जनता दिखा दी। राजद 25 सीटों पर सिमट गई।

पहले 90 लाख दो तब घूंघट उठाने दूंगी

सुहागरात पर दुल्हन की अजीब शर्त, मायके वालों को बुलाकर जिंदा जलाने की कोशिश की

आगरा, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। आगरा में शादी के बाद सुहागरात पर पत्नी ने पति के सामने अजीब शर्त रख दी। उसने कहा- पहले 90 लाख रुपए दो, तब घूंघट उठाने दूंगी। नवविवाहिता की इस शर्त से परिवार वाले टेंशन में आ गए।

आरोप है कि पैसे न मिलने पर दुल्हन सारे गहने लेकर मायके चली गई। दुल्हन के परिजनों ने ससुराल आकर घर में बाहर से ताला लगा दिया और पैसे न मिलने पर पीएनजी गैस की लाइन तोड़कर घर में ही जिंदा जलाने की कोशिश की। पीड़ित परिवार ने किसी तरह 112 पर सूचना देकर पुलिस को बुलाया, जिसने उन्हें बचाया।

कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने FIR दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना जगदीशपुरा क्षेत्र का है।

सिकंदरा निवासी डॉक्टर मुस्कान सिंह के मुताबिक, उनके भाई गौरव की शादी 29 अप्रैल 2025 को हाथरस की रहने वाली कल्पना से हुई थी। शादी के बाद जब बारी आई सुहागरात की, तो दुल्हन ने अपने पति और ससुराल वालों के सामने एक ऐसी मांग रख दी, जिसने सबको हिला कर रख दिया। दुल्हन ने संबंध बनाने से पहले 90 लाख रुपए नकद देने की शर्त रखी। इस अप्रत्याशित मांग से पूरा परिवार हैरान रह गया। आरोप है कि शादी के बाद ही कल्पना ने विवाद शुरू कर दिया और पति के साथ रहने से इनकार कर दिया। डॉक्टर मुस्कान सिंह ने बताया कि दुल्हन अपने गहनों के साथ-साथ उनकी मां के गहने भी लेकर मायके चली गई। दुल्हन और उसके परिजन लगातार 90 लाख रुपए की मांग कर रहे थे। जुलाई 2025 में मायके जाते वक्त धमकी दी थी कि अगर रकम नहीं दी गई तो पूरे परिवार को जिंदा जला दिया जाएगा। इतना ही नहीं, 3 सितंबर 2025 को व्हाट्सएप के जरिए बैंक अकाउंट भेजकर पैसे ट्रांसफर करने का दबाव बनाया गया। पीड़ित के अनुसार, 25 मार्च 2026 को दुल्हन अपने पिता और भाइयों के साथ 7-8 लोगों को लेकर उनके घर पहुंची। आरोप है कि सभी ने मिलकर घर के गेट पर ताला जड़ दिया और गाली-गलौज करते हुए धमकाने लगे।

परिवार का यह भी आरोप है कि आरोपियों ने घर के पीएनजी कनेक्शन से छेड़छाड़ की, जिससे किसी बड़ी घटना को अंजाम दिया जा सके।

सेक्स वीडियो वायरल मामले में देवेंद्र यादव ने सैंपल दिया

कहा– नोटिस की जरूरत नहीं, जांच हो, विधानसभा चुनाव से पहले वायरल हुआ था एमएमएस

दुर्ग-भिलाई, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में सेक्स वीडियो वायरल मामले में कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव ने थाने पहुंचकर अपना फोटो और वीडियो सैंपल दिया है। पुलिस ने इसे रिकॉर्ड में लेकर जांच के लिए सुरक्षित किया है, ताकि वायरल वीडियो की जांच हो सके। मामला भिलाई नगर थाना क्षेत्र का है।

दरअसल साल 2023 में विधानसभा चुनाव के दौरान एक एमएमएस वायरल हुआ था। जिसमें एक युवक लड़की के साथ आपत्तिजनक हालत में था। भाजपा ने आरोप लगाते हुए दावा किया था कि वह युवक एमएलए देवेंद्र यादव है। थाने में शिकायत कर जांच की मांग भी की थी, तब से इस मामले में जांच जारी है। विधायक ने इसे छवि खराब करने के लिए झूठा वीडियो बताया है।

शनिवार (11 अप्रैल) को थाने पहुंचने से पहले कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि हमने FIR करवाई थी, जो लगभग 3 साल पहले एक कथित वीडियो वायरल हुआ था, जिससे लोगों के बीच में भ्रम फैलाने का प्रयास किया गया था। इसकी जांच अभी तक पूरी नहीं हुई है। इस मामले में मुझे एक नोटिस आया था, उस सिलसिले में यहां पहुंचा हूं।

देवेंद्र यादव ने कहा कि, उन्हें जो नोटिस आया भी था तो बड़ा प्यारा नोटिस आया था। नोटिस में कहा गया था कि 6 तारीख को सुबह 11 बजे आपको यहां पर पहुंचना है और नोटिस पहुंचा हमारे पास 6 तारीख को दोपहर में 1:00 बजे। इस तरीके का नोटिस क्यों भेजते हो? हम तो चाहते हैं इसकी जांच हो जाए, स्पष्टता आ जाए, लोगों के सामने सच आ जाए। विधायक ने बताया कि करीब 3 साल पहले विधानसभा चुनाव के दौरान एक कथित वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें उनके जैसा दिखने वाला व्यक्ति एक महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में नजर आ रहा था। उस समय उन्होंने इसे मॉर्फ्ड वीडियो बताते हुए भिलाई नगर थाने में मामला दर्ज कराया था और जांच की मांग की थी।

उन्होंने कहा कि चुनाव के समय इस वीडियो का इस्तेमाल कर लोगों के बीच भ्रम फैलाने की कोशिश की गई और उनकी छवि खराब करने का प्रयास किया गया। अगर किसी अन्य नेता के मामले में सीबीआई जांच हो सकती है, तो उनके मामले में भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। हम हर तरह के सहयोग के लिए तैयार है।

अब डायरेक्ट किसानों से सब्जी और फल खरीदेगी भारतीय सेना

नई दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को मध्य प्रदेश के रायसेन में किसानों को संबोधित करते हुए कई बड़े ऐलान किए। इसी क्रम में उन्होंने एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि पहले सेना के जवानों के लिए सब्जियां और फल दूर-दूर से मंगवाने पड़ते थे, लेकिन अब कैंटोनमेंट क्षेत्रों के आसपास के किसानों से ही जैविक सब्जियां और फल मंगवाए जाएंगे। हमारी सरकार का यह प्रयास 'जय जवान - जय किसान' के संकल्प को साकार कर रहा है। राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं भले रक्षा मंत्री की जिम्मेदारी निभा रहा हूं लेकिन अंदर का किसान आज भी नहीं गया है मेरे अंदर से।

राजनाथ सिंह ने कहा कि किसान हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। चाहे वह सम्मान निधि हो या फसल बीमा, हमारी सरकार ने सम्मान, सुरक्षा और समृद्धि तीनों पर काम करते हुए किसानों के जीवन में वास्तविक बदलाव लाया है। राजनाथ सिंह ने कहा कि कृषि क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। यदि युवा इसमें जुड़ते हैं, तो नवाचार बढ़ेगा, किसानों की आय में वृद्धि होगी और देश की अर्थव्यवस्था सशक्त होगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि किसान सिर्फ अन्न नहीं उगाता, वह पूरी अर्थव्यवस्था को उगाता है। वह रोजगार को उगाता है। उद्योग को उगाता है। सेवाओं को उगाता है। राजनाथ सिंह ने कहा कि हमने अपने किसानों को, आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने के लिए, सेनाओं में, पिछले कुछ वर्षों में, Millets के, श्री-अन्न के आटे को बढ़ावा दिया है। यानी ज्वार, बाजरा, रागी के बने आटे को हमने अपनी सेनाओं के लिए उपलब्ध कराना शुरू किया है।

5 साल की बच्ची से रेप, बोरे में भरकर फेंका

दुर्ग-भिलाई, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। दुर्ग जिले में 5 साल की बच्ची से रेप हुआ है। पड़ोसी धनेश्वर साहू उसे बहलाकर अपने साथ ले गया था। अपहरण से पहले का सीसीटीवी सामने आया है, जिसमें आरोपी ने पहले बच्ची को चॉकलेट दिलाया और साथ ले गया। मामला उतई थाना क्षेत्र का है।

आरोपी ने गलत हरकत कर मासूम की हत्या करने की भी कोशिश की थी। उसने बच्ची के मुंह को पिलो कवर से बांधा, बोरी में भरकर घर के पीछे खंडहर के करीब कुएं के पास फेंक दिया था। हालांकि 2 घंटे बाद बच्ची डरी हुई हालत में मिली। जिला अस्पताल में उसका इलाज जारी है, जहां उसकी हालत स्थिर है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

बच्ची शुक्रवार सुबह करीब 11:30 बजे स्कूल से घर लौटी थी। इसके बाद वह पास की ही एक दुकान पर चॉकलेट खरीदने के लिए गई थी। आरोपी धनेश्वर साहू भी वहीं मौजूद था। वह बच्ची को पहले से जानता था क्योंकि दोनों का घर आसपास ही है।

आरोपी ने बच्ची को चॉकलेट दिलाने के नाम पर बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया और वहां उसके साथ गलत काम किया। जब बच्ची काफी देर तक घर नहीं लौटी, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। धीरे-धीरे पूरा गांव बच्ची को ढूंढने में जुट गया।

दोपहर करीब 2 बजे गांव के दो युवकों की नजर कुएं के पास पड़े एक बोरे पर पड़ी। उन्होंने देखा कि बोरा थोड़ा हिल रहा है। जब उन्होंने पास जाकर देखा तो उनके होश उड़ गए।

बोरे के अंदर वही 5 साल की बच्ची बंद थी। मासूम का मुंह तकिया कवर से बेरहमी से बांधा गया था ताकि वह चिल्ला न सके।

उसे खोज निकालने वाले युवक ने बताया कि जब बच्ची को बाहर निकाला गया, तो वह पसीने से तरबतर थी और उसे सांस लेने में काफी तकलीफ हो रही थी। वह इतनी डरी हुई थी कि कुछ भी बोलने की स्थिति में नहीं थी। पुलिस को सूचना देकर तत्काल बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

गांव के युवक ने बताया कि अभी बच्ची ठीक है। पांच-छह साल की होगी। आरोपी का नाम धनेश्वर है जिसे मोहल्ले में जनता के नाम से लोग जानते हैं। बच्ची को बोरे के अंदर डाल कर, तकिये के खोल से मुंह बांधा हुआ था और उसे पीछे खंडहर के करीब स्थित कुएं के पास फेंक दिया था।

खोजते हुए जब हम दोनों कुएं के पास पहुंचे तो बोरे में हल-चल दिखी, जब अंदर खोलकर देखा तो उसमें बच्ची मिली।

उधर सीजफायर, इधर भारत को इतने ऑर्डर मिले कि उछल गए होलसेल दाम

नई दिल्ली,11 अप्रैल(एजेंसियां)। भारत में पिछले दो दिनों में थोक स्तर पर चावल की कीमतों में 7% तक की बढ़ोतरी हुई है। इसकी वजह अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर है। ऐसा होने के बाद मिडिल ईस्ट और अमेरिका को निर्यात के लिए ऑर्डर की बाढ़ आ गई है। इस बीच भारत ने कई यूरोपीय देशों के लिए चावल निर्यात के नियमों में ढील दी है।

अब ईआईसी प्रमाणपत्र सिर्फ यूरोपीय संघ (ईयू) और ब्रिटेन जैसे प्रमुख देशों के लिए जरूरी होगा। वहीं, अन्य यूरोपीय देशों को छह महीने की छूट दी गई है। साथ ही, एक्सपोर्ट पॉलिसी को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाया गया है। यह उछाल कीमतों में 6% तक की गिरावट के बाद आया है। ईरान युद्ध के कारण समुद्री यातायात में रुकावटें आने से कीमतों में यह गिरावट हुई थी।

खुदरा कीमतों पर भी दिखेगा असर

इंडियन राइस एक्सपोर्टर्स फेडरेशन के वाइस-प्रेसीडेंट देव गर्ग ने कहा, 'इसका असर अगले पखवाड़े के भीतर खुदरा स्तर पर भी महसूस किया जाएगा।' इस संघर्ष के कारण व्यापार में भारी रुकावटें आई हैं। बासमती चावल की 400,000 टन खेप बंदरगाहों पर या रास्ते में फंसी हुई है। इससे एक्सपोर्ट साइकिल प्रभावित हुआ है। क्रेडिट असेसमेंट फर्म रूबिक्स डेटा साइंसेज के सह-संस्थापक और कार्यकारी अधिकारी मोहन रामास्वामी ने कहा कि भुगतान में रुकावटें भी काफी बड़ी हैं। उनके अनुसार, निर्यातकों के 2,000-2,500 करोड़ रुपये के भुगतान अटके हुए हैं। खासकर ईरान जैसे बाजारों में, जहां बैंकिंग और निपटान संबंधी समस्याएं हैं।

लेकिन, सीजफायर की खबर से चावल व्यापार में सकारात्मक माहौल बना है। निर्यातक पश्चिमी एशियाई देशों को बासमती और गैर-बासमती, दोनों तरह के चावल भेजने की तैयारी कर रहे हैं। ऑल इंडिया राइस एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश गोयल ने कहा, 'बासमती निर्यातकों ने मुंद्रा और कांडला बंदरगाहों पर कंटेनर पहले से ही तैयार रखे हैं। सोमवार से खेप रवाना होना शुरू हो जाएगी। 'उधर, भारत ने बताया कि चावल के निर्यात के लिए एक्सपोर्ट इंस्पेक्शन काउंसिल /एक्सपोर्ट इंस्पेक्शन एजेंसियों से इंस्पेक्शन सर्टिफिकेट की जरूरत सिर्फ ईयू, ब्रिटेन, आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड तक ही सीमित है। डायरेक्टरेट जनरल ऑफ फॉरेन ट्रेड ने एक नोटिफिकेशन में कहा, 'दूसरे यूरोपीय देशों को होने वाले निर्यात को छह महीने के लिए इस जरूरत से छूट दी गई है।'डीजीएफटी ने ईयू और ब्रिटेन के लागू नियमों के मुताबिक, पंख, खाल और दूसरे हिस्सों के निर्यात की पॉलिसी में भी बदलाव किया है।

इसमें आयात करने वाले देश की जरूरत के हिसाब से 'वेटनरी हेल्थ सर्टिफिकेट' जारी करने का प्रावधान भी शामिल है।एक अलग नोटिफिकेशन में डीजीएफटी ने प्राकृतिक शहद पर 1,400 डॉलर प्रति टन की न्यूनतम निर्यात कीमत को नौ और महीनों के लिए यानी इस साल दिसंबर तक बढ़ा दिया है। इसने 2026-27 के लिए एल्युमीनियम उद्योग में मैन्युफैक्चरिंग के लिए इस्तेमाल होने वाले 'कैल्सीन्ड पेट्रोलियम कोक' के आयात के लिए एक विस्तृत प्रक्रिया भी शुरू की है।

सोना-चांदी में तेजी

एमसीएक्स से लेकर सर्राफा तक में चढ़ गया भाव, 24के, 22के, 18के सोने के दाम कितने?

नई दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। सोने-चांदी की कीमतों में शुक्रवार को भी बड़ा उतार-चढ़ाव दिखाई दिया। एमसीएक्स पर जहां शुरुआत में दोनों धातुओं के दाम गिर गए तो वहीं बाजार में दोनों धातुएं मामूली बढ़त के साथ बंद हुईं। वहीं दिल्ली सर्राफा बाजार में भी कीमत उछल गई। इसके अलावा आईबीजेए के मुताबिक भी सोना-चांदी की कीमतों में बदलाव देखने को मिला। गुड रिटर्न्स के मुताबिक शनिवार को सोना-चांदी के भाव में तेजी आई।शुक्रवार सुबह एमसीएक्स पर सोने और चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट आई। जून डिलीवरी वाला सोना प्रति 10 ग्राम 749 रुपये की गिरावट के साथ खुला था। वहीं मई डिलीवरी वाली चांदी की शुरुआत प्रति किलो 1253 रुपये गिरकर हुई थी। दिन के कारोबार के दौरान सोना 1689 रुपये तक और चांदी 4222 रुपये तक गिर गई थी। लेकिन बाजार बंद होने तक इसमें मामूली तेजी आई। सोना 38 रुपये चढ़कर 1,52,690 रुपये पर और चांदी 26 रुपये उछलकर 2,43,300 रुपये पर बंद हुई। शनिवार और रविवार को एमसीएक्स बाजार बंद रहता है। ऐसे में आज शनिवार को दोनों धातुओं का भाव वही है जो कल यानी शुक्रवार रात बंद हुआ था। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के आंकड़ों के अनुसार, 999 प्यूरिटी वाले सोने का भाव शुक्रवार को 1,50,327 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा, जो सोमवार के 1,47,891 रुपये के स्तर से ज्यादा है। वहीं 999 प्यूरिटी वाली चांदी की कीमत शुक्रवार को 2,39,934 रुपये प्रति किलोग्राम रही, जो पिछले सोमवार के 2,31,028 रुपये से ज्यादा है।

सर्राफा बाजार में आई तेजी

राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को चांदी की कीमत 3,800 रुपये बढ़कर 2.47 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं, जबकि सोना 1.55 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी 3800 रुपये यानी 1.6 प्रतिशत बढ़कर 2,47,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। गुरुवार को इसमें गिरावट आई थी और यह 2,43,200 रुपये प्रति किलोग्राम रही थी।

अडानी की एंट्री से रॉकेट बना 17 रुपये का ये शेयर! 1 महीने में दिया 27% रिटर्न

नई दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)।शेयर बाजार में यह अक्सर देखा जाता है कि जब भी कोई दिग्गज कारोबारी किसी छोटी कंपनी पर हाथ रखता है, तो उसके शेयरों की किस्मत रातों-रात बदल जाती है. उद्योगपति गौतम अडानी के एक हालिया कदम ने कुछ ऐसा ही कमाल कर दिखाया है. उनकी एक बड़ी डील का सीधा असर महज 17 रुपये के भाव वाले एक पावर शेयर पर पड़ा है और यह रॉकेट की तरह भागने लगा है. हम बात कर रहे हैं जयप्रकाश पावर वेंचर्स लिमिटेड की. अडानी समूह के एक फैसले ने इस शेयर में नई जान फूंक दी है, जिससे पिछले एक महीने में ही इसने अपने निवेशकों को 27 फीसदी का शानदार रिटर्न दे दिया है.

14,500 करोड़ की डील से अडानी का 'मास्टरस्ट्रोक'

दरअसल, इस उछाल के पीछे एक बहुत बड़ा अधिग्रहण है. इसी साल मार्च 2026 में नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने अडानी एंटरप्राइजेज के पक्ष में एक बड़ा फैसला सुनाया. अडानी ग्रुप ने 14,535 करोड़ रुपये की सफल बोली लगाकर दिवालिया हो चुकी कंपनी जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड को खरीद लिया है. अब सवाल उठता है कि जेएएल के बिकने से जेपी पावर के शेयरों में क्यों आग लगी है? वजह बिल्कुल साफ है. जयप्रकाश एसोसिएट्स असल में जेपी पावर की पैरेंट (प्रमोटर) कंपनी है और इसमें उसकी 24 फीसदी हिस्सेदारी है. इस डील के पूरा होने का सीधा मतलब यह है कि जेपी पावर के जितने भी थर्मल और हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्लांट हैं, उन पर अब परोक्ष रूप से अडानी ईकोसिस्टम का नियंत्रण हो गया है. इसी मजबूत बैकअप की खबर ने बाजार में निवेशकों का भरोसा बढ़ा दिया है.

आंकड़ों में समझिए शेयर की कहानी

बाजार के मौजूदा आंकड़ों पर नजर डालें तो जेपी पावर का शेयर 17.0 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा है. अडानी की एंट्री की खबर से इस शेयर में भारी खरीदारी हो रही है. कंपनी का कुल मार्केट कैप (बाजार पूंजीकरण) अब 11,658 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है.शेयर के रिटर्न की बात करें तो बीते एक हफ्ते के भीतर ही इसने लगभग 12 फीसदी (11.99%) की छलांग लगाई है. वहीं, एक महीने में यह 27 फीसदी तक उछल चुका है.

अमेरिका की ओर रवाना होने लगे तेल के खाली टैंकर

ट्रंप बोले– शानदार, आखिर मामला क्या है?

नई दिल्ली,11 अप्रैल(एजेंसियां)। इस समय अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप काफी खुश नजर आ रहे हैं। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर उन खबरों का गर्मजोशी से स्वागत किया है, जिनमें दावा किया जा रहा है कि खाली टैंकरों की एक बड़ी लहर अमेरिकी कच्चा तेल लेने के लिए अमेरिका की ओर बढ़ रही है। ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर इस खबर को साझा करते हुए लिखा, शानदार! ऑयल मार्केट रिसर्चर रोरी जॉनस्टन ने इस बारे में एक्स पर एक पोस्ट की है। इसमें उन्होंने लिखा है कि दर्जनों खाली वीएलसीसी अमेरिकी खाड़ी तट की ओर बढ़ रहे हैं। इनमें से प्रत्येक की क्षमता लगभग 20 लाख बैरल है। यह घटनाक्रम होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव के बीच सामने आया है, जहां हालिया संघर्ष के बाद तेल आपूर्ति प्रभावित हुई है। दुनिया के करीब 20% कच्चे तेल की सप्लाई इसी रास्ते से गुजरती है, इसलिए इसका महत्व बेहद रणनीतिक है।

अमेरिका के तेल एक्सपोर्ट में आएगा उछाल!

रोरी जॉनस्टन ने अपनी पोस्ट में लिखा है कि यह ऐसे समय में हो रहा है जब ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी के कारण दुनिया भर के बाजारों में तेल की भारी कमी हो गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह ट्रेंड जारी रहा तो अमेरिका के तेल निर्यात में बड़ा उछाल आ सकता है। पहले भी ट्रंप ने कहा था कि जिन देशों को ईंधन की कमी हो रही है, वे अमेरिका से तेल खरीदें या खुद अपने रास्ते सुरक्षित करें।

ईरान को दी चेतावनी

इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच होने वाली उच्च स्तरीय शांति वार्ता से पहले ट्रंप ने कड़ा रुख अपनाया है। कहा, 'ईरान सैन्य रूप से हार चुका है। अब हम होर्मुज को खोलेंगे, चाहे ईरान इसमें साथ दे या न दे। हम तेहरान को अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में जहाजों से पारगमन शुल्क वसूलने की अनुमति नहीं देंगे।'

होर्मुज इतना महत्वपूर्ण क्यों?

फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच का यह संकरा रास्ता वैश्विक कच्चे तेल की आपूर्ति का लगभग 20% हिस्सा संभालता है। 28 फरवरी को अमेरिका-इजरायल के हमलों के जवाब में ईरान ने इस मार्ग की घेराबंदी कर दी थी, जिससे वैश्विक ऊर्जा संकट पैदा हो गया है।

अमेरिका और ईरान के बीच पाकिस्तान में शांति वार्ता आज होनी है। ईरान की ओर से प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मंत्री अब्बास अराघची कर रहे हैं, जबकि अमेरिकी टीम की अगुवाई उपराष्ट्रपति जेडी वेंस कर रहे हैं। उनके साथ विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर भी मौजूद हैं।

15-20 दिनों में स्टॉक होने लगेगा कम, तेल नहीं, तेजाब ने बढ़ाई भारत की टेंशन, चेतावनी

नई दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के इंडस्ट्रियल सेक्टर को जल्द ही सप्लाई में झटका लग सकता है। जियोपॉलिटिकल रुकावटों और ग्लोबल ट्रेड की दिक्कतों की वजह से सल्फ्यूरिक एसिड की अवेलेबिलिटी कम हो गई है।

इंडस्ट्री बॉडीज ने चेतावनी दी है कि 15-20 दिनों में स्टॉक कम होना शुरू हो सकता है। इससे फर्टिलाइजर, मेटल, केमिकल और टेक्सटाइल में चिंता बढ़ गई है। आम भाषा में सल्फ्यूरिक एसिड को तेजाब कहते हैं।इस मुद्दे की जड़ में सल्फर है। यह सल्फ्यूरिक एसिड बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाला जरूरी इनपुट है। इसकी सप्लाई कच्चे तेल (क्रूड) की रिफाइनिंग से सीधे जुड़ी हुई है। ग्लोबल ऑयल फ्लो या रिफाइनिंग एक्टिविटी में कोई भी रुकावट तुरंत सल्फर की अवेलेबिलिटी और इसके साथ ही सल्फ्यूरिक एसिड के प्रोडक्शन पर असर डालती है।मौजूदा दबाव पश्चिम एशिया में टेंशन की वजह से है। इसने इस इलाके से सल्फर सप्लाई चेन में रुकावट डाली है। समस्या को और बढ़ाते हुए चीन से मई से सल्फ्यूरिक एसिड का एक्सपोर्ट रुकने की आशंका है। इससे ग्लोबल सप्लाई और कम हो जाएगी। चीन इसका बड़ा एक्सपोर्टर है। उसने 2025 में 46 लाख टन एक्सपोर्ट किया था। इसमें भारत का लगभग 9% शिपमेंट था।

अमेरिका-ईरान शांति वार्ता से पहले क्रिप्टो में तेजी

बिटकॉइन 73000 डॉलर के पार, ज़डकैश का 50% से ज्यादा रिटर्न

नई दिल्ली,11 अप्रैल(एजेंसियां)। अमेरिका और ईरान के बीच आज शांति वार्ता होनी है। यह बातचीत पाकिस्तान में होगी। इस बातचीत से पहले ही क्रिप्टोकरेंसी मार्केट में तेजी दिखाई दे रही है। ग्लोबल मार्केट कैप 1.25% से ज्यादा उछल गया है। वहीं बिटकॉइन फिर से 73 हजार डॉलर के आंकड़े को पार कर गया। दूसरी ओर ज़डकैश का भी ताबड़तोड़ रिटर्न जारी है। इस क्रिप्टोकरेंसी ने 7 दिन में 50 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दिया है।

शनिवार सुबह करीब 9:30 बजे ग्लोबल क्रिप्टो मार्केट कैप पिछले 24 घंटे में 1.32% उछलकर 2.47 ट्रिलियन डॉलर हो गया। वहीं फीयर एंड ग्रीड इंडेक्स में भी जबरदस्त तेजी आई है। यह इस समय 50 पर पहुंच गया है, जो दिखाता है कि क्रिप्टो बाजार में स्थिति न्यूट्रल बनी हुई है, जो दिखाता है कि निवेशकों में डर का माहौल लगभग खत्म हो गया है। यह इंडेक्स पिछले हफ्ते 30 पर था।

बिटकॉइन की ऊंची छलांग

पिछले 24 घंटे में बिटकॉइन में भी जबरदस्त तेजी आई है। यह करीब 1.50% उछलकर 72,964 डॉलर पर पहुंच गया है। सुबह करीब 9 बजे यह 73 हजार डॉलर के आंकड़े को पार कर गया था। बाद में मामूली गिरावट आई। वहीं एक हफ्ते में बिटकॉइन में 9 फीसदी से ज्यादा की तेजी आई है। पिछले हफ्ते यह ज्यादातर समय 70 हजार डॉलर के ऊपर बना रहा। जीकैश कॉइन में पिछले कुछ समय से जबरदस्त तेजी देखी जा रही है। पिछले 24 घंटे में इसमें 1.23% का उछाल आया है। इस तेजी के साथ यह कॉइन 372.47 डॉलर पर कारोबार कर रहा है। वहीं पिछले 7 दिनों में इसने करीब 58 फीसदी रिटर्न दिया है।

अब और आसान होगी बैंकिंग! आरबीआई ने लॉन्च किया 'उत्कर्ष 2.0'

सर्विस क्वालिटी और तकनीक में दिखेगा बड़ा सुधार

नई दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक ने 'उत्कर्ष 2।0' नाम से एक मिडिम-टर्म का स्ट्रैटिजी फ्रेमवर्क जारी किया है, जिसमें कई रणनीतिक स्तंभों पर नियम-कानून, ग्राहक-केंद्रितता, समावेशी वित्त, प्रतिस्पर्धी बाज़ार, प्रभावी तकनीक, भविष्य के लिए तैयार संगठन और वैश्विक भारत पर फोकस आदि पर जोर दिया गया है।

आरबीआई ने कहा कि यह फ्रेमवर्क नियमों को आसान बनाने, वित्तीय बाज़ारों को गहरा करने और पहुंच बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगा, साथ ही अपने सभी कार्यों में डिजिटलीकरण और नवाचार को भी प्राथमिकता देगा।आरबीआई के अनुसार यह योजना कस्टमर सर्विस और फाइनेंशियल इंक्लूजन को बेहतर बनाने पर जोर देगी, और इसके साथ ही बाज़ार के बुनियादी ढांचे को मज़बूत करने तथा कीमतों में पारदर्शिता लाने के प्रयासों पर भी ध्यान देती है, विशेष रूप से सरकारी सिक्योरिटीज के मामले में। तकनीक को अपनाने, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आंतरिक प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण शामिल है, की इसमें केंद्रीय भूमिका निभाने की उम्मीद है। संस्थागत स्तर पर, आरबीआई का लक्ष्य भारत की वैश्विक वित्तीय उपस्थिति का विस्तार करना है। इसमें रुपए के अंतर्राष्ट्रीयकरण को बढ़ावा देना और यूपीआई जैसी सीमा-पार भुगतान प्रणालियों का विस्तार करना शामिल है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि इस ढांचे के तहत हुई प्रगति की समय-समय पर निगरानी की जाएगी, और बदलते वित्तीय हालात के अनुसार इसमें बदलाव करने की गुंजाइश भी रहेगी।हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक ने वैश्विक स्तर पर जारी अनिश्चितता के बीच महंगाई बढ़ने के जोखिम को देखते हुए बुधवार को नीतिगत दर रेपो को उम्मीद के मुताबिक 5।25 प्रतिशत पर बरकरार रखा। आरबीआई ने इसके साथ सतर्कता बरतते हुए देखो और इंतजार करो की नीति का रुख अपनाया है। चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा ऐसे समय हुई है जब पश्चिम एशिया में लगभग 40 दिन चले युद्ध के कारण कच्चे तेल दाम में उल्लेखनीय तेजी आई है।

इससे ईंधन के आयात पर निर्भर भारत जैसे देशों के लिए मुद्रास्फीतिक दबाव बढ़ा है। हालांकि, अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध विराम से वैश्विक स्तर पर पुनरुद्धार की उम्मीद भी बंधी है।इसके साथ ही आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.9 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है जो वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अनुमानित 7.6 प्रतिशत से कम है।

नई जीडीपी श्रृंखला (आधार वर्ष 2022-23) के तहत दूसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार, भारत की वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि 2025-26 में 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए खुदरा मुद्रास्फीति 4.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है।

चीन के बाद भारत को लगा बड़ा झटका: अमेरिकी बाजार में भारतीय टेक्सटाइल की डिमांड धड़ाम, वियतनाम ने मारी बाजी

नई दिल्ली,11 अप्रैल(एजेंसियां)। भारत के टेक्सटाइल और अपैरल सेक्टर (कपड़ा और परिधान) को बड़ा झटका लगा है। फरवरी 2026 में अमेरिका को भारत के एक्सपोर्ट में सालाना आधार पर 28.7% की गिरावट दर्ज की गई। यह गिरावट न केवल चिंताजनक है, बल्कि यह एशियाई प्रतिद्वंद्वियों के मुकाबले भारत के कमजोर प्रदर्शन को भी दर्शाती है।

ऑफिस ऑफ टेक्सटाइल्स एंड अपेरल के आंकड़ों के मुताबिक, जहां बांग्लादेश से अमेरिकी आयात में 16.4% की कमी आई, वहीं वियतनाम ने 5% की बढ़त दर्ज की। चीन से आयात में सबसे ज्यादा 45.2% की गिरावट देखी गई। उद्योग संगठन भारतीय वस्त्र उद्योग परिसंघ के अनुसार, यह गिरावट संकेत देती है कि भारत अमेरिका के बाजार में अपनी हिस्सेदारी तेजी से खो रहा है, जबकि वियतनाम अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है।

टैरिफ से राहत का नहीं दिखा फायदा

फरवरी 2026 में अमेरिका ने अतिरिक्त टैरिफ में राहत दी है, लेकिन इसका फायदा अभी तक निर्यात में दिखाई नहीं दिया है। इकनॉमिक टाइम्स के मुताबिक निर्यातकों का कहना है कि कई अमेरिकी खरीदार पहले ही जोखिम से बचने के लिए भारत से ऑर्डर हटाकर अन्य देशों की ओर रुख कर चुके हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि 2025 में अमेरिकी आयात में कमी, टैरिफ के कारण बढ़ी महंगाई और कमजोर उपभोक्ता मांग का भी असर भारत के निर्यात पर पड़ा है।

क्या है जानकारों का कहना?

राजलक्ष्मी कॉटन मिल्स के प्रबंध निदेशक रजत जैपुरिया के मुताबिक, 'हम अपने करीब 40% अमेरिकी ग्राहकों को ही वापस ला पाए हैं। टैरिफ कम होने के बाद मई-जून से निर्यात में सुधार दिख सकता है, क्योंकि ऑर्डर से शिपमेंट तक 90-120 दिन का समय लगता है।'

इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स के संजय जैन ने कहा कि टैरिफ लागू होने के बाद खरीदारों ने ऑर्डर कम कर दिए थे और हाल ही में टैरिफ हटने के कारण इसका असर अभी डेटा में दिख रहा है। आने वाले महीनों में गिरावट कम हो सकती है।

कंपनियों के प्रदर्शन पर असर

इस गिरावट का असर कंपनियों के प्रदर्शन पर भी दिख रहा है। अमेरिकी बाजार पर निर्भर कई टेक्सटाइल कंपनियों के मुनाफे में 50% से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई है। मांग में कमी, क्षमता का कम उपयोग और बढ़ती लागत के कारण कंपनियों के मार्जिन पर दबाव बना हुआ है।

दैनिक पंचांग

गृह गोचर



गृह स्थिति		
सुर्य	मीन	मे
चंद्र	मकर	मे
मंगल	मीन	मे
बुध	मीन	मे
गुरु	मिथुन	मे
शुक्र	मेष	मे
शनि	मीन	मे
राहु	कुंभ	मे
केतु	सिंह	मे

लग्नारभ समय	
मीन....	04-37 बजे
मेष.....	06-13 बजे
वृष....	07-57 बजे
मिथुन..	09-58 बजे
कर्क...	12-10 बजे
सिंह---	14-22 बजे
कन्या--	16-29 बजे
तुला----	18-34 बजे
वृश्चिक..	20-44 बजे
धनु.....	22-58 बजे
मकर...	01-05 बजे
कुंभ....	02-59 बजे

श्री रौद्र /श्री दुर्मती नामके संवत्सरे-विक्रम संवत्- **2083**
शक संवत् **-1948,** सूर्य उत्तरायणे /उत्तर , ऋतु- बसंत
महावीर निर्वाण संवत् **-2551 ,** राजा गुरु, मन्त्री भौम
कलियुग अवधि - **432000**
भोग्य कलि वर्ष. - **426873**
कलियुग संवत् - **5127** वर्ष,
कल्पारंभ संवत् - **1972949127**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् - **1955885127**
दिशाशूल - पश्चिम - पान खाकर घर से निकले
मास - वैशाख कृष्ण पक्ष रविवार **12 April 2026**
तिथि - दशमीं **01-16** रात्रि तक उपरान्त एकादशी
नक्षत्र - श्रवण **15-13** तक उप धनिष्ठा
योग - साध्य **18-14** तक उप शुभ
करण - वणिज **13-02** तक उप विष्टी (भद्रा

विशेष: भद्राकाल **13-03** से

विशेषः- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका हमें दिखावे व पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति व दशान्तर्दशा को विशेष प्रभावित समझना चाहिए ।

राहुकाल
16-57 से
18-30 तक

पं.महेशचन्द्र शर्मा 9247132654 9167555710

दिन का चौघड़िया

उत्पात **06-08 - 07-37** अशुभ
चंचल **07-37 - 09-10** शुभ
लाभ **09-10 - 10-44** शुभ
अमृत **10-44 - 12-17** शुभ
काल **12-17 - 13-50** अशुभ
शुभ **13-50 - 15-24** शुभ
रोग **15-24 - 16-57** अशुभ
उत्पात **16-57 - 18-27** अशुभ

रात का चौघड़िया

शुभ। **18-27 - 19-57** शुभ
अमृत **19-57 - 21-24** शुभ
चंचल **21-24 - 22-50** शुभ
रोग **22-50 - 00-17** अशुभ
काल **00-17 - 01-43** अशुभ
लाभ **01-43 - 03-10** शुभ
उत्पात **03-10 - 04-36** अशुभ
शुभ **04-36 - 06-08-** शुभ

आपका राशिफल

मेष चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,	गृहों की स्थिति ऐसी है कि आपको अप्रत्याशित बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है ,पिछले कुछ समय से आप बहुत अच्छी स्थिति में हैं और फिलहाल ऐसा कुछ भी नही है जो परेशानी पैदा करने वाला दीखता हो । लेकिन आज ऐसी बढ़ाएं और परेशानियां पैदा होने वाली हैं जो आपके काम और मूड दोनों को ही प्रभावित करेंगी ।
वृष ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,	आपका व्यक्तित्व प्रतिभाशाली और प्रभावी है ,जो आज आपके हितेषियों तथा विरोधियों सहित सबके सामने आएगा । अपने शुभचिन्तकों की बातों पर ध्यान दें और बाकी सब बातों की उपेक्षा कर दें । आपके बड़े आपका साथ देंगे और जीवन के महत्वपूर्ण लक्ष्यों पर ध्यान फोकस करने में आपकी मदद करेंगे ।
मिथुन का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,	आज आप एडजस्ट करने के मूड में रहेंगे । आपकी लोगों से मिलकर और बातचीत के जरिये किसी समझौते पर पहुचने की कोशिश से आप सबको बहुत अच्छे लगेंगे । आप तुरंत किसी भी समस्या का समाधान निकाल लेंगे ।आप इस बात का भी ध्यान रखते हैं कि किस तरह आपके आसपास और खुद को भी खूबसूरत बनाकर रखा जाए और सारे कार्यक्रम तय योजना के अनुसार अच्छे से पूरा हो जाए ।
कर्क ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,	भाग्य आपकी वित्तीय स्थिति पर मुस्कुरा रहा है और अधिक कमाई के कारण आप के खर्चे भी बढ़ गए हैं। अब समय आ गया है की आप अपने खर्च पर नियंत्रण रखें । अब फिजूलखर्ची से बचना होगा । आपके परिजन या किसी करीबी के साथ ऐसा कुछ होगा कि आपके भीतर भी उससे अशांति आएगी ।
सिंह मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,	आज आप महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने सम्बन्धियों से बात कर सकते हैं । प्यार से बातचीत करें और नम्र बने रहें । अगर आप अभी स्थिति को नही संभाल पा रहें हैं तो अभी इसे छोड़ दें । अगर मूड हल्का करना चाहते हैं तो शाम को किसी समारोह में भाग लें । आध्यात्मिकता और विश्वास पर फोकस करने से आपको सहायता मिलेगी ।
कन्या टो पा पी पू ष ण ठ पे पो	दिन शांत रहेगा । पिछले सप्ताह के व्यस्त कार्यक्रम से थोड़ी राहत मिलेगी,जो अच्छी लगेगी । आपके वरिष्ठ अधिकारी आप पर नजर रखे हुए हैं ,इसीलिए अधिक मेहनत करें । कुछ अनापेक्षित निजी मुद्दे आपके सामने आ सकते हैं ,उनसे आपको आश्चर्य तो जरुर होगा,लेकिन आप संतोषजनक तरीके से उन्हें सँभालने में कामयाब होंगे ।
तुला रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,	आज का दिन नई शुरुआत के लिए बिलकुल सही है । आप अपने आपको पीछे धकेलने वाली चीजों से आज मुक्त महसूस करेंगे । किसी नए अवसर में जिंदगी बदलने की क्षमता है लेकिन आपको उसे समय रहते पकड़ना होगा । समय रहते लिया गया निर्णयात्मक फैसला आपके लिए काफी महत्वपूरण एवं लाभकारी बदलाव ला सकता है ।
वृश्चिक तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,	आप उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं और आज आपको इसके लिए कई अच्छी संस्थाओं से प्रस्ताव भी मिलेंगे । छात्रवृति भी मिल सकती है । कोई आपका फायदा उठाने की ताक में है, प्रारम्भिक व्यवस्था करते हुए और सूचनाएं एकत्र करने में सावधान रहें । ज़्यादा खाने और साइनस या फेफड़ों की समस्याओं पर आपको ध्यान देने की ज़रूरत हो सकती है।
धनु ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे	आपकी अपने पिछले समय में से किसी पुराने व्यक्ति से मिलने की सम्भावना है और यह व्यक्ति आपके भविष्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा । सहायता करने और लेने में अपने पूर्वाग्रहों को आड़े ना आने दें ,इससे आपकी प्रगति के नए रास्ते खुल सकते हैं । अब कोई भी बदलाव नयी सफलता ही लाएगा ।
मकर भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी	आप सकारात्मक तरंगों से भरपूर हैं । लेकिन इसे औरों के साथ ना बाँटें ,लोग आपकी सलाह का सम्मान नही करेंगे । रचनात्मक उर्जा से भरे होने के बावजूद भी चुपचाप बैठा रहना आपके लिए तनाव का कारण बन सकता है,लेकिन इससे परेशान न हों । आपकी पहचान को कोई नुकसान नही होगा,केवल इसमें देरी हो सकती है ।
कुंभ गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,	आज आप सामान्य से अधिक भावनात्मक हैं ,दूसरे इसका फायदा उठा सकते हैं । कार्यस्थल पर कार्य का दबाव रहेगा,जिससे थकान का अनुभव करेंगे । कुछ कार्य सहकर्मियों को दे दें या कल के लिए बचा रखें । काम थोडा भले ही करें लेकिन गुणवत्ता बनाये रखें । आज किसी ख़ास व्यक्ति के साथ स्वादिष्ट भोजन का लुत्फ़ उठा सकते हैं ।
मीन दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची	आज का दिन आपके लिए विशेष हो सकता है । आपके दृष्टिकोण में आज कोई नया आयाम जुड़ेगा या आप किसी अपरिचित व्यक्ति के दृष्टिकोण से अत्यधिक प्रभावित होंगे । आपको यह सीख मिलेगी कि अपना भविष्य तय करने में तथा अपनी जिंदगी में फिलहाल चल रही समस्या से जूझने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका आप०को ही निभानी है ।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

बांदीकुई को मिली 165 करोड़ की सौगात

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया लोकार्पण और शिलान्यास

दौसा, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को बांदीकुई में आयोजित महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के प्रदेश स्तरीय समारोह में भाग लेकर सामाजिक सुधारकों के योगदान को याद किया और शिक्षा क्षेत्र में बड़े कदमों की घोषणा की। इस दौरान मुख्यमंत्री बांदीकुई में 165 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री दोपहर को बांदीकुई पहुंचे और राजेश पायलट राजकीय पीजी कॉलेज परिसर में आयोजित सभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले के समाज सुधार में योगदान को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज के उत्थान में समर्पित किया।

कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं

इस दौरान मुख्यमंत्री ने शिक्षा क्षेत्र को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि राजस्थान के हर ब्लॉक में एक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सावित्रीबाई फुले ई-लाइब्रेरी स्थापित की जाएगी। साथ ही प्रत्येक जिले में एक राजकीय सीनियर स्कूल को महात्मा ज्योतिबा फुले आदर्श स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा। सभा के दौरान मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर भी निशाना साधते हुए अपनी सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को विस्तार से रखा।

भव्य कलश यात्रा निकाली गई

कार्यक्रम स्थल पर करीब 25 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई थी। तीन बड़े डोम बनाए गए थे, जहां दूर-दराज से आए लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम से पहले शहर में भव्य कलश यात्रा भी निकाली गई, जिसमें 11 हजार कलश शामिल रहे। यात्रा में आकर्षक झांकियां, बैंड, डीजे, हाथी, घोड़े और ऊंट शामिल रहे। पूरे शहर में 251 स्वागत द्वार बनाए गए और 31 जेसीबी से पुष्प वर्षा की गई, जिससे माहौल उत्सवमय बना रहा।

सभा के दौरान विधायक भागचंद टांकड़ा ने क्षेत्र के विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले दो वर्षों में बांदीकुई को जितना विकास मिला है, उतना पहले नहीं हुआ। उन्होंने जल व्यवस्था में सुधार का भी उल्लेख किया और कहा कि अब पानी की आपूर्ति पहले की तुलना में काफी बेहतर हुई है। कार्यक्रम में डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा और कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए करीब 900 पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे और वाहनों की पार्किंग के लिए 18 स्थानों पर विशेष इंतजाम किए गए।

कचौरी-समोसे के ज़ायके से लेकर 'पारिवारिक रिश्ते' निभाने तक

'गज़ब' रहा सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव का जयपुर दौरा

जयपुर, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने अपने जयपुर प्रवास के दौरान राजस्थान की मेहमाननवाजी और यहाँ के प्रसिद्ध व्यंजनों का लुत्फ उठाकर सबको चौंका दिया। अखिलेश यादव अपने करीबियों और वरिष्ठ नेताओं के एक बड़े दल के साथ जयपुर के एक कैफे में पहुँचे, जहाँ उन्होंने राजस्थानी स्वाद के साथ-साथ वरिष्ठ पत्रकारों से संवाद भी किया।

जयपुर अपने जायके के लिए दुनिया भर में मशहूर है और अखिलेश यादव ने भी इसे करीब से महसूस किया। जयपुर स्थित एक लोकप्रिय कैफे में अखिलेश यादव के साथ एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल मौजूद रहा।

दिग्गज नेताओं का साथः सांसद राजीव राय, पूर्व मंत्री अभिषेक मिश्रा, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन, राष्ट्रीय प्रमुख प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी और आशीष यादव सहित कई वरिष्ठ नेता इस दौरान साथ दिखे। मेनू में क्या था खास? अखिलेश ने राजस्थान की सिग्नेचर प्याज की कचौरी, गरमा-गरम समोसा, मीठी बालूशाही और जयपुर की मशहूर केसर चाय का आनंद लिया।

नाश्ते के टेबल पर अखिलेश यादव ने राजस्थान के वरिष्ठ पत्रकारों के साथ लंबी बातचीत की। हालांकि यह एक अनौपचारिक मुलाकात थी, लेकिन सियासी गलियारों में इसके कई मायने निकाले जा रहे हैं। उन्होंने राजस्थान के सामाजिक और राजनीतिक परिवेश पर पत्रकारों से चर्चा की और गुलाबी नगरी की संस्कृति की सराहना की। अखिलेश यादव के जयपुर दौरे का एक महत्वपूर्ण पहलू पूर्व सांसद डॉ. कर्ण सिंह यादव के साथ उनकी मुलाकात रही। यह केवल एक राजनीतिक मुलाकात नहीं, बल्कि दो परिवारों के गहरे संबंधों की कड़ी थी।

मुलायम सिंह यादव और डॉ. कर्ण सिंह की दोस्तीः अलवर से पूर्व सांसद रहे डॉ. कर्ण सिंह यादव और समाजवादी पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के बीच बहुत घनिष्ठ मित्रता रही है।

पारिवारिक आयोजनः डॉ. कर्ण सिंह यादव के भतीजे गौतम की हाल ही में शादी हुई थी। इसी सिलसिले में अखिलेश यादव परिवार को बधाई देने और पुरानी यादों को ताजा करने उनके घर पहुँचे।

एक्शन मोड में सरकार: मंत्री दिलावर के दौरे के बाद गिर रही गाज, प्रशासक पदमुक्त, अधिकारी निलंबित



राजसमंद, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। जिले में शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर के औचक निरीक्षण के बाद प्रशासनिक तंत्र में हड़कंपमच गया है। स्वच्छता में लापरवाही और अनियमितताओं पर सख्त रुख अपनाते हुए सरकार ने एक के बाद एक बड़ी कार्रवाई की है कहीं प्रशासकों को पदमुक्त किया गया, तो कहीं अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया। जानकारी के अनुसार 2 अप्रैल को मंत्री मदन दिलावर ने जिले की ग्राम पंचायतों का बिना सूचना औचक निरीक्षण किया। गुंजोल ग्राम पंचायत में गंदगी और सफाई व्यवस्था की बदहाल स्थिति देखकर उन्होंने मौके पर ही नाराजगी जताई और सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अव्यवस्था पर गुंजोल प्रशासक किशनलाल और पीपरड़ा प्रशासक सीताबाई को पद से हटाने के आदेश जारी कर दिए गए। यह आदेश अतिरिक्त आयुक्त एवं शासन उप सचिव त्रिलोकचंद मीना द्वारा जारी किया गया, जिसमें दोनों को स्वच्छता कार्यों में अनियमितता का दोषी माना गया।

मंत्री दिलावर के निरीक्षण के दौरान केलवा ग्राम पंचायत में भी गंदगी मिलने पर नाराजगी जताई गई। प्रशासक सुमन साहू को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। 7 दिन में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

गुंजोल पंचायत में सामने आई लापरवाही का असर अधिकारियों पर भी पड़ा। अतिरिक्त विकास अधिकारी दौलतसिंह शक्तावत, सहायक विकास अधिकारी (स्वच्छता प्रभारी) सत्यनारायण बैरवा दोनों को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। आदेश में उल्लेख है कि इनके खिलाफ विभागीय जांच प्रस्तावित है और निलंबन अवधि में मुख्यालय पंचायतीराज विभाग जयपुर रहेगा। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने पहले ही बीडीओ, एबीडीओ और वीडीओ को निलंबित करने के निर्देश दिए थे। स्वच्छता के साथ-साथ अनियमितताओं पर भी सरकार सख्त नजर आई। ग्राम पंचायत जीतावास (पंचायत समिति रेलमगरा) में पट्टों के आवंटन में गड़बड़ी की शिकायतों की जांच के बादः प्रशासक एवं पूर्व सरपंच पूरण चौधरी को पद से हटा दिया गया। जांच मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजसमंद द्वारा की गई थी, जिसमें अनियमितता सामने आने पर कार्रवाई की गई। यह आदेश भी अतिरिक्त आयुक्त एवं शासन उप सचिव (द्वितीय) त्रिलोक चंद मीणा द्वारा जारी किया गया।

मंत्री दिलावर 2 अप्रेल की सुबह सर्किट हाउस से निकलकर कल्लाखेड़ी, गुंजोल, पीपरड़ा, केलवा,ग्राम पंचायतों का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान गांवों में गंदगी और कीचड़, नियमित सफाई व्यवस्था का अभाव, योजनाओं के क्रियान्वयन में कमी और प्रशासनिक उदासीनता सामने आई थी। ग्रामीणों ने भी सफाई नहीं होने की शिकायतें मंत्री के सामने रखीं।

एएसआई ने इलेक्ट्रॉनिक वाहन का चालान काटा

ड्राइवर बोला- ईवी में पीयूसी कब से लगने लगी?

नागौर, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। नागौर शहर से अजब-गजब मामला सामने आया है। जोधपुर के पुनाराम ने महज तीन महीने पहले नई इलेक्ट्रिक कार खरीदी थी। उन्होंने सोचा था कि पेट्रोल का खर्च बचाऊंगा और पर्यावरण को स्वच्छ बनाएं रखने में योगदान दूंगा, मगर 6 अप्रैल को नागौर के आरटीओ रोड पर पुलिस ने उनके सपने को चालान में बदल दिया। हालांकि, ये वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, मगर पुलिस ने इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं की है। जोधपुर निवासी पूनमाराम के बड़े भाई अशोक पंवार चला रहे थे। उनकी कार को पुलिस ने अचानक रोक लिया और सीधा चालान काट दिया। पुनाराम को मोबाइल पर मैसेज मिला तो उन्होंने भाई को फोन लगाया कि ये चालान गलत काटा गया है। जिसके बाद अशोक मौके पर पहुंचे और एएसआई राजकुमार से पूछा कि सर, यह बिजली से चलने वाली गाड़ी है, इसमें धुआं कहां से आएगा?

बहुचर्चित फर्जी मार्कशीट मामले में विधायक हरलाल सहारण को बड़ी राहत, 2019 से चल रहा केस

चूरू, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। बहुचर्चित फर्जी मार्कशीट के मामले में एसीजेएम न्यायालय ने चूरू विधायक हरलाल सहारण को बरी कर दिया है। सरदारशहर एसीजेएम नवदीप ने फैसला सुनाते हुए वर्ष 2019 से चल रहे प्रकरण में विधायक सहारण को दोष मुक्त कर दिया है।

प्रकरण अनुसार विधायक सहारण ने सन 2015 में जिला परिषद चूरू के वार्ड से 16 से चुनाव लड़ते समय स्वयं को दसवीं पास बताते हुए उत्तराखंड विद्यालय शिक्षा परिषद की मार्कशीट व प्रमाण पत्र पेश किया था। उक्त दस्तावेज फर्जी बताते हुए चिमनाराम जाट निवासी ढाढर ने सारण के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया और पुलिस की ओर से चालान पेश किया गया था।

मामले में 7 गवाह, 14 कागजात पेश किए गए

यह मुकदमा ट्रांसफर होकर वर्तमान में स्थानीय न्यायालय में चल रहा था। सहारण की ओर से पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि चिमनाराम ने सूचना के अधिकार के तहत लिए गए दस्तावेज पेश किए थे। वो ना तो कोई लेटर पैड पर लिखे हुए थे, न ही कोई सील लगी हुई थी। जिस दिन सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगी गई उसी दिन वो जानकारी बिना जांच के दे दी गई। मामले में 7 गवाह थे और कुल 14 कागजात पेश किए गए। वे कागजात प्रमाणित नहीं पाए गए।

कोर्ट ने कहा— आरोप साबित नहीं

अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नवनीत गोदारा ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद अपने निर्णय में कहा कि अभियोजन पक्ष की ओर से कथित फर्जी मार्कशीट व प्रमाणपत्र जब्त नहीं हुए है तथा ना ही यह साबित किया गया है कि फर्जी मार्कशीट क्रमांक हरलाल के बजाय किसी अन्य छात्र को जारी हुई हो व इसमें कांट-छांट कर अपना नाम जोड़ा हो।

इस प्रकार कोर्ट ने सारण के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता के अन्तर्गत सभी आरोपित अपराध संदेह से परे प्रमाणित नहीं होने के कारण दोषमुक्त कर दिया है। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से राज्य सरकार की ओर से नियुक्त विशेष लोक अभियोजक विपुल शर्मा ने तथा सहारण की ओर से सुरेंद्रसिंह शेखावत व दामोदर माटोलिया ने पैरवी की।

शराब पार्टी करके मध्यप्रदेश लौट रहे युवक की दर्दनाक मौत

1 गंभीर घायल, झालावाड़ में पुलिया से गिरी बाइक

झालावाड़, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। झालावाड़ के पिड़ावा क्षेत्र के कल्याणपुरा रोड पर पीलिया खाल की पुलिया के पास देर रात बड़ा हादसा हुआ। जिसमें बाइक सवार दो युवक पुलिया से नीचे गिर गए। एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी सुबह ग्रामीणों को लगी।

शनिवार सुबह सुरेंद्र सिंह कल्याणपुरा और अन्य ग्रामीणों ने पुलिया के नीचे दो लोगों और बाइक को गिरा देखा । सूचना मिलते ही सीआई रामपाल यादव और आसूचना अधिकारी हेमराज जाट पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे । पुलिस ने दोनों युवकों को एम्बुलेंस से उपजिला चिकित्सालय पिड़ावा पहुंचाया।

अस्पताल में जांच के बाद चिकित्सकों ने बालूलाल पुत्र बग्गा बागरी को मृत घोषित कर दिया । वहीं घायल युवक ईश्वर बागरी (30), पुत्र कैलाश बागरी का प्राथमिक उपचार किया गया । मृतक के शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। बाद में परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम कर शव उन्हें सौंप दिया गया । परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है । पुलिस के अनुसार दोनों युवक मध्यप्रदेश के रहने वाले थे । ईश्वर बागरी जामुनी थाना बड़ा गांव नलखेड़ा का निवासी है, जबकि मृतक बालूलाल पिपल्या, थाना आगर का रहने वाला था । दोनों भवानीमंडी से पिड़ावा होते हुए अपने गांव वापस जा रहे थे, तभी रास्ते में मोड़ पर बाइक सहित पुलिया से नीचे गिर गए ।

हवेली में धन गड़ा होने के संदेह में कर रहे थे खुदाई, मौके से 12 लोग गिरफ्तार

झुंझुनू, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। बिसाऊ कस्बे के वार्ड 20 में स्थित एक हवेली में धन गड़ा होने के संदेह में कमरों में खुदाई कर रहे एक दर्जन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मोहल्ले के लोगों की सूचना पर गुरुवार रात पहुंची पुलिस ने हवेली से 12 आरोपियों को हिरासत में लेते हुए उनके पास मिले खुदाई के औजार बरामद कर लिए।

बताया जा रहा है कि पांच से सात दिन से खुदाई का काम चल रहा था। हालांकि अभी तक थाने में कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ, लेकिन प्रकरण की दिन भर कस्बे में चर्चा रही। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त प्राचीन हवेली में एक परिवार काफी समय से रहता आ रहा है। हवेली के कमरों में चार-पांच फीट की खुदाई की गई थी वहीं एक कमरे में कुछ संदिग्ध सामान भी मिला। हवेली में पिछले कुछ दिनों से अनजान लोगों की आवाजाही रहने को लेकर पास पड़ोस के लोगों को संदेह था। स्थानीय लोगों की सजगता ही रही कि गुरुवार रात जैसे ही एक दर्जन से ज्यादा लोग हवेली में घुसे, किसी ने पुलिस को सूचना कर दी। थानाधिकारी शेर सिंह, डीओ ओमप्रकाश व पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और गेट खुलवाया तो वहां एक दर्जन आदमी मिले। पुलिस ने मामले को संदिग्ध मानते हुए मौके से चौमालों का मौहल्ला वार्ड नम्बर 36 झुंझुनूं हाल निवासी बिसाऊ मनीष शर्मा (52), मुकुंदगढ़ थाने के गांव ढिगाल निवासी देवीलाल जाट (54), झुंझुनूं के देवराला गांव निवासी इसब नट (42), कमलेश नट (20) मुकेश नट (45) जयपुर के गलता थाने की कलन शाह कॉलोनी निवासी इजहार बिसायती (55), जयपुर के करधनी थाने के रामावतार जांगिड़ (58), पुलिस लाईन झुंझुनूं के पास निवासी नवल बंजारा (20), जयपुर के बस्सी थाने के खेड़ी निवासी राकेश कुमार सैनी (39), लाल कुआ रोड नम्बर 3 झुंझुनूं निवासी शंभूदयाल नेहरा (52), रामगढ़ मोड़ जगदीश कालोनी जयपुर निवासी मोहम्मद हसीम (45) तथा बीएसएनएल के पास झुंझुनूं निवासी नरेन्द्र नट (37) को हिरासत में ले लिया।

राजस्थान में पुलिसिंग होगी पहले से सख्त

सीएम भजनलाल के सख्त निर्देश के बाद होंगे बदलाव

जयपुर, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान में पुलिसिंग को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सख्त निर्देश दिए हैं। इसे लेकर 10 अप्रैल को एक उच्च स्तरीय बैठ हुई। इसमें मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि लॉ एंड ऑर्डर और पुलिसिंग में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर जोर देते हुए अधिकारियों को अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

जांच समय पर पूरी हो और जवाबदेही तय हो

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस थानों में दर्ज होने वाली एफआईआर की जांच एक निश्चित समय सीमा के भीतर पूरा होना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जांच में ढिलाई पाई गई, तो संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाएगी। सीएम के अनुसार, अपराध को शुरुआती स्तर पर ही रोकना और पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाना सरकार की प्राथमिकता है।

पुलिसिंग को आधुनिक और प्रभावी बनाने के निर्देश

साइबर क्राइम पर लगाम कसने के लिए प्रतिदिन उच्च स्तरीय मॉनिटरिंग की जाए और पीड़ितों के साथ नियमित संवाद स्थापित किया जाए।

भारतीय न्याय संहिता और साइबर सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मियों को विशेष ट्रेनिंग दी जाए। साथ ही, ई-एफआईआर और चार्जशीट का ई-रिकॉर्ड नियमित अपडेट होना चाहिए।

पुलिस अधीक्षक (SP) थानों का और महानिरीक्षक (IG) एसपी कार्यालयों का औचक निरीक्षण करें। उच्चाधिकारियों को भी नियमित फील्ड विजिट के निर्देश दिए गए हैं।

स्थानीय स्तर पर प्रतिदिन जनसुनवाई कर प्रकरणों के निस्तारण की जिलेवार रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

गैंगस्टर्स के लोकल नेटवर्क को खत्म करने के निर्देश

मुख्यमंत्री ने मादक पदार्थों की तस्करी को जड़ से खत्म करने के लिए विशेष कार्ययोजना बनाने को कहा है। विशेषकर सीमावर्ती इलाकों में निगरानी बढ़ाने और गैंगस्टर्स के लोकल नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रदेश में निवेश के लिए सुरक्षित माहौल बनाना जरूरी

सीएम ने कहा कि प्रदेश में निवेश के लिए सुरक्षित माहौल बनाना जरूरी है, जिसमें पुलिस की भूमिका अहम है। उन्होंने पुलिसकर्मियों को आमजन के साथ शालीन व्यवहार करने और कम्यूनिटी पुलिसिंग को प्रभावी बनाने की सलाह दी। साथ ही, सीएलजी सदस्यों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया ताकि सामाजिक पुलिसिंग अधिक समावेशी बन सके।

फर्जी प्रोफाइल बनाकर महिलाओं को प्यार के जाल में फंसाने वाला युवक गिरफ्तार

झालावाड़, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। महिला थाना पुलिस ने झालावाड़ शहर में एक ऐसे युवक को गिरफ्तार किया, जिसने सोशल मीडिया पर ग्रुप बनाकर अलग-अलग नाम से महिलाओं से दोस्ती करता। शादी का झांसा देकर उनसे अश्लील बातें करता। फोटो और वीडियो मंगवाता। फिर ब्लैकमेल कर पैसों की मांग करता। एक गुमनाम शिकायत पर जांच के बाद पुलिस ने खुद ही एफआइआर दर्ज की और युवक को गिरफ्तार कर लिया। एसपी अमित कुमार ने बताया कि गत आठ अप्रेल को एक अज्ञात युवती ने मंगलपुरा निवासी सौरभ अग्रवाल पुत्र महेन्द्र अग्रवाल के खिलाफ शिकायत कोतवाली थाने में की थी। पुलिस ने शिकायत की जांच की तो पाया कि सौरभ विभिन्न सोशल मीडिया में फर्जी नाम और फोटो पर ग्रुप बनाकर अविवाहित युवतियों से दोस्ती करता। आरोपी खुद को कभी अधिकारी तो कभी चिकित्सक बताता।

रिश्वतखोर को पकड़ने का ऐसा नजारा तो फिल्मों में ही देखा होगा!

सामने आया एसीबी का सुपर एक्शन

झुंझुनूं, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान में झुंझुनूं जिले के चिड़ावा थाना परिसर के बाहर एसीबी का हैरान करने वाला एक्शन सामने आया है, जो किसी फिल्मी सीन के भांति है। इसका सीसीटीवी फुटेज वायरल हो रहा है, जो 10 अप्रैल दोपहर का है। दरअसल, रिश्वत के आरोप में कार्रवाई करने पहुंची भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम के सामने ही आरोपी कांस्टेबल फिल्मी अंदाज में पुलिस जीप लेकर फरार हो गया। इस दौरान जो दृश्य सामने आया, उसने हर किसी को हैरान कर दिया जिसमें एक एसीबी जवान भागती जीप के गेट से लटककर आरोपी को पकडने की कोशिश करता नजर आया। थाने के बाहर का यह फिल्मी सीन लोगों को हैरान कर रहा है।

दरअसल, झुंझुनूं जिले के चिड़ावा पुलिस थाने में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की जयपुर टीम और चिड़ावा कांस्टेबल के बीच ऐसा दृश्य सामने आया जिसमें कांस्टेबल अपराधी की तरह भागा और एसीबी टीम पकडने के लिए पीछे हीरों की भांति दौड़ी। ऐसा अपराधी को पकडने के लिए वाहन पर पुलिस का लटक कर भागने वाला सीन अक्सर फिल्मों में देखने को मिलता है। इसमें आरोपी था चिड़ावा थाने का पुलिस कांस्टेबल और फिल्मी हीरो का एक्शन दिखया एसीबी जयपुर इकाई के एक कार्मिक ने। घटनाक्रम के अनुसार एसीबी की जयपुर टीम परिवादी की शिकायत पर झुंझुनूं जिले के चिड़ावा थाने में पोस्टेड एक कांस्टेबल को रिश्वत लेने के आरोप में रंगे हाथो गिरफ्तार करने के लिए लिए चिड़ावा पुलिस थाना पहुंची तो आरोपी कॉन्स्टेबल अपनी गिरफ्तारी की भनक पाकर थाने की पुलिस की गाड़ी गाड़ी लेकर फरार हो गया।

मंदबुद्धि नाबालिग से बलात्कार

दोषी प्राकृतिक आयु के अंत तक जेल में रहेगा

एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया

बीकानेर, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। मंदबुद्धि नाबालिग के साथ बलात्कार के मामले में विशेष पॉक्सो न्यायालय ने कड़ा रुख अपनाते हुए आरोपी को शेष जीवनकाल तक कारावास (उम्रकैद) की सजा सुनाई है। अदालत ने स्पष्ट किया कि दोषी अपनी प्राकृतिक आयु के अंत तक जेल में रहेगा। इसके साथ ही उस पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। विशेष न्यायालय (पॉक्सो) संख्या-2 की सेशन न्यायाधीश डॉ. मनीषा चौधरी ने आरोपी सोनू उर्फ प्रवीण को दोषी करार दिया। भारतीय दंड संहिता की धारा 450 में 5 वर्ष का कठोर कारावास व 10,000 रुपए जुर्माना की सजा सुनाई। जुर्माना अदा नहीं करने पर अतिरिक्त कारावास भी भुगतना होगा। मामले में विशिष्ट लोक अभियोजक शिवचंद भोजक ने 12 गवाहों के बयान और 22 दस्तावेज अदालत में प्रस्तुत किए, जिनके आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी ठहराया।

बुजुर्ग से 4.39 लाख की ठगी के मामले में फर्जी डॉक्टर समेत 3 आरोपी भोपाल से गिरफ्तार

अजमेर, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। शहर में यूनानी थेरेपी के नाम पर एक बुजुर्ग से लाखों रुपए की ठगी करने वाले संगठित गिरोह का जिला पुलिस ने पर्दाफाश किया है। गिरोह के गुर्गे फर्जी डॉक्टर बनकर घर पर इलाज करने पहुंचे आरोपियों ने 73 बार 'मवादनिकालने' के नाम पर 4.39 लाख रुपए ऐंठ लिए। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार मध्यप्रदेश भोपाल से गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से नकदी, उपकरण, मोबाइल, वारदात में इस्तेमाल कार जब्त की है। पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला ने बताया कि 65 वर्षीय बुजुर्ग के साथ यूनानी थेरेपी से इलाज के नाम पर ठगी के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम गठित की। अभय कमांड सेंटर, निजी मकान और दुकानों के करीब 250 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। फुटेज के आधार पर संदिग्ध कार की पहचान कर उसके रजिस्ट्रेशन से मोबाइल नम्बर ट्रेस किए। मोबाइल फोन लोकेशन के आधार पर पुलिस ने आरोपियों को मध्यप्रदेश भोपाल से बारां अंता भाया की बाड़ी वार्ड 10 निवासी दीन मोहम्मद(38), मोहम्मद कादिर(28) व कोटा विज्ञान नगर संजयनगर निवासी मोहम्मद आसिफ (35) को गिरफ्तार किया गया। एसपी अग्रवाला ने बताया कि जांच में सामने आया कि गिरोह भीड़भाड़ वाले इलाकों में वाहनों पर रेडियम टेप लगाने की आड़ में घूमता रहता है। वे ऐसे लोगों को चिह्नित करते है जो शारीरिक समस्या से ग्रस्त और आर्थिक रूप से सक्षम दिखते थे।

लुटेरी दुल्हन ससुराल वालों को नशीला पदार्थ खिला घर से सोने-चांदी के गहने लेकर हुई फरार



सीकर, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। शादी के पांच दिन बाद ही दो लुटेरी दुल्हनें ससुराल वालों को खाने में नशे की दवा देकर सुलाकर जेवरात व नकदी लेकर फरार हो गई। पीड़ित परिवार के रिश्तेदारों ने ही उनकी गोरखपुर में शादी करवाई थी। सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीकर जिले में लुटरे दुल्हनों के घर से जेवरात व नकदी लेकर भागने के मामले काफी आ रहे हैं।

पुलिस के अनुसार नानी गांव निवासी परिवादी विकास ने सदर थाना में मामला दर्ज करवाया है। उसने बताया कि गांव का ही रहने वाला सुभाष परिवार में भाई लगता है। गोकुलपुरा निवासी पिंटू, सुभाष का सगा बहनोई है। प्रभाती पत्नी पिंटू , राजू पत्नी रामचंद्र ने मिलकर विकास के परिवार को कहा कि हमारा संबंध गोरखपुर तक है।

795 किलो विस्फोटक बरामद, दो गिरफ्तार

जयपुर, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। जयपुर जिले में अवैध खनन और विस्फोटक तस्करी के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री जब्त की गई। चंदवाजी थाना पुलिस ने त्रिवेणी क्रेशर के पास खदान क्षेत्र में छापेमारी कर अवैध भंडारण का बड़ा खुलासा किया। पुलिस ने मौके से 795 किलो अमोनियम नाइट्रेट सहित बड़ी मात्रा में खतरनाक विस्फोटक सामग्री बरामद की। इस कार्रवाई में बाबूलाल और सुरेश नाम के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

सोशल मीडिया ऐप से लूटपाट करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

6 आरोपी गिरफ्तार, एक फरार आरोपी की तलाश जारी

हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। मल्काजगिरी आयुक्तालय के अंतर्गत कीसरा पुलिस ने सोशल मीडिया ऐप के माध्यम से लोगों को फुसलाकर लूटपाट करने वाले एक संगठित डकैती गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक आरोपी फरार बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, यह मामला कीसरा थाना क्षेत्र में दर्ज एफआईआर संख्या 312/2026, भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 310(2) के तहत दर्ज किया गया है।

डीसीपी मल्काजगिरी सीएच. श्रीधर ने बताया कि शिकायतकर्ता बोड्डा सांबा शिव राव (24 वर्ष), निवासी रामपल्ली ने बताया कि 6 अप्रैल को लगभग शाम 7:30 बजे लेंसकार्ट, श्रीनिवास नगर कॉलोनी के पास एक अज्ञात व्यक्ति ने उससे रास्ता पूछने के बहाने संपर्क किया और उसे वाहन में बैठा लिया। इसके बाद उसे घटकेसर की ओर ले जाया गया, जहां अन्य आरोपी भी कार में शामिल हो गए। इसके बाद पीड़ित को अब्दुल्लापुरमेट क्षेत्र के बचाराम गांव के पास आउटर रिंग रोड के सुनसान इलाके में ले जाकर जबरन वाहन से उतारा गया, उसके साथ मारपीट की गई और उसके गले से 16 ग्राम सोने की चेन लूट ली गई। इसके बाद आरोपी नागोले रोड की ओर फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में कुसुमा कार्तिक (25 वर्ष), राम राजा उर्फ कुशल (28 वर्ष), कंडुला सैतेजा (26 वर्ष), गंडला श्रवण (26 वर्ष), माचेरला पवन कल्याण (25 वर्ष), चेन्नाकेशवुला पवन कल्याण (25 वर्ष), सभी निवासी वारंगल को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी बब्लू सिंह फरार है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी एक संगठित गिरोह के रूप में काम कर रहे थे और सोशल मीडिया ऐप 'ग्राइंडर' के माध्यम से पीड़ितों को संपर्क कर झांसा देते थे। आरोपी पहले भरोसा जीतते थे और फिर वाहन में बैठाकर सुनसान स्थानों पर ले जाकर लूटपाट करते थे। इस दौरान पीड़ितों को डराने के लिए वीडियो रिकॉर्ड किए जाते थे और सोने-चांदी के आभूषण तथा नकदी लूट ली जाती थी। पुलिस के अनुसार, इस गिरोह के सभी आरोपी वारंगल क्षेत्र के निवासी हैं। इनमें से एक आरोपी फरार है। पुलिस ने एक स्विफ्ट डिजायर कार, एक वेस्पा स्कूटी, छह मोबाइल फोन और 15 ग्राम सोने की चेन बरामद की है। जांच में यह भी सामने आया है कि कुछ आरोपी पहले भी लूट, एनडीपीएस और अन्य आपराधिक मामलों में शामिल रहे हैं। मल्काजगिरी पुलिस आयुक्त ने इस सफल कार्रवाई के लिए कीसरा पुलिस, एसीपी जवाहरनगर और सीसीएस मल्काजगिरी की टीमों की सराहना की है।

दक्षिण भारत कान्यकुब्ज सभा की विशेष बैठक आयोजित

हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण भारत कान्यकुब्ज सभा की विशेष बैठक निर्दोष भवन कार्यालय खैरताबाद में संपन्न हुई । बैठक में गत् माह में लिए गए निर्णयों की समीक्षा एवं पिछली बैठक से आजतक के आय व्यय की समीक्षा एवं अनुमोदन किया गया । सभा के खातों की लेखा परीक्षा करने का निर्णय किया गया । बैठक की अध्यक्षता डॉ राम कुमार तिवारी ने की । बैठक में उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, महामंत्री विजयपाल पाण्डेय, कोषाध्यक्ष गोपाल प्रसाद शुक्ला, आयोजन मंत्री सूर्य प्रकाश शुक्ला , महेश अग्निहोत्री, राहुल मिश्र, शंकर प्रसाद तिवारी, दुर्गा प्रसाद मिशा, प्रेम सुन्दर शुक्ला,लक्ष्मी नारायण अवस्थी ने भाग लिया।

अवैध ई-सिगरेट गिरोह का भंडाफोड़, तीन आरोपी गिरफ्तार

हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। कमिश्नर की टास्क फोर्स, खैरताबाद ज़ोन टीम ने नम्पल्ली पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक गुप्त सूचना के आधार पर छापा मारकर प्रतिबंधित ई-सिगरेट की अवैध बिक्री में शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान कुल 999 ई-सिगरेट (वेप्स) बरामद किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत 34,03,300 रुपये बताई गई है। पुलिस ने इस मामले में एनडीपीएस से संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, टीम ने नम्पल्ली थाना क्षेत्र के बाजारघाट स्थित 'ए' बैटरी लाइन के पास घेराबंदी कर दो लोगों को पकड़ा। इनमें मोहम्मद अहमद शामिल है, जिसे 180 प्रतिबंधित ई-सिगरेट एक दोपहिया वाहन से पहुंचाते हुए गिरफ्तार किया गया। दूसरा आरोपी मोहम्मद असजद रजा उर्फ अरहान है, जिसे माल की डिलीवरी लेने के दौरान पकड़ा गया। इनसे मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने अट्टापुर, उप्परपल्ली स्थित विनीत मंत्री के घर पर छापा मारा और उसे भी गिरफ्तार कर लिया। वहां से भारी मात्रा में प्रतिबंधित ई-सिगरेट बरामद की गई। जांच में सामने आया है कि आरोपी व्हाट्सऐप और टेलीग्राम ग्रुप बनाकर ग्राहकों से संपर्क करते थे और प्रतिबंधित उत्पादों की जानकारी साझा करते थे। ऑर्डर व्हाट्सऐप के माध्यम से लिए जाते थे तथा भुगतान फोनपे के जरिए किया जाता था। माल की डिलीवरी रैपिडो और पोर्टर जैसी सेवाओं के माध्यम से की जाती थी। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह दिल्ली के एक व्यक्ति 'अंकित' से बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित सामान मंगवाकर हैदराबाद में बेच रहा था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद अहमद (36), मोहम्मद असजद रजा उर्फ अरहान (30) और विनीत मंत्री (33) के रूप में हुई है। पुलिस ने सभी आरोपियों को बरामद सामग्री के साथ नम्पल्ली पुलिस स्टेशन को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए सौंप दिया है।

पहाड़ीशरीफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, पीडीएस चावल की तस्करी का भंडाफोड़

हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। पहाड़ीशरीफ पुलिस ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के चावल की अवैध तस्करी का खुलासा करते हुए एक वाहन से 8 क्विंटल (800 किलोग्राम) चावल बरामद किया है और इस संबंध में मामला दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, 11 अप्रैल 2026 की तड़के नियमित वाहन जांच के दौरान पहाड़ीशरीफ क्षेत्र के जामा मस्जिद के पास एक अशोक लीलैंड ट्रॉली ऑटो को रोका गया। जांच में वाहन से 16 बोरियों में भरा हुआ पीडीएस चावल पाया गया, प्रत्येक बोरी 50 किलोग्राम की थी। वाहन चालक राम जीवन सानी (52 वर्ष) को मौके पर ही हिरासत में ले लिया गया। पूछताछ में सामने आया कि वह एक अन्य व्यक्ति वाजिद उर्फ फयाज के निर्देश पर काम कर रहा था, जो कथित रूप से राशन कार्ड धारकों से सस्ते दामों पर पीडीएस चावल खरीदकर उसे अधिक दामों पर अवैध रूप से बेचता था। पुलिस ने चावल और वाहन को जब्त कर पंचनामा तैयार किया है। इस मामले में संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया गया है तथा अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जांच जारी है। पुलिस ने कहा है कि आवश्यक वस्तुओं की अवैध तस्करी पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

विश्व होम्योपैथी दिवस पर जागरूकता रैली और मुफ्त चिकित्सा शिविर आयोजित

हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर देव्स होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ने कीसारा में जागरूकता रैली का आयोजन किया। इसमें छात्रों, शिक्षकों और चिकित्सा पेशेवरों ने भाग लेकर होम्योपैथी के लाभों के बारे में लोगों को जानकारी दी।

कॉलेज की ओर से 4 से 10 अप्रैल तक आसपास के गांवों में मुफ्त चिकित्सा शिविर भी लगाए गए, जहां मरीजों को निःशुल्क परामर्श और दवाएं दी गईं। यह कार्यक्रम होम्योपैथी के जनक डॉ. सैमुअल हैनिमैन की जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया।

भीषण हादसे में 10 की मौत; बस-पिकअप की टक्कर में 25 घायल

कटिहार, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। पूर्णिया, बिहार में भीषण दुर्घटना में दस लोगों की मौत और 25 के घायल होने की बड़ी खबर सामने आई है। नेशनल हाइवे 31 पर यह हादसा कटिहार जिले में हुआ है।

कटिहार से दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है, जहां एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे कोढ़ा इलाके को हिला कर रख दिया। एनएच-31 पर बसगड़ा चौक के पास दातपुर मुसहरी चौक के नजदीक बस और पिकअप वैन की जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भयानक था कि इसकी चपेट में आई दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे में अब तक 10 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है, जबकि 25 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। कई घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है, हालांकि आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।

राज्य सरकार तुरंत जेएसी के साथ वार्ता शुरू करे : सीपीएम

हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। माकपा (सीपीएम) के राज्य सचिव जॉन वेस्ली ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी तेलंगाना राज्य के कारीगर कर्मचारियों के संयुक्त कार्रवाई समिति (जेएसी) द्वारा दिए गए हड़ताल आह्वान का समर्थन करती है। उन्होंने राज्य सरकार से तुरंत जेएसी के साथ वार्ता शुरू करने की मांग की। जारी बयान में उन्होंने कहा कि बिजली क्षेत्र के संगठनों में कार्यरत कारीगर कर्मचारी, अर्ध-कुशल तथा आउटसोर्सिंग श्रमिक अपने न्यायसंगत अधिकारों के लिए लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन प्रबंधन की हठधर्मी के कारण उन्हें अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा है। यह हड़ताल इस माह की 8 तारीख से शुरू हुई है। उन्होंने राज्य सरकार की उपेक्षापूर्ण नीति की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि ये वही कर्मचारी हैं जो अपनी जान जोखिम में डालकर राज्य में बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करते हैं, फिर भी उनकी समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। जॉन वेस्ली ने कहा कि माकपा तेलंगाना राज्य समिति इस आंदोलन को पूर्ण समर्थन देती है। उन्होंने कारीगर कर्मचारियों की मांगें भी रखीं, जिनमें शैक्षणिक योग्यता के आधार पर कैडर पुनर्गठन, 2019 के स्टैंडिंग ऑर्डर्स को रद्द कर पुराने एपीएसईबी सेवा नियमों की बहाली, तथा अर्ध-कुशल कर्मचारियों को कारीगर के रूप में मान्यता देकर नियमित सेवा में शामिल करना शामिल है। उन्होंने यह भी मांग की कि कट-ऑफ तिथि 04-12-2016 से पहले सेवा में रहे सभी अनुबंध और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को, यदि उनके पास सतर्कता मंजूरी है, तो बिना शर्त नियमित किया जाए। इसके अलावा उन्होंने पूरे राज्य में कारीगरों पर 2026 वेतन संशोधन आयोग (पीआरसी) लागू करने और टुकड़ा दर (पीस रेट) पर काम करने वाले श्रमिकों पर संबंधित सरकारी आदेश लागू करने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि कारीगरों को न्यूनतम मजदूरी अधिनियम की धारा 11 के अनुसार न्यूनतम वेतन दिया जाना चाहिए तथा जोखिम भत्ता भी दिया जाना आवश्यक है, क्योंकि फील्ड में काम करते समय कई कर्मचारी बिजली दुर्घटनाओं का शिकार होकर अंग-भंग या दिव्यांग हो जाते हैं। उन्होंने अंत में राज्य सरकार से आग्रह किया कि जेएसी के नेतृत्व के साथ तुरंत वार्ता कर इस हड़ताल का समाधान निकाला जाए।

राशन कार्ड धारकों को परेशानी, तकनीकी खामियों से वितरण प्रभावित

भीषण गर्मी के कारण बुजुर्गों और महिलाओं को अधिक परेशानी

हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। राशन चावल के वितरण में तकनीकी खामियों के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को हैदराबाद के विभिन्न क्षेत्रों में राशन कार्ड धारक फेयर प्राइस शॉप्स के बाहर लंबी कतारों में खड़े नजर आए। जानकारी के अनुसार, बायोमेट्रिक (अंगूठा निशान) सत्यापन में अधिक समय लगने के कारण वितरण प्रक्रिया धीमी हो गई। कई स्थानों पर उपभोक्ताओं को सुबह से ही दुकानों के बाहर कतार में लगना पड़ा। इस महीने तीन महीने का एक साथ राशन चावल वितरित किया जा रहा है। राज्य नागरिक आपूर्ति विभाग यह वितरण केंद्र सरकार के निर्देशों के अनुसार कर रहा है। वर्तमान सॉफ्टवेयर व्यवस्था के अनुसार, लाभार्थियों को तीन महीने का राशन लेने के लिए ई-पॉस मशीन पर तीन बार बायोमेट्रिक सत्यापन कराना पड़ रहा है। प्रत्येक महीने के लिए अलग-अलग सत्यापन होने के कारण एक राशन कार्ड पर 20 से 30 मिनट तक का समय लग रहा है। एक साथ बड़ी संख्या में लोगों के आने से सर्वर पर दबाव बढ़ गया है, जिससे प्रक्रिया और धीमी हो गई है। परिणामस्वरूप कई लोगों को घंटों तक कतार में खड़े रहना पड़ रहा है क्योंकि उनके फिंगरप्रिंट ठीक से दर्ज नहीं हो पा रहे हैं। भीषण गर्मी के कारण बुजुर्गों और महिलाओं को अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ स्थानों पर डीलरों द्वारा टोकन प्रणाली शुरू की गई है, लेकिन इससे कुछ जगहों पर भ्रम की स्थिति भी उत्पन्न हुई है। अधिकारियों ने बताया कि राशन वितरण कार्य इस महीने की 30 तारीख तक जारी रहेगा।

केसीआर की जनसभा 20 अप्रैल को जगित्याल में होगी

हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के अध्यक्ष के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) की एक विशाल जनसभा इस महीने की 20 तारीख को जगित्याल जिले के मोथे में आयोजित की जाएगी। इस कार्यक्रम की तैयारियों के तहत पार्टी के जिला अध्यक्ष विद्यसागर राव, विधायक कल्वाकुंतला संजय, पूर्व मंत्री कोप्पुला ईश्वर और टी. जी. रेवंत रेड्डी, तथा पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष दवा वसंत और तुला उमा ने स्थल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर विद्यसागर राव ने कहा कि केसीआर की यह विशाल जनसभा 20 तारीख को मोथे में ही आयोजित की जाएगी और इसके लिए ऐसा प्रबंध किया जा रहा है कि एक लाख से अधिक लोगों के बैठने की व्यवस्था हो सके। पूर्व मंत्री कोप्पुला ईश्वर ने कहा कि जनता की इच्छा के अनुसार जीवन रेड्डी बीआरएस में शामिल हुए हैं। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि ढाई साल के शासन में तेलंगाना में अराजकता फैल गई है और जनता अब केसीआर के नेतृत्व वाली सरकार की वापसी चाहती है। विधायक कल्वाकुंतला संजय ने कहा कि जीवन रेड्डी कभी भी सत्ता के लिए लालायित नहीं रहे और वे विकास कार्यों को देखते हुए बीआरएस में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि उनका शामिल होना स्थानीय लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं की राय के आधार पर हुआ है।

दिलसुखनगर स्थित राजपुरोहित विकास समिति पाली के नवनिर्वाचित अध्यक्ष चुने जाने पर शंकरसिंह राजपुरोहित दोरनड़ी का शॉल, साफा व पुष्प-माला से सम्मान करते हुए महाजन बैंक चेयरमैन पारसमल रांका, वाईस चेयरमैन सुरेश संचेती, विजयसिंह जाणुंदा, गुलाबसिंह आना, कुन्दनसिंह राजपुरोहित, हरिराम प्रजापत, रामसिंह, राजुसिंह, हीरसिंह, दक्षसिंह,भंवरसिंह, तेजसिंह, हरीसिंह, ओमसिंह राजपुरोहित व अन्य।

अस्पताल में भर्ती में आशा भोसले

थकावट और सीने में संक्रमण की शिकायत का किया जिक्र

मुंबई,11 अप्रैल (एजेंसियां)। मशहूर पार्श्व गायिका आशा भोसले को शनिवार यानी 11 अप्रैल को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया। गायिका का इलाज चल रहा है। पीटीआई के मुताबिक आशा भोसले को दिल का दौरा पडा था। लेकिनडॉक्टर और आशा भोसले की पोतीने उनका हेल्थ अपडेट साझा किया है। जानिए, आशा भोसले की तबीयत अब कैसी है?

आशा भोसले का इस वक्त मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में इमरजेंसी मेडिकल सर्विसेज यूनिट में इलाज चल रहा है। यह जानकारी ब्रीच कैंडी अस्पताल के डॉक्टर प्रतीत समदानी ने अमर उजाला के साथ साझा की है।

ईरान-अमेरिका सीजफायर वार्ता का दूसरा दौर शुरू

ईरान की मांग- लेबनान पर तुरंत हमले बंद हों

इस्लामाबाद ,11 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में ईरान और अमेरिका के बीच जारी सीजफायर वार्ता का दूसरा दौर शुरू हो गया है। पहला राउंड 2 घंटे तक चला था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस दौरान ईरान ने लेबनान पर तुरंत इजराइली हमले रोकने की मांग की।

इस बैठक में एक्सपर्ट्स ने सुरक्षा, राजनीति, सेना, अर्थव्यवस्था और कानून से जुड़े मुद्दों पर बात की।

अमेरिका की तरफ से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, जबकि ईरान की तरफ से संसद स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने नेतृत्व किया।

यह मीटिंग कल भी जारी रह सकती है। 47 साल पहले यानी 1979 में ईरान की इस्लामिक क्रांति के बाद ये पहली बार था जब दोनों देश के नेताओं ने इतने बड़े स्तर पर आमने-सामने बातचीत की।

इससे पहले ईरान ने कहा था कि अगर इस्लामाबाद में चल रही बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंची, तो सिर्फ इजराइल को दोष नहीं दिया जा सकता। इजराइल और अमेरिका के फैसले जुड़े हैं, इसलिए वार्ता फेल होने पर जिम्मेदारी अमेरिका पर भी होगी।

ईरान-अमेरिका वार्ता के बीच इजरायल का आक्रामक रुख, पश्चिम एशिया में तनाव की नई लकीर

ईरान और अमेरिका के बीच संभावित युद्ध टालने के लिए पाकिस्तान में चल रही कूटनीतिक बातचीत के बीच इजरायल द्वारा दक्षिणी लेबनान में हिज़्बुल्लाह के 200 से अधिक ठिकानों पर 24 घंटों के भीतर हमला करना पश्चिम एशिया की स्थिति को और अधिक विस्फोटक बना देता है। इजरायली सेना ने अपने आधिकारिक अपडेट में साफ संकेत दिया है कि यह कार्रवाई उसके जारी सैन्य अभियान का हिस्सा है और वह हिज़्बुल्लाह के बुनियादी ढांचे को लगातार निशाना बनाती रहेगी।

किराना दुकान में अवैध शराब बिक्री का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। पहाड़ीशरीफ पुलिस ने नियमों के विरुद्ध शराब बेचने वाले एक किराना दुकान पर छापेमारी कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है तथा बड़ी मात्रा में शराब की बोतलें बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार, पहाड़ीशरीफ थाना क्षेत्र में अक्सबर फंक्शन हॉल के सामने स्थित 'सुभाष किराना दुकान' में अवैध रूप से शराब बिक्री की सूचना मिली थी। इस पर कार्रवाई करते हुए उपनिरीक्षक वी. लक्ष्मय्या और उनकी टीम ने शनिवार को दुकान पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान कलिवाला नरेश (50 वर्ष) नामक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया, जो बिना किसी अनुमति के शराब का भंडारण कर बिक्री कर रहा था। तलाशी के दौरान पुलिस ने कुल 47 शराब की बोतलें (लगभग 7.2 लीटर) जब्त कीं। इनमें 12 बोतल गुड प्रेस्टिज व्हिस्की (180 मि.ली.), 20 बोतल ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की (90 मि.ली.) तथा 15 बोतल आई.बी. व्हिस्की (90 मि.ली.) शामिल हैं। जांच में सामने आया कि आरोपी नरेश शराब की दुकानों से शराब खरीदकर अपने किराना दुकान के माध्यम से अधिक लाभ के लिए अवैध रूप से बिक्री करता था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है तथा जब्त शराब के नमूनों को रासायनिक परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। इस मामले में तेलंगाना आबकारी अधिनियम की धारा 34(ए) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पहाड़ीशरीफ पुलिस ने कहा है कि अवैध शराब बिक्री और तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी तथा ऐसे गैरकानूनी कार्यों पर लगातार निगरानी रखी जाएगी।

मादक पदार्थों पर नियंत्रण के लिए कड़े उपाय अपनाना जरूरी : डॉ. ललिता

स्वास्थ्य सप्ताह के छठे दिन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

प्रश्नोत्तरी एवं निबंध प्रतियोगिताओं के विजेता पुरस्कृत

हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। सार्वजनिक शासन प्रगति योजना के अंतर्गत आयोजित स्वास्थ्य सप्ताह कार्यक्रमों के हिस्से के रूप में, छठे दिन कोंडापुर जिला अस्पताल में ''दवा नियंत्रण और विनियामक सुदृढ़ीकरण दिवस'' के रूप में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर जिला चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. के. ललिता देवी ने कार्यक्रम अधिकारियों और उप चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ कोंडापुर जिला अस्पताल का दौरा किया और कार्यक्रमों में भाग लिया। यह कार्यक्रम चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के तत्वावधान में औषधि नियंत्रण प्राधिकरण और ईगल फोर्स तेलंगाना के सहयोग से आयोजित किया गया था। सबसे पहले डीएमएचओ ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली के माध्यम से लोगों में मादक पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने, गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा नशीले पदार्थों के सेवन पर अंकुश लगाने के संबंध में जागरूकता पैदा की गई। इसके बाद दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम आगे बढ़ा, जो सुरक्षित और प्रभावी दवाओं के उपयोग के प्रति जागरूकता का प्रतीक रहा। आगे ड्रग कंट्रोल अथॉरिटी और ईगल टीम के प्रतिनिधियों ने जागरूकता पोस्टर जारी किए, जिनके माध्यम से जनता को मादक द्रव्यों के दुरुपयोग की रोकथाम का स्पष्ट संदेश दिया गया।

इस अवसर पर आयोजित प्रश्नोत्तरी एवं निबंध प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया, जिन्होंने युवाओं में जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. ललिता देवी ने कहा कि मादक पदार्थों पर नियंत्रण के लिए कड़े उपाय अपनाना, नियामक प्रणाली को मजबूत करना तथा विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना अत्यंत आवश्यक है। ईगल टीम के डीएसपी रमेश, आबकारी अधीक्षक जीवन किरण, डीसीए सहायक निदेशक प्रसाद तथा जिला अस्पताल कोंडापुर के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. चंद्र कृष्णा ने भी कार्यक्रम में भाग लिया और मादक पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने में विभागीय समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया।

इस दौरान डीएमएचओ ने ज़िला अस्पताल कोंडापुर के मनोरंजन केंद्र का दौरा किया और आयोजित रंगोली कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने स्वास्थ्य सप्ताह के कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए कर्मचारियों की प्रशंसा भी की। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के 200 से अधिक कर्मचारी एवं अन्य विभागों के प्रतिनिधि शामिल हुए, जिन्होंने मादक पदार्थों के नियंत्रण और सार्वजनिक स्वास्थ्य संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

हैदराबाद पुलिस की साइबर अपराध जागरूकता मुहिम शुरू

टोलीचौकी में ऑटो अभियान का शुभारंभ

हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। साइबर हमलों के बढ़ते खतरे को देखते हुए हैदराबाद शहर पुलिस ने जनता को जागरूक करने के लिए एक विशेष अभियान की शुरुआत की है। इसी क्रम में गोलकोंडा ज़ोन के पुलिस उपायुक्त जी. चंद्र मोहन ने टोलीचौकी थाना क्षेत्र में साइबर अपराध जागरूकता ऑटो अभियान का शुभारंभ किया।

इस अभियान के तहत एक विशेष ऑटो-रिक्शा को सार्वजनिक संबोधन प्रणाली (पीए सिस्टम) से सुसज्जित किया गया है, जो टोलिचौकी क्षेत्र के प्रमुख इलाकों में घूमकर नागरिकों को साइबर धोखाधड़ी से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी देगा। अभियान में नागरिकों को संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने, व्यक्तिगत जानकारी और ओटीपी सुरक्षित रखने तथा अज्ञात एप्लिकेशन के माध्यम से रिमोट एक्सेस से होने वाले खतरों के बारे में सतर्क किया जाएगा। इसके साथ ही लोगों को साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम में टोलीचौकी निरीक्षक रमेश नायक, डीआई जी. बालराज, प्रशासनिक उपनिरीक्षक सतीश कुमार तथा अन्य पुलिस कर्मियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

पंजाब किंग्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को हराया

न्यू चंडीगढ़, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। पंजाब किंग्स ने आईपीएल के मौजूदा सीजन में तीसरी जीत हासिल की। टीम ने शनिवार के पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को 6 विकेट से हराया। इस जीत के बावजूद पंजाब की टीम पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर है।

न्यू चंडीगढ़ में टॉस जीतने वाली पंजाब ने 220 रन का टारगेट 18.5 ओवर में 4 विकेट पर हासिल कर लिया। कप्तान श्रेयस अय्यर ने नाबाद 69 रन की पारी खेली। उनके अलावा, प्रियांश आर्या ने 57 और प्रभसिमरन सिंह ने 51 रन बनाए।

हैदराबाद की ओर से ओपनर अभिषेक शर्मा ने 28 बॉल पर 74 रन बनाए। उन्होंने 5 चौके और 8 छक्के लगाए। अभिषेक ने ट्रैविस हेड के साथ 50 बॉल पर 120 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। गेंदबाज में अर्शदीप सिंह और शशांक सिंह को 2-2 विकेट मिले। मैच का स्कोरबोर्ड

पंजाब के ओपनर्स ने 99 रन की साझेदारी की

रन चेज में पंजाब ने भी मजबूत शुरुआत की। प्रियांश आर्या और प्रभसिमरन सिंह की ओपनिंग जोड़ी ने 99 रनों की साझेदारी की। दोनों ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं। ओपनर्स के आउट होने के बाद श्रेयस अय्यर ने रन चेज को सफल बनाया

हैदराबाद के ओपनर्स ने 120 रन की साझेदारी की

टॉस हारकर बैटिंग कर रही हैदराबाद ने विस्फोटक शुरुआत की। टीम ने पावरप्ले में बिना नुकसान के 105 रन बना लिए थे। अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड की जोड़ी ने 50 बॉल पर 120 रन की साझेदारी की। अभिषेक ने 28 बॉल पर 8 छक्कों के सहारे 74 रन बनाए।

आयुष शेट्टी ने किया उलटफेर, विश्व नंबर-1 को चौंकाया

एशिया चैंपियनशिप फाइनल में पहुंचकर रचा इतिहास

निंगबो, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के 20 साल के युवा शटलर आयुष शेट्टी ने बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में बड़ा उलटफेर करते हुए वर्ल्ड नंबर-1 कुनलावुत वितिदसरन को हराकर फाइनल में जगह बना ली। चीन के निंगबो ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर में खेले गए सेमीफाइनल में आयुष ने जबरदस्त वापसी करते हुए 10-21, 21-19, 21-17 से जीत दर्ज की। यह मुकाबला 75 मिनट तक चला और इस दौरान भारतीय खिलाड़ी ने दबाव में शानदार खेल दिखाया।

पिछली हार का लिया बदला

दोनों खिलाड़ी इससे पहले पिछले साल आर्कटिक ओपन में भिड़े थे, जहां वितिदसरन ने सीधे गेम में जीत हासिल की थी, लेकिन इस बार आयुष ने शानदार वापसी करते हुए हिसाब बराबर कर लिया। पहला गेम हारने के बाद जिस तरह उन्होंने वापसी की, उसने उनकी मानसिक मजबूती को भी साबित किया।

59 साल बाद हुआ ऐसा

आयुष शेट्टी इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले भारत के दूसरे पुरुष एकल खिलाड़ी बन गए हैं। हालांकि, पिछले 59 साल में ऐसा पहली बार हुआ है। उनसे पहले दिनेश खन्ना ने 1965 में गोल्ड मेडल जीता था। वहीं, 2018 में एचएस प्रणय ने भारत के लिए कांस्य पदक जीता था। आयुष ने अब कम से कम रजत पदक पक्का कर लिया है, लेकिन उनकी नजर अब स्वर्ण पदक जीतकर एक और इतिहास बनाने पर होगी। आयुष बैडमिंटन पर भारत की नई सनसनी बनकर उभरे हैं। भारत के लिए इस टूर्नामेंट में आखिरी पदक 2023 में आया था, जब सात्विक और चिराग ने पुरुष युगल का खिताब जीता था।

शानदार फॉर्म में हैं आयुष

वर्ल्ड नंबर-25 आयुष का यह प्रदर्शन किसी संयोग से कम नहीं है। उन्होंने क्वार्टरफाइनल में वर्ल्ड नंबर-चार जोनाथन क्रिस्टी को 23-21, 21-17 से हराया था। इसके अलावा उन्होंने चीनी ताइपे के चिन यू जेन और चीन के ली शी फेंग जैसे मजबूत खिलाड़ियों को भी मात दी। अब आयुष शेट्टी खिताबी मुकाबले में चाऊ तियेन चेन और शी यूकी के बीन होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से भिड़ेंगे।

दूसरे भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन

टूर्नामेंट में भारत के अन्य स्टार खिलाड़ियों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। पीवी सिंधू दूसरे दौर में बाहर हो गईं, जबकि लक्ष्य सेन पहले ही राउंड में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

हेजलवुड, हेनरी, बुमराह, बोल्ट... वैभव सूर्यवंशी ने सबका किया एक जैसा हाल, क्रिकेट जगत हैरान

खेल डेस्क, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान रॉयल्स की युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी आईपीएल 2026 में लगातार कमाल कर रहे हैं. सिर्फ 15 साल की उम्र में इस युवा बल्लेबाज ने पूरे टूर्नामेंट में सभी टीमों की नाक में दम कर रखा है. उनका बल्ला इतना गरज रहा है कि दुनिया के सबसे खतरनाक गेंदबाज भी उनसे बच नहीं पा रहे हैं. अभी तक खेले गए 4 मैचों में वैभव सूर्यवंशी ने 200 रन बना लिए हैं, जिसमें 2 अर्धशतक शामिल हैं. सबसे बड़ी बात उनका स्ट्राइक रेट है, जो 266.66 का है. उन्होंने इन रनों में 18 चौके और 18 छक्के जड़े हैं.

स्टार गेंदबाजों का स्वागत बाउंड्री से साथ

वैभव सूर्यवंशी की सबसे बड़ी खासियत यह है कि वह बड़े-बड़े गेंदबाजों की पहली गेंद पर ही बाउंड्री लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं. उन्होंने अब तक जोश हेजलवुड, जसप्रीत बुमराह, ट्रेंट बोल्ट और मैट हेनरी जैसे वर्ल्ड क्लास गेंदबाजों की पहली गेंद को बाउंड्री पार पहुंचाया है.

राजस्थान रॉयल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला गया मैच जोश हेजलवुड का इस सीजन में पहला मैच था. वैभव सूर्यवंशी पहली ही बार इस गेंदबाज के सामने खेल रहे थे, लेकिन उन्होंने उनकी पहली गेंद पर चौका और दूसरी गेंद पर एक और चौका जड़ दिया. जिसे देखकर हर कोई चौंक गया. जोश हेजलवुड के खिलाफ ऐसे तेवर काफी कम बल्लेबाज ही दिखा पाते हैं.

बुमराह-बोल्ट को लिया आड़े हाथों

इससे पहले मुंबई इंडियंस के खिलाफ उन्होंने जसप्रीत बुमराह और ट्रेंट बोल्ट की गेंदों पर भी कुछ ऐसा ही किया था. जसप्रीत बुमराह की पहली ही गेंद पर छक्का जड़ा था. उन्होंने बुमराह के खिलाफ 1 ही ओवर में 2 छक्के लगाए थे, जो किसी करिश्मे से कम नहीं है. फिर ट्रेंट बोल्ट के खिलाफ भी पहली गेंद पर छक्का ठोक दिया था. वहीं, चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैट हेनरी का स्वागत भी उन्होंने इसी अंदाज में किया था. उन्होंने मैट हेनरी की पहली ही गेंद पर चौका लगाया था.

अब खेल में भी एलपीजी संकट का साया!

दिल्ली के जेएलएन स्टेडियम का पूरा मामला; खिलाड़ियों पर क्या असर?

नई दिल्ली, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) मुख्यालय के कर्मचारी पिछले दो सप्ताह से अधिक समय से बाहर से खाना मंगाने को मजबूर हैं, क्योंकि एलपीजी सिलेंडरों की कमी और बढ़ती कीमतों के कारण कार्यालय की कैंटीन बंद है। सूत्रों ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस को बताया कि देश में संकट के चलते एलपीजी सिलेंडरों की कमी के कारण कैंटीन 15 दिनों से बंद है।

एक सूत्र ने आईएएनएस को बताया कि एसएआई मुख्यालय की कैंटीन में प्रतिदिन 150 कर्मचारियों को नाश्ता और शाम का नाश्ता परोसा जाता था। एलपीजी की कमी के कारण कैंटीन बंद होने के बाद से पिछले 15 दिनों से मुख्यालय के कर्मचारियों को बाहर से खाना मंगवाना पड़ रहा है।

हालांकि, सूत्रों ने बताया कि जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में ठहरे खिलाड़ियों को भोजन परोसने वाली कैंटीन एलपीजी की कमी से प्रभावित नहीं है और खिलाड़ियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है। एक सूत्र ने बताया कि जेएलएन स्टेडियम में शिविर में मौजूद खिलाड़ियों के लिए ही भोजन उपलब्ध कराने वाली कैंटीन पूरी तरह से चालू है।

खबरों के मुताबिक, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम स्थित एसएआई परिसर में यह कैंटीन लगभग एक महीने से बंद है। हालांकि, स्टेडियम में प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ियों पर इसका कोई असर नहीं पड़ा है, क्योंकि उन्हें स्टेडियम के मेस में भोजन मिलता रहेगा, जो सामान्य रूप से चल रहा है और केवल खिलाड़ियों के लिए ही भोजन उपलब्ध कराता है।

एसएआई परिसर के अंदर स्थित स्टाफ कैंटीन को विक्रेता की शिकायत के बाद बंद कर दिया गया, जिसमें कहा गया था कि एलपीजी की कीमतों में भारी वृद्धि के कारण कैंटीन चलाना असंभव हो गया है। शुरुआत में, एलपीजी सिलेंडरों की कमी के कारण विक्रेता ने केवल चाय परोसने का फैसला किया था। लेकिन, सूत्रों के अनुसार, उसने जल्द ही चाय परोसना भी बंद कर दिया क्योंकि गैस की ऊंची कीमत के कारण सेवाएं चलाना असंभव हो गया था।

कोलकाता टीम एक भी मैच नहीं जीत रही

रन बनाने में टॉप-5 में कोलकाता नाइट राइडर्स के 2 बल्लेबाज

मुंबई, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। आईपीएल 2026 सीजन को शुरू हुए करीब 2 हफ्ते हो गए हैं और कुछ टीमें अभी से बढ़त लेती हुई दिख रही हैं. वहीं कुछ टीम ऐसी भी हैं, जिनकी शुरुआत अच्छी नहीं रही है. वहीं एक टीम ऐसी भी है, जिसको अभी तक एक भी जीत नहीं मिली है लेकिन रन बनाने के मामले में उसके बल्लेबाज काफी आगे हैं.

ये टीम है कोलकाता नाइट राइडर्स, जिसने अपने शुरुआती 4 में से 3 मैच गंवाए हैं, जबकि सिर्फ एक मैच जिसमें उसे हार नहीं मिली वो बारिश के कारण रद्द हो गया था. इसके चलते ही अभी तक कोलकाता के खाते में 1 पॉइंट है.

मगर रन बनाने के मामले में उसके कप्तान अजिंक्य रहाणे और युवा बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी कई दिग्गजों से आगे हैं. ये दोनों ही बल्लेबाज फिलहाल ऑरेंज कैप की रेस में टॉप-5 में शामिल हैं.

कोलकाता के उभरते सितारे अंगकृष रघुवंशी ने अभी तक 4 मैच में 155 रन बनाए हैं, जिसमें 2 अर्धशतक हैं. वो तीसरे स्थान पर हैं. वहीं कप्तान रहाणे 4 पारियों में 124 रन बनाकर पांचवें स्थान पर हैं.

हालांकि लिस्ट में अभी भी टॉप पर राजस्थान रॉयल्स के स्टार ओपनर यशस्वी जायसवाल हैं, जिन्होंने 3 पारियों में 170 रन बनाए हैं. वहीं दूसरे पर दिल्ली के समीर रिजवी (160 रन) और चौथे पर हैदराबाद के हेनरिख क्लासन (145) हैं.

पीएसएल में हाई-वोल्टेज ड्रामा! उस्मान तारिक की बॉलिंग खेलने से डेरिल मिचेल का इनकार

इस्लामाबाद, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान सुपर लीग 2026 काफी विवादों में रहा है. अब टूर्नामेंट में एक और हाई-वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला है. पाकिस्तान के स्टार गेंदबाज उस्मान तारिक अपने एक्शन के कारण चर्चा का विषय रहते हैं. अब पीएसएल के एक मैच के दौरान न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज डेरिल मिचेल ने उनकी गेंद खेलने से इनकार कर दिया. इसी बीच अंपायर को समझाने के लिए आना पड़ा. इसी का वीडियो अब सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है, जहां फैंस उस्मान तारिक का मजाक बना रहे हैं. पाकिस्तान सुपर लीग में क्वेटा ग्लैडिएटर्स और रावलपिंडी पिंडीज के बीच मैच हुआ. इस मुकाबले में दूसरी पारी के दौरान रावलपिंडी के बल्लेबाज डेरिल मिचेल ने क्वेटा के मिस्ट्री स्पिनर उस्मान तारिक की गेंद खेलने से इनकार कर दिया. उस्मान अपने रुकने वाले एक्शन के साथ क्रीज के करीब पहुंचे, तो मिचेल हट गए. इसके बाद जब उस्मान अगली गेंद डालने लगे, तब भी डेरिल हट गए. वो एक्शन में रुकावट से खुश नहीं नजर आ रहे थे.

फिल साल्ट का खराब फॉर्म जारी

लगातार तीसरी बार डक पर हुए आउट, बनाया शर्मनाक रिकॉर्ड

गुवाहाटी, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। आईपीएल 2026 का 16वां मुकाबला राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जा रहा है। गुवाहाटी के बरसापारा स्टेडियम में हो रहे इस मुकाबले में राजस्थान ने टॉस जीता बॉलिंग चुनी। पहले बैटिंग करने उतरी बेंगलुरु टीम की शुरुआत खराब रही। टीम के ओपनर बैटर फिल साल्ट बिना खाता खोले आउट हो गए। इसके साथ ही उनके नाम एक शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज हो गया।

साल्ट के आईपीएल करियर में ऐसा तीसरी बार हुआ है जब वो पहली ही गेंद पर आउट हुए हैं। उन्होंने इस लीग में सर्वाधिक बार मैच की पहली गेंद पर आउट होने का शर्मनाक रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज करा लिया है। साल्ट को मैच में जोफ्रा आर्चर ने ध्रुव जुरेल के हाथों कैच कराकर पवेलियन रवाना किया। इस मामले में पहले स्थान पर पार्थिव पटेल हैं, जो कि चार बार पहली गेंद पर आउट हुए हैं। साल्ट अब ड्वेन ब्रावो, पृथ्वी शॉ और केएल राहुल के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं।

रजत पाटीदार ने खेली कप्तानी पारी

पहले बल्लेबाजी करने उतरी बेंगलुरु की शुरुआत अच्छी नहीं रही टीम ने पावरप्ले में 61 रन बनाने में 3 विकेट गंवा दिए थे और 100 रन के अंदर टीम के 6 विकेट गिर गए थे। संकट में फंसी टीम को कप्तान रजत पाटीदार ने अपनी शानदार बैटिंग से बाहर निकाला। उन्होंने 40 बॉल पर 63 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में 4 चौके और 4 छक्के लगाए। उनसे पहले विराट कोहली ने 16 गेंदों पर 32 रन की पारी खेली। आखिरी ओवरों में वेंकटेश अय्यर 15 गेंदों पर 29 रन की पारी खेली। जोफा आर्चर, रवि बिश्नोई और बृजेश शर्मा को 2-2 सफलता मिलीं।

मोहम्मद रिजवान लगातार 4 हार के बाद बने मोटिवेशनल स्पीकर

दिया ऐसा ज्ञान कि टीम की हुई यूं बेइज्जती

रावलपिंडी, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। पीएसएल 2026 में रावलपिंडीज की टीम के लिए सफर अब तक किसी बुरे सपने जैसा रहा है। लगातार पांच मैचों में हार का सामना करने के बाद टीम का आत्मविश्वास पूरी तरह डगमगा चुका है। ऐसे कठिन समय में टीम के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने अपनी टीम के खिलाड़ियों को एक स्पीच दी। हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में रिजवान ग्राउंड पर खिलाड़ियों को इकट्ठा कर एक भावुक और जोश से भरा भाषण देते नजर आ रहे हैं। लेकिन उनकी इस स्पीच का भी लोगों ने मजाक बनाना शुरू कर दिया है।

आसान जीत में मजा नहीं- मोहम्मद रिजवान

खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए रिजवान ने कहा कि आसानी से जीत दर्ज करना कोई बड़ी बात नहीं है। उन्होंने अपने बयान में कहा, 'आसानी से चार मैच जीतना, पांच जीतना, छह जीतना या दस जीतना और फिर क्वालीफायर खेलकर फाइनल खेलना, यह सब अजीब सा लगता है। असली मजा तो तब है जब किसी को आपसे उम्मीद न हो।'

रिजवान ने खिलाड़ियों को दी हिम्मत

मोहम्मद रिजवान ने खिलाड़ियों को समझाया कि इतिहास वही टीमें रचती हैं जो शून्य से उठकर शिखर तक पहुंचती हैं। उन्होंने अपनी टीम को कहा, 'मगर जहां पर किसी की भी सोच नहीं है किसी टीम से किसी की उम्मीद भी नहीं है वहां से जब टीम उठती है तो वह टीम नजर आती है। फिर सारे लोग उसके पीछे जाते हैं वह अपनी स्टोरी बताते हैं अपनी हिस्ट्री बताते हैं कि क्या हुआ और कैसे हुआ।'

पिछले मैचों को भूलने की सलाह

लगातार मिल रही हार के दबाव को कम करने के लिए रिजवान ने स्पष्ट किया कि पिछला प्रदर्शन अब मायने नहीं रखता। उन्होंने टीम से कहा, 'ये हिम्मत वाले लोगों के काम हैं और यहां से हिम्मत वालों का पता चलता है। चार मैच खत्म हो चुके हैं, हमारा टूर्नामेंट वहां पर था ही नहीं। सिंपल सी बात है।'

5वां मैच भी हार गई टीम

हालांकि रिजवान की इस स्पीच का टीम के खिलाड़ियों पर कोई खास फर्क पड़ा नहीं और टीम अपना 5वां मैच भी हार चुकी है। टीम को हाल ही में क्वेटा ग्लैडिएटर्स ने 61 रन से हरा दिया। क्वेटा ग्लैडिएटर्स के खिलाफ 182 रन के टारगेट का पीछा करते हुए रावलपिंडीज की टीम सिर्फ 121 रन पर ऑलआउट हो गई। इस मैच में खुद रिजवान पहली ही गेंद पर आउट हो गए।

मैंने आपकी कप्तानी में डेब्यू किया

रोहित शर्मा के मुंबई इंडियंस में 15 साल, हार्दिक पंड्या ने बधाई दी

मुंबई, 11 अप्रैल (एजेंसियां)। मुंबई इंडियंस में रोहित शर्मा के 15 साल पूरे हो गए हैं। 2011 के मेगा ऑक्शन में फ्रेंचाइजी ने रोहित को खरीदा था। उससे पहले वह डेक्कन चार्जर्स का हिस्सा थे। उस सीजन 10 अप्रैल को मुंबई ने दिल्ली के खिलाफ अपना पहला मैच खेला था। वह फ्रेंचाइजी के लिए रोहित शर्मा का भी पहला मैच था। रोहित की कप्तानी में मुंबई इंडियंस ने 5 बार आईपीएल का खिताब जीता है। फ्रेंचाइजी में उनके 15 साल पूरे होने पर वर्तमान कप्तान हार्दिक पंड्या ने फ्रेंचाइजी की तरफ से रोहित को गिफ्ट दिया।

रोहित के लिए हार्दिक ने क्या कहा?

इस मौके पर मुंबई इंडियंस के वीडियो में हार्दिक पंड्या ने कहा- रो, 15 साल पूरे होने की बधाई। इस फ्रेंचाइजी के लिए इतने सालों तक जिस तरह से आपने लीड किया है, उसके लिए आपका धन्यवाद। मैंने अपना डेब्यू किया, बूम ने किया, हममें से बहुत से लोगों ने आपकी कप्तानी में ही अपना डेब्यू किया है। इस फ्रेंचाइजी के लिए और साथ ही भारत के लिए खेलने आए इतने सारे लोगों को प्रेरित करने के लिए आपका धन्यवाद। एक इंसान के तौर पर आप अद्भुत और शानदार रहे हैं। आप बहुत ही मिलनसार और खुले विचारों वाले रहे हैं। आपने हमेशा आगे बढ़कर नेतृत्व किया है, इसलिए आपको बहुत-बहुत बधाई और इतने सालों तक जिस तरह से आपने टीम को संभाला है, उसके लिए आपका तहे दिल से शुक्रिया।

मुंबई इंडियंस के लिए रोहित का रिकॉर्ड

तीन साल डेक्कन चार्जर्स से खेलने का बाद रोहित शर्मा पर मुंबई इंडियंस ने 2011 में सबसे बड़ी बोली लगाई थी। वह उस सीजन के चौथे सबसे महंगे खिलाड़ी थे। 2 मिलियन डॉलर में वह मुंबई इंडियंस में शामिल हुए थे। 2013 सीजन के बीच में मुंबई ने रोहित को कप्तान बनाया और उसी सीजन टीम पहली बार चैंपियन बनी। इसके बाद 2015, 2017, 2019 और 2020 में रोहित शर्मा की कप्तानी में मुंबई इंडियंस ने आईपीएल का खिताब जीता। 2023 तक वह टीम के कप्तान थे। 158 मैचों में उन्होंने मुंबई इंडियंस की कमान संभाली और टीम ने 87 जीत हासिल की।



महात्मा ज्योतिराव फुले जयंती के अवसर पर नई दिल्ली स्थित अपने आवास में मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान सांसद मल्लू रवि भी उपस्थित रहे।

नहर में नहाने गया युवक लापता, डूबने की आशंका

करीमनगर, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। हुजूराबाद कस्बे के पास काकातिया नहर में शनिवार को एक युवक के डूबने की आशंका है। पुलिस के अनुसार 28 वर्षीय विजय नहर में नहाने के लिए उतरा था, लेकिन तेज बहाव के कारण वह लापता हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक की तलाश शुरू कर दी। विजय महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले के बिलोली मंडल के सागरल्ली गांव का रहने वाला बताया गया है।

द्रविड़ राज्यों को कमजोर करने की दिशा में काम कर रही है केंद्र सरकार : भट्टी

महात्मा फुले जयंती कार्यक्रम में डिप्टी सीएम का केंद्र पर निशाना

हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। रविंद्र भारती, हैदराबाग में आयोजित महात्मा फुले द्विशताब्दी जयंती समारोह में तेलंगाना के डिप्टी सीएम भट्टी विक्रमार्क मल्लू ने केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखी टिप्पणी करते हुए सामाजिक न्याय, जातीय गणना और दक्षिणी राज्यों के अधिकारों पर विस्तार से अपनी बात रखी। डिप्टी सीएम ने कहा कि यदि 2011 की जनगणना के आधार पर ही निर्वाचन क्षेत्रों का पुनर्विभाजन किया गया तो दक्षिणी राज्यों का अस्तित्व ही संकट में पड़ जाएगा।

उन्होंने चेतावनी दी कि जातीय गणना को नजरअंदाज कर पुनर्विभाजन किया गया तो इसके गंभीर परिणाम सामने आएंगे और इससे कमजोर वर्गों को भारी नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि दक्षिणी राज्य सामाजिक परिवर्तन के लिए केंद्र पर दबाव बना रहे हैं, लेकिन केंद्र सरकार द्रविड़ राज्यों को कमजोर करने की दिशा में काम कर रही है। करों के बंटवारे में भेदभाव का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि तेलंगाना से केंद्र को एक रुपया जाने पर केवल 37 पैसे वापस मिलते हैं, जबकि तमिलनाडु को 29 पैसे और केरल को 61 पैसे ही लौटाए जाते हैं। वहीं उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों को अधिक हिस्सा मिलने का उदाहरण भी उन्होंने दिया। भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि राज्य में फ्यूडल ताकतों के पुनर्गठन की कोशिश हो रही है और बहुजन समाज को एकजुट होकर जन सरकार को मजबूत बनाए रखना चाहिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि उनकी सरकार हर परिस्थिति में सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने जातीय सर्वेक्षण कर यह पाया है कि तेलंगाना में 56 प्रतिशत आबादी पिछड़ा वर्ग (बीसी) की है।

इसी आधार पर स्थानीय निकायों, शिक्षा और नौकरियों में 42 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रस्ताव पारित कर केंद्र को भेजा गया है, जो फिलहाल लंबित है। उन्होंने उम्मीद जताई कि केंद्र सरकार इसे जल्द मंजूरी देगी। डिप्टी सीएम ने कहा कि एससी-एसटी सब प्लान की तरह बीसी सब प्लान पर भी सरकार विचार करेगी। उन्होंने कहा कि जनसंख्या के अनुपात में संसाधनों का आवंटन ही एक समान और न्यायपूर्ण समाज के निर्माण का आधार बन सकता है। महात्मा फुले के योगदान को याद करते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने सामाजिक भेदभाव के खिलाफ संघर्ष कर समाज सुधार की मजबूत नींव रखी। महिलाओं की शिक्षा और समानता के लिए उनके प्रयास आज भी प्रेरणास्रोत हैं। डिप्टी सीएम ने घोषणा की कि 2 जून से सरकारी स्कूलों में 20 लाख छात्रों के लिए नाश्ता योजना शुरू की जाएगी। साथ ही प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं से युक्त पब्लिक स्कूल स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा को हथियार बनाकर ही समतामूलक समाज का निर्माण संभव है और इसी उद्देश्य से राज्य सरकार ने बजट में शिक्षा विभाग को 13.5 प्रतिशत निधि आवंटित की है। कार्यक्रम में विभिन्न जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

फुले जयंती पर केसीआर ने दी श्रद्धांजलि

हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के अध्यक्ष के. चंद्रशेखर राव ने शनिवार को महात्मा ज्योतिराव फुले की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि फुले के आदर्श आज भी समाज के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने जाति, वर्ग और लिंग भेदभाव को खत्म करने के लिए काम किया और सामाजिक न्याय की दिशा में अहम भूमिका निभाई।

केसीआर ने महिला सशक्तिकरण में फुले के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले को शिक्षित कर महिलाओं की शिक्षा की शुरुआत की। केसीआर ने अपनी सरकार के कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि फुले के आदर्शों पर चलते हुए कई कल्याणकारी योजनाएं लागू की गईं। उन्होंने बताया कि सिंचाई परियोजनाएं, मुफ्त बिजली, रायथु बंधु और रायथु बीमा जैसी योजनाओं से किसानों को लाभ मिला।

उन्होंने कहा कि भेड़ वितरण, मत्स्य पालन और बुनकरों के लिए चलाई गई योजनाओं से दलित और बहुजन समाज को आर्थिक मजबूती मिली है।

आईटीडीए को सशक्त बनाने पर जोर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

केन्द्र और राज्य के कई अधिकारियों ने लिया भाग

हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्र सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय, दिल्ली ने आज हैदराबाद के मसाब टैंक स्थित जनजातीय कल्याण विभाग के कार्यालय में जनजातीय सांस्कृतिक और प्रशिक्षण संस्थान, कल्याण विभाग के तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया।

इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य तेलंगाना और आंध्र प्रदेश राज्यों में एकीकृत जनजातीय विकास एजेंसियों (आईटीडीए)को सशक्त बनाने के उपायों पर चर्चा करना था। केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय की निदेशक डॉ. वर्णली डेका ने इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। सभा को संबोधित करते हुए, जनजातीय सांस्कृतिक और प्रशिक्षण संस्थान की निदेशक डॉ. वी. समुज्वला ने कार्यक्रम के प्राथमिक उद्देश्य पर प्रकाश डाला और तेलंगाना तथा आंध्र प्रदेश, दोनों राज्यों के जनजातीय कल्याण विभागों और आईटीडीएसे आए अधिकारियों का स्वागत किया, जो इस कार्यशाला में भाग ले रहे थे। जनजातीय कल्याण विभाग के निदेशक संतोष बी.एम. द्वारा दिए गए परिचयात्मक संबोधन के बाद विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इन चर्चाओं में दोनों राज्यों में आईटीडीए की वर्तमान स्थिति, उन्हें सशक्त बनाने की रणनीतियाँ, कार्यान्वयन नीतियों में अंतर, तथा निधियों के उपयोग से संबंधित प्रक्रियाएँ शामिल रहीं। इस दौरान यह भी रेखांकित किया गया कि आईटीडीए के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और बुनियादी ढाँचे के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। जनजातीय क्षेत्रों में आजीविका के अवसरों को बढ़ाने के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों, युवा प्रशिक्षण पहलों और कैंपस प्लेसमेंट अभियानों के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया गया। तेलंगाना एकेडमी फॉर स्किल एंड नॉलेज के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षण देने के विषय पर भी विचार-विमर्श किया गया। साथ ही, जनजातीय अधिकारों की सुरक्षा, वन अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन, भूमि विवादों के समाधान और प्रवासन पर नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा हुई। सैद्धांतिक रूप से यह निर्णय लिया गया कि ग्राम स्तर पर कार्ययोजनाएँ तैयार कर उन्हें लागू किया जाएगा। जनजातीय शिक्षा के क्षेत्र में स्थानीय भाषाओं में प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध कराने, करियर मार्गदर्शन को सुदृढ़ करने तथा आश्रम विद्यालयों के उन्नयन को प्राथमिकता देने का सुझाव दिया गया। इसके अतिरिक्त, आदिवासी सहकारी समितियों के माध्यम से पेट्रोल, एलपीजी, बीज और उर्वरकों के खुदरा आउटलेट स्थापित करने तथा महिला स्वयं सहायता समूहों के जरिए आजीविका कार्यक्रम विकसित करने पर भी चर्चा केंद्रित रही। बैठक में मुलुगु जिले के कलेक्टर दिवाकर, आदिवासी कल्याण विभाग के अतिरिक्त निदेशक विट्टा सर्वेश्वर रेड्डी, संयुक्त निदेशक संध्यारानी, आंध्र प्रदेश आदिवासी कल्याण विभाग की संयुक्त निदेशक हेमलता सहित विभिन्न आईटीडीए परियोजना अधिकारी, उप-परियोजना अधिकारी, जिला आदिवासी कल्याण अधिकारी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

मंगलहाट में पुलिस का सर्च ऑपरेशन

बड़ी मात्रा में सिलेंडर व शराब जब्त

हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। शनिवार तड़के हैदराबाद पुलिस ने शहर के मंगलहाट इलाके में घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया।

इस दौरान पुलिस ने अलग-अलग जगहों से बड़ी मात्रा में एलपीजी सिलेंडर और शराब बरामद की। अभियान के दौरान 10 घरेलू, 7 व्यावसायिक और 79 छोटे एलपीजी सिलेंडर जब्त किए गए। इसके अलावा एक 'बेल्ट शॉप' से 41 लीटर बीयर और 8 लीटर व्हिस्की भी बरामद हुई। पुलिस ने तीन ऑटो-रिक्शा से 15 छोटे सिलेंडर जब्त किए और दस्तावेज न दिखाने पर 28 दोपहिया वाहन भी सीज कर दिए। यह कार्रवाई डीसीपी (गोलकोंडा) बी. चंद्र मोहन की निगरानी में की गई, जिसमें करीब 200 पुलिसकर्मी शामिल रहे। अभियान अपर धूलपेट, टकरवाड़ी, लाल भवन, जिंगुर बस्ती समेत आसपास के इलाकों में चलाया गया।

TS09PA4642
POLICE

गायिका मंगली पर 10 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला दर्ज

हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। पुंजागुट्टा पुलिस ने गायिका मंगली के खिलाफ माइक्रोफाइनेंस योजना के नाम पर कथित रूप से 10 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। अधिवक्ता सुब्बा राव ने आरोप लगाया है कि मंगली ने इस योजना के जरिए उनसे बड़ी रकम ठगी है। उन्होंने मंगली समेत तीन अन्य लोगों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। वकील ने यह भी दावा किया है कि उन्हें जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पुलिस ने मामले में बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एलपीजी की कमी से ऑटो और होटल व्यवसाय प्रभावित

हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। शहर में व्यावसायिक और ऑटो एलपीजी की कमी के कारण सार्वजनिक परिवहन और होटल व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। यह समस्या करीब एक महीने पहले अंतरराष्ट्रीय तनाव के बाद शुरू हुई और अब तक जारी है। एलपीजी की कमी के चलते कई छोटे होटल और चाय की दुकानें बंद हो गई हैं, जबकि कुछ जगहों पर खाना बनाने के लिए लकड़ी का इस्तेमाल किया जा रहा है। होटल संचालकों का कहना है कि गैस की कमी से उनका कारोबार प्रभावित हो रहा है और मुनाफा घट गया है। कमर्शियल एलपीजी की सीमित आपूर्ति के कारण केवल कुछ ही होटलों को गैस मिल पा रही है, जबकि बाकी लोग लकड़ी के चूल्हे का सहारा ले रहे हैं। इससे रसोइयों को धुएं के कारण स्वास्थ्य समस्याएं भी हो रही हैं। वहीं, कुछ दुकानदारों ने गैस की कमी के चलते खाने-पीने की चीजों के दाम भी बढ़ा दिए हैं।

ऑटो चालकों को भी महंगी गैस की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। सरकारी पेट्रोल पंपों पर गैस करीब 90 रुपये प्रति लीटर मिल रही है, जबकि निजी पंपों पर इसकी कीमत 120 से 130 रुपये तक पहुंच गई है। कम कीमत के कारण सरकारी पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लग रही हैं। ऑटो चालकों का कहना है कि यात्री ज्यादा किराया देने को तैयार नहीं हैं, इसलिए वे सस्ती गैस के लिए लंबा इंतजार करने को मजबूर हैं।

रंगारेड्डी में दुकानों की नीलामी को मिली-जुली प्रतिक्रिया

हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। रंगारेड्डी जिले में डबल बेडरूम हाउसिंग सोसाइटी कॉम्प्लेक्स की व्यावसायिक दुकानों की नीलामी को बोलीदाताओं से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली। आठ स्थानों पर हुई नीलामी में चार जगह अच्छी भागीदारी रही, जबकि बाकी चार स्थानों पर उम्मीद से कम रुचि दिखाई दी। गुरुवार को थातियानाराम, हट्टीगुडा, थिम्मैगुडा और अब्दुल्लापुर में 92 दुकानों की नीलामी हुई, लेकिन इनमें से केवल 30 दुकानें ही बिक सकीं। अधिकारियों का कहना है कि ये इलाके मुख्य सड़कों से दूर होने के कारण खरीदारों की रुचि कम रही। विभाग अब बची हुई दुकानों की नीलामी पर आगे निर्णय लेगा।

वहीं, शुक्रवार को मनखल, मानसनपल्ली, नरसिंगी और शंकरपल्ली में हुई नीलामी में भारी मांग देखने को मिली। शंकरपल्ली की सभी 79 दुकानें बिक गईं और उनकी कीमतें तय न्यूनतम दर से काफी अधिक रहीं। इसी तरह मनखल और नरसिंगी में भी सभी दुकानें बिक गईं, जबकि मानसनपल्ली में 57 में से 39 दुकानें ही बिक सकीं। ये दुकानें पहले आवासीय सोसाइटी को किराये से आय दिलाने के लिए बनाई गई थीं, लेकिन किराया न मिलने और विवादों के कारण अब इन्हें नीलाम किया जा रहा है। अगले सप्ताह हैदराबाद, मेडचल-मल्काजगिरि और संगारेड्डी में भी बड़ी संख्या में दुकानों की नीलामी की जाएगी।

तेलंगाना में धान बोनस योजना पर पुनर्विचार, किसानों में चिंता

हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। चावल के ज्यादा उत्पादन को देखते हुए केंद्र सरकार ने धान उगाने वाले राज्यों से उनकी प्रोत्साहन योजनाओं की समीक्षा करने को कहा है। इसके बाद तेलंगाना सरकार रबी सीजन से उत्तम धान (सन्ना वडलू) पर दिए जा रहे 500 रुपये प्रति क्विंटल बोनस को बंद करने पर विचार कर रही है। यह बोनस पहले अच्छी गुणवत्ता वाले धान की खेती बढ़ाने के लिए शुरू किया गया था, जिससे उत्पादन में काफी बढ़ोतरी हुई और राज्य में रिकॉर्ड खरीद हुई। लेकिन अब ज्यादा उत्पादन के कारण चावल का स्टॉक बढ़ गया है, जिससे भंडारण और अन्य खर्च भी बढ़ रहे हैं।

आबकारी आयुक्त पर बीआरएस का हमला, दुर्व्यवहार के आरोप लगाए

हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने आबकारी आयुक्त सी. हरि किरण पर विभाग के कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार करने और खराब कार्य वातावरण बनाने का आरोप लगाया है। पार्टी ने कांग्रेस सरकार की भी आलोचना करते हुए कहा कि महत्वपूर्ण पदों पर आंध्र प्रदेश के अधिकारियों को तैनात किया जा रहा है और तेलंगाना के कर्मचारियों को नजरअंदाज किया जा रहा है। पूर्व आबकारी मंत्री वी. श्रीनिवास गौड़ ने शनिवार को निजामाबाद के उपायुक्त वी. सोमी रेड्डी से अस्पताल में मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने आयुक्त हरि किरण को तुरंत हटाने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि आयुक्त के व्यवहार से कर्मचारियों का मनोबल गिर रहा है और उन्हें मानसिक दबाव झेलना पड़ रहा है। श्रीनिवास गौड़ ने कहा कि कई अहम पद बाहरी अधिकारियों को दिए जा रहे हैं, जबकि स्थानीय कर्मचारियों के साथ गलत व्यवहार हो रहा है। उन्होंने सोमी रेड्डी को ईमानदार अधिकारी बताते हुए कहा कि उन्हें बेवजह निशाना बनाया गया। उन्होंने विभाग में भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए और कुछ अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठाए। साथ ही कुकाटपल्ली में आंध्र प्रदेश की शराब मिलने पर भी जांच की मांग की। अंत में उन्होंने हरि किरण की नियुक्ति की जांच कराने और जिम्मेदार लोगों की पहचान करने की मांग की।

फिल्मी अंदाज में गांजा तस्कर गिरफ्तार, पुलिसकर्मी पर किया हमला

जगतियाल, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। कोरुतला कस्बे में शुक्रवार रात पुलिस ने फिल्मी अंदाज में पीछा कर एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया। आरोपी ने वाहन चेकिंग के दौरान एक पुलिसकर्मी पर हमला कर भागने की कोशिश की थी। सूचना के आधार पर पुलिस वेमुलावाड़ा रोड पर जांच कर रही थी, तभी मोहम्मद यासीन संदिग्ध हालत में मोटरसाइकिल पर मिला। तलाशी लेने पर उसके पास से करीब 50 ग्राम गांजा बरामद हुआ। उसने बताया कि वह निजामाबाद से गांजा लेकर कोरुतला जा रहा था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने कांस्टेबल प्रवीण पर हमला कर दिया और बाइक से भाग निकला। पुलिस टीम ने तुरंत उसका पीछा किया और कुछ ही देर में उसे पकड़ लिया। पुलिस ने गांजा और बाइक जब्त कर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और पुलिसकर्मी पर हमला करने की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

चोरी हुआ एटीएम बरामद, अक्कापल्ली के पास मिला

राजन्ना-सिरसिल्ला, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। येल्लारेड्डीपेट स्थित एसबीआई एटीएम केंद्र से शुक्रवार रात चोरी हुआ एटीएम शनिवार को अक्कापल्ली के पास बरामद कर लिया गया। चोर मशीन को बुग्गा राजेश्वर स्वामी मंदिर रोड पर छोड़कर फरार हो गए थे। सूचना मिलने पर सीआई वेंकटेश और उनकी टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्यों की जांच की। गौरतलब है कि चोर एटीएम को तोड़ नहीं पाए थे, जिसके बाद उन्होंने पूरी मशीन को ही उखाड़कर अपने साथ ले गए थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी और अब एटीएम को बरामद कर लिया गया है।

आबकारी आयुक्त पर कार्रवाई की मांग कर्मचारी संघ ने उठाई आवाज

हैदराबाद, 11 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना कर्मचारी संयुक्त कार्रवाई समिति (जेएसी) ने राज्य सरकार से मांग की है कि निजामाबाद के उपायुक्त वी. सोमी रेड्डी के साथ कथित दुर्व्यवहार के मामले में आबकारी आयुक्त सी. हरि किरण को तुरंत निलंबित किया जाए। कर्मचारी संघ के अध्यक्ष लचिरेड्डी और महासचिव ओ. राजशेखर ने बयान जारी कर आयुक्त के व्यवहार की कड़ी निंदा की। उन्होंने आरोप लगाया कि आयुक्त ने सोमी रेड्डी के साथ अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया और उन्हें अनुचित शब्द कहे। संघ ने मांग की है कि इस मामले की जांच के लिए एक विशेष समिति बनाई जाए और दोषी अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि आयुक्त का व्यवहार कर्मचारियों के प्रति लगातार खराब रहा है और वे अक्सर उन्हें अपमानित करते हैं। बताया गया कि निजामाबाद डिवीजन के उपायुक्त वी. सोमी रेड्डी ने आबकारी विभाग में करीब 30 वर्षों तक सेवा दी है। गुरुवार को काम को लेकर हुई फटकार के बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे बेहोश हो गए। उन्हें तुरंत नामपल्ली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत अब स्थिर बताई जा रही है।

हार्दिक बधाई

श्री शंकरसिंहजी राजपुरोहित दोरनड़ी

को पाली जिले, समाज की सबसे बड़ी संस्था - राजपुरोहित विकास समिति

के नवनिर्वाचित अध्यक्ष चुने जाने पर मंगलमय शुभकामनाएँ

आपके कार्यकाल में समाज प्रगति के पथ पर बढता रहे

...... शुभकामनाओं सहित ......

रामसिंह राजपुरोहित (नादाणा)
हीरसिंह राजपुरोहित (धाँगड़वास)
प्रवीणसिंह, हनुमानसिंह (लापी)
विक्रमसिंह राजपुरोहित (धनला)
नन्दुसिंह राजपुरोहित (बीदासर)
छेलेन्द्रसिंह राजपुरोहित (पाचवा कला)
विक्रमसिंह राजपुरोहित (सौनाणा)
अवतारसिंह राजपुरोहित (सोजत सिटी)
गणपत सीरवी (उदेशी कुआ)
महेन्द्रसिंह (बबलु) (भिवली)
नरेन्द्रसिंह राजपुरोहित (धांधीया)

P.Solankey

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.